


# आदिवासी एक्सप्रेस

**आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार**

रांची, मंगलवार
10 जून 2025
वर्ष: 38, अंक: 184
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



देश

खुद घुस जाओ अंदर... , अवनीत कौर के क्लीवेज पर फोकस करने पर भड़का ये एक्टर



झारखंड

दलित राजनीति को हवा देने में जुटी कांग्रेस, 11 जून को बुलाई गई बड़ी बैठक



हज़ारीबाग

उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की


# पेसा कानून को लेकर कांग्रेस ने चली सियासी चाल, जेएमएम की बढ़ाई चिंता

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची:** पेसा कानून को लेकर राज्य सरकार उलझन में है. विभाग द्वारा जारी नियमावली पर जहां मंथन का दौर चल रहा है, वहीं सत्तारूढ़ दल जेएमएम-कांग्रेस-राजद के अंदर कानून को लेकर समन्वय का साफ अभाव दिख रहा है.

सरकार की ओर से तैयार नियमावली का कई राजनीतिक, सामाजिक संगठन विरोध कर रहे हैं. वहीं सरना धर्मकोड के बाद पेसा कानून को लेकर कांग्रेस इन दिनों आक्रामक है. संगठन कार्यक्रम के जरिए सरकार पर दबाव बनाने में जुटी प्रदेश कांग्रेस की कोशिश ने जाहिर तौर पर जेएमएम की चिंता बढ़ा दी है. इधर कांग्रेस के बदले हुए रुख पर नजर रख रहे जेएमएम ने इसे राजनीतिक लाभ लेने के लिए की जा रही कोशिश करार दिया है.





जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडे कहते हैं कि पेसा कानून जेएमएम का पुराना एजेंडा रहा है, जिसको लेकर मुख्यमंत्री गंभीर हैं और सरकार के अंदर सत्तारूढ़ दलों के बीच ऐसे मुद्दे के लिए ही समन्वय समिति है, जिसमें रखी जा सकती है. उन्होंने कहा कि पार्टी पेसा कानून की पक्षधर है. इसमें काफी सोच समझकर कदम उठा रही है. हमने मुखरता के साथ इस मुद्दे पर सदन में भी समय समय पर बातों को रखा है.

पेसा कानून को लेकर प्रदेश कांग्रेस इन दिनों जिला स्तर पर कार्यक्रम कर रही है. इसी के तहत 11 जून को रांची में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला कांग्रेस ने पेसा को लेकर बुलाया है, जिसमें विभिन्न आदिवासी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के विचार जाने जाएंगे.

इन कार्यक्रमों के जरिए जनजातियों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कांग्रेस की कोशिश ने सरकार के सबसे प्रमुख घटक दल जेएमएम की चिंता बढ़ा दी है. क्योंकि पेसा एक ऐसा कानूनी हथियार है जिसके जरिए जनजाति क्षेत्र में हमेशा से राजनीति होती रही है.

कांग्रेस का मानना है कि उसके काल में जनजातियों को अधिकार संपन्न बनाने के लिए पेसा लाया गया था. इस पर सबसे पहले अधिकार किसी का है तो वह कांग्रेस का है.

कांग्रेस प्रवक्ता जगदीश साहू कहते हैं कि पेसा किसी पार्टी का दिया हुआ नहीं, बल्कि कांग्रेस का दिया हुआ कानून है, जिसे झारखंड में लागू करने के लिए हम कृत संकल्पित हैं. इसी के तहत इन दिनों कार्यशाला के जरिए लोगों से राय ली जा रही है, जिससे आदिवासियों को अधिक से अधिक अधिकार संपन्न बनाया जा सके.

पेसा देश के अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में लागू है. पेसा एक्ट पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्रों यानी जिन इलाकों में आदिवासियों की संख्या ज्यादा है वहां लागू होता है. वर्तमान में देश के दस राज्यों में यह व्यवस्था लागू है. जिसमें झारखंड और ओडिशा को छोड़कर शेष आठ राज्य ने अपनी नियमावली बना ली है.

पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार आठ राज्यों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश ने अपने संबंधित पंचायती राज कानूनों के तहत अपने राज्य पेसा नियमों को अधिसूचित किया है.

# लोहरदगा में हार्डकोर नक्सली ललिंद्र महतो गिरफ्तार



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**लोहरदगा:** लोहरदगा में हार्डकोर नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीपीआई (एम) नक्सली ललिंद्र महतो की लंबे समय से पुलिस को तलाश थी। वह वर्षों से फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ललिंद्र महतो लोहरदगा के आसपास में छुपा हुआ है। जिसके बाद छापेमारी दल का गठन कर लोहरदगा के आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए करचा टोली से सीपीआई (एम) के हार्डकोर नक्सली ललिंद्र महतो उर्फ राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। ललिंद्र महतो जिले के किस्को थाना क्षेत्र के सेमरडीह गांव निवासी स्वर्गीय लखन महतो का पुत्र हैं। वह पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था।

कई संगीन मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी। बताया जाता है कि लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी और 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला के कमांडेंट के निर्देशन में सोमवार को जी-कंपनी सशस्त्र सीमा बल किस्को के कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे और किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज के नेतृत्व में छापेमारी की गई। लोहरदगा के आसपास के क्षेत्र में छापेमारी अभियान में करचा टोली से सीपीएम हार्डकोर नक्सली ललिंद्र महतो उर्फ राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। नक्सली ललिंद्र महतो भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर 15 लाख रुपये के ईनामी रविंद्र गंझू के दस्ता का सदस्य भी रह चुका है। वह कई नक्सली घटनाओं में शामिल था। ललिंद्र महतो की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर पूर्व मंत्री गीताश्री को पुलिस ने सीएम के पहुंचने के पहले हिरासत में लिया



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को लेकर रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल में पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव समेत आदिवासी समाज के नेता जुटे थे। मौके पर जिला प्रशासन ने सभी को डिटेन करते हुए समाधि स्थल से बाहर निकाल कर एक बस में बैठकर भेज दिया।

गीताश्री उरांव सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहुंचने के पहले ही बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर अपने समर्थकों के साथ पहुंच गई। लेकिन प्रशासन की ओर से गीताश्री उरांव और उनके समर्थकों को मौके से हटा दिया गया।

दरअसल, रांची में सिरमटोली रैंप विवाद को लेकर गीताश्री उरांव आंदोलनरत हैं। वहीं भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल पर राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनीतिक दलों के नेता पुष्प अर्पित करने पहुंचते है। ऐसे में सुरक्षा कारणों से उन्हें हटाया गया है।

हालांकि पुलिस की ओर से उन्हें डिटेन कर बस में बैठाने के बाद लोगों ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। लगातार सिरमटोली रैंप को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। गीताश्री उरांव भी लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि गीताश्री उरांव के पिता बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर इस फ्लाईओवर का नामकरण किया गया है। बावजूद इसके आदिवासी समाज का आरोप है कि उनकी भावना को ठेस पहुंचाया गया है। वहीं विपक्ष की भारतीय जनता पार्टी भी लगातार आदिवासी समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ का आरोप हेमंत सोरेन सरकार पर लगा रही है।

# सस्पेंडेड IAS विनय चौबे और गजेंद्र सिंह समेत अन्य की न्यायिक हिरासत 23 जून तक बढ़ी



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में ACB द्वारा गिरफ्तार किये गये राज्य के वरीय IAS अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, उत्पाद विभाग के अधिकारी सुधीर दास, सुधीर कुमार एवं अन्य आरोपियों को ACB की विशेष न्यायालय के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पेश किया गया.

सोमवार की पेशी के बाद उक्त सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 23 जून तक बढ़ा दी गयी है. उल्लेखनीय है कि ACB ने 21 मई को राज्य के वरीय IAS अधिकारी विनय चौबे को शराब घोटाला से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

विनय चौबे और गजेंद्र सिंह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार के उनके ऊपर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए दोनों अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है. इस केस के बाद विनय चौबे के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज कर भी जांच की जा रही है.

# रांची में ऑटो चालकों की गुंडागर्दी! ट्रैफिक पुलिस पर जानलेवा हमला, जख्मी



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** राजधानी के कटहल मोड़ पर एक ऐसी घटना घटी है, जिसने पूरे पुलिस महकमे को सकते में डाल दिया है. ट्रैफिक व्यवस्था संभाले जवानों पर अचानक ऑटो चालकों का झुंड टूट पड़ा. नियम तोड़ने पर एक युवक को जवानों ने पकड़ा तो उसे छुड़ाने के लिए चार-पांच युवक टूट पड़े. जवानों पर मुक्के बरसाने लगे. देखते-देखते कई युवक जमा हो गये.

**ट्रैफिक जवानों पर जानलेवा हमला:** उस वक्त मौके पर एक ट्रैफिक और दो होमगार्ड जवान मौजूद थे. युवकों ने ट्रैफिक जवानों को पीटना शुरू कर दिया. लेकिन ट्रैफिक के जवानों ने हिम्मत नहीं हारी. एक जवान ने पास की दुकान से डंडा निकालकर उस युवक के पैर पर मारा, जो इस उपद्रव के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था. इसी बीच उसी युवक ने एक जवान पर पीछे पत्थर से हमला बोल दिया. सिर के पीछे पत्थर लगते ही होमगार्ड जवान रोहित गंझू जमीन पर गिर गया.

**हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश :** ट्रैफिक जवानों पर जानलेवा हमला करने के बाद सभी युवक फरार गये. इतना होने के बावजूद जवानों ने एक युवक को नहीं छोड़ा. उससे पूछताछ की जा रही है. रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने इस घटना को बेहद गंभीर बताया है. उन्होंने हमले में शामिल युवकों को तत्काल धर दबोचने और सलाखों के पीछे भेजने का निर्देश दिया है.

**आरोपियों पर सख्त कार्रवाई हो: होमगार्ड एसोसिएशन**

इधर, घायल होमगार्ड जवान रोहित गंझू का प्राथमिक उपचार कटहल मोड़ के पास मौजूद रिंची अस्पताल में कराया गया. फिलहाल घायल जवान का इलाज रांची के सदर अस्पताल में चल रहा है. रोहित मूल रूप से चतरा के रहने वाले हैं. खास बात है कि मौके वारदात पर मौजूद आम शहरवासियों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया.

# हजारीबाग ओपन जेल से 2 महिला समेत 3 विदेशी कैदी भागे, हड़कंप

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**हजारीबाग:** हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा स्थित ओपन जेल के होल्डिंग कैंप से तीन बांग्लादेशी कैदियों के फरार होने की खबर है। तीनों कैदी विदेशी नागरिक हैं। इनमें दो महिलाएं हैं। उन्हें भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में डिटेन किया गया था। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल हो गए हैं।

तीनों विदेशी कैदियों को डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि शुक्रवार देर रात या शनिवार तड़के तीनों जेल से भागने में सफल रहे। घटना का खुलासा होते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई और तलाशी अभियान तेज कर दिया गया।





**चाट ग्राम की रहने वाली निपाह अख्तर रांची जेल से हुई थी शिफ्ट :** वहीं बांग्लादेश के चाट ग्राम निवासी निपाह अख्तर खुशी को 28 सितंबर 2024 को रांची के होटवार जेल से हजारीबाग ओपन जेल ट्रांसफर किया गया था। उसके दाहिने हथेली और बाएं कोहनी के नीचे तिल का निशान है।

**बागेरहाट का रहने वाला मो. नजमूल हंग है मास्टरमाइंड:** दोनों बांग्लादेशी कैदियों के साथ बांग्लादेश के बागेरहाट का रहने वाला मोहम्मद नजमूल हंग भी फरार हो गया। उसके माथे पर बाएं हिस्से पर तिल और बाएं पैर पर जख्म का निशान है। बताया जा रहा है कि ओपर जेल से भागने की पूरी योजना नजमूल हंग ने ही बनाया और इस तरह से पूरी घटना को अंजाम दिया गया कि 24 घंटे तक किसी को कोई भनक तक नहीं लगी।

**जेल सुपरिटेंडेंट छुट्टी पर गए हैं दिल्ली :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेल सुपरिटेंडेंट फिलहाल छुट्टी पर दिल्ली गए हैं। बताया गया है कि तीनों कैदियों को पहले अलग-अलग जेलों में रखा गया था। बाद में सुरक्षा कारणों से उन्हें हजारीबाग ओपन जेल में शिफ्ट किया गया था। लेकिन इस घटना ने एक बार फिर जेल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल.

# गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**धनबाद:** विभिन्न मांगों को लेकर आजसू के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ बाघमारा थाना क्षेत्र बीसीसीएल ब्लॉक दो डूं प्वाइंट के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं.इसके पूर्व गिरिडीह सांसद ने ब्लॉक दो प्रबंधन को स्थानीय लोगों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने, प्रदूषण का समाधान करने, डेंजर जोन में बसे ग्रामीणों को सुरक्षित पुनर्वासित कराने की मांग को लेकर वार्ता की थी. साथ ही आउटसोर्सिंग कंपनियों में ड्यूटी कर रहे कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा था.साथ ही सभी मांगों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन बीसीसीएल ब्लॉक दो प्रबंधन की ओर से अब तक मांगें नहीं पूरी की गई हैं. इसके बाद सांसद अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं.इधर, आजसू के धरना-प्रदर्शन को लेकर भाजपा के नेताओं में नाराजगी है. ऐसे में भाजपा और आजसू के बीच





भिड़ंत होने की संभावना बढ़ गई है. तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए धरना स्थल पर सुरक्षा को लेकर स्थानीय थाना की पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल, सीआईएसएफ की तैनाती की गई है. साथ ही मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है.

इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए गिरिडीह सांसद ने कहा कि स्थानीय लोगों को विस्थापित करना, स्थानीय को रोजगार मुहैया कराना और प्रदूषण की समस्या का समाधान जब तक प्रबंधन नहीं करता है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय लोगों का शोषण कर रहा है. जो लोग आउटसोर्सिंग में ड्यूटी कर रहे हैं और सेलपीकर मजदूरों को मात्र 8 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है.

स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन पर लगाए कई आरोप :वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है. ब्लास्टिंग से घरों में दरारें आ गई हैं और बस्ती में जमीन के नीचे से आग निकल रही है. कभी कोई बीसीसीएल अधिकारी जांच करने तक नहीं आते हैं.

# रघुवर दास हुए रेस! राज्य सरकार को घेरने का नहीं छोड़ रहे मौका

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड भाजपा की कमान फिलहाल बाबूलाल मरांडी के पास है. बाबूलाल सदन में नेता प्रतिपक्ष भी हैं. राज्य सरकार को हर मसले पर घेरते रहते हैं. अलग बात है कि उनके ज्यादातर हमले सोशल मीडिया के जरिए होते हैं. इस बीच पार्टी में अलग-थलग पड़े रघुवर दास नए अंदाज में दिख रहे हैं. पार्टी में ना पद है और ना जिम्मेदारी और जवाबदेही, फिर भी सक्रिय हो गए हैं. हाल के कुछ महीनों में लगातार कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे हैं. हर उन मुद्दों को उठा रहे हैं, जो राज्य सरकार को नागवार गुजरे. आदिवासियत की पैरवी कर रहे हैं. इस सक्रियता की चर्चा तेज हो गई है. लोग इसकी वजह जानना चाह रहे हैं. हालांकि इस सवाल पर वह साफ कह चुके हैं कि उन्हें पद की लालसा नहीं है.





**रघुवर की सक्रियता के क्या हैं मायने:** वरिष्ठ पत्रकार शंभुनाथ चौधरी के मुताबिक रघुवर दास की सक्रियता के पीछे किसी बड़ी वजह से इनकार नहीं किया जा सकता. क्योंकि वे हर उस मुद्दे को उठा रहे हैं, जिसके जरिए राज्य सरकार को घेरा जा सके. जनवरी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद से अलग-अलग जिलों में सिलसिलेवार दौरे कर रहे हैं. हेमंत सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं. आदिवासी हित में पेसा कानून और घुसपैठ के मामले उठा रहे हैं.

वरिष्ठ पत्रकार शंभुनाथ चौधरी का कहना है कि जून में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है. मंडल का चुनाव कार्य पूरा हो चुका है. अब जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है. लिहाजा, जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं से मिलने के मतलब समझा जा सकता है. उनकी सक्रियता बता रही है कि उन्हें कुछ न कुछ संकेत जरूर मिला है. इस बात की पूरी संभावना है कि प्रदेश अध्यक्ष की कमान एक बार फिर उनको मिल जाए.

**रघुवर दास के हालिया कार्यक्रमों का लेखा-जोखा:** जामताड़ा के करमाटांड़ में सिदो कान्हू संथाल आदिवासी ओवार राकाप संगठन की ओर से आयोजित जन चौपाल में शामिल होकर ग्रामीणों से वार्ता की. आदिवासी हित में पेसा कानून लागू करने की मांग की. कहा कि राज्यपाल का पद छोड़कर जागरुकता और राजनीतिक चेतना फैलाने आया हूं.

दुमका में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद आदिवासियत की पैरवी की. कहा कि राज्य में एक ग्रुप की चाहत ईसाई प्रदेश की तो दूसरे की इस्लाम प्रदेश की है. यही स्थिति रही तो झारखंड बन जाएगा नागालैंड या मिजोरम. दुमका में रघुवर दास ने अपने राजनीतिक भविष्य के संबंध में कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा हूं. मुझे भारतीय जनता पार्टी ने काफी सम्मान दिया है. अब मुझे किसी पद की लालसा नहीं है.

दुमका में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रघुवर दास से मिलने पहुंचे थे. ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने उनके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर तस्वीरें डाली.

होली के वक्त गिरिडीह में हिंसक झड़प होने पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया था. उसी दौरान रघुवर देवघर भी गए थे. अप्रैल माह में रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से विशेष मुलाकात की. मई माह में बोकारो के बेरमो में आदिवासी महिला से दुष्कर्म की कोशिश के आरोपी की पिटाई के बाद हत्या मामले में भी सरकार पर हमला बोला. इसके बाद से पलामू, जामताड़ा और दुमका का दौरा कर चुके हैं. धनबाद में कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया. यहां भी रघुवर दास ने भ्रष्टाचार के मसले उठाकर राज्य सरकार पर निशाना साधा.

**रघुवर दास का राजनीतिक सफर:** 1995 में पहली बार बिहार विधानसभा के सदस्य बने.-2004 में झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बने.-2005 में अर्जुन मुंडा सरकार में नगर विकास मंत्री रहे.-2009 में शिबू सोरेन की सरकार में उपमुख्यमंत्री बने.

2014 में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए.-2014 में राज्य के छठे और पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बने.-2019 में सीएम के पद पर रहते अपनी पारंपरिक सीट हार गए.-2023 के अक्टूबर में उनको ओड़िशा का राज्यपाल बनाया गया.-2024 में भाजपा की करारी हार, राज्यपाल का पद छोड़ा.-2025 के जनवरी में राज्यपाल पद का इस्तीफा मंजूर हो गया.-2025 के 10 जनवरी को दोबारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

**रघुवर के प्रदेश अध्यक्ष रहते पार्टी का परफॉर्मेंस:** रघुवर दास के प्रदेश अध्यक्ष रहते भाजपा ने 2005 के विधानसभा चुनाव अच्छा परफॉर्म किया था. पार्टी ने कुल 30 सीटों पर जीत दर्ज की थी. खास बात है कि तब पार्टी ने संथाल परगना की 18 सीटों में से सबसे ज्यादा 7 सीटों पर जीत दर्ज की थी. इनमें बोरिया, जामा, जामताड़ा, मधुपुर, पोड़ैयाहाट, गोड्डा और महगामा सीट शामिल थी.

2014 में रवींद्र राय झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे. उस चुनाव में भाजपा की 37 सीटों पर जीत हुई तो पार्टी ने पहली बार गैर आदिवासी के रूप में रघुवर दास को मुख्यमंत्री बनाया. उन्होंने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने का रिकॉर्ड भी बनाया, लेकिन 2019 में रघुवर दास को प्रोजेक्ट कर जब पार्टी चुनाव मैदान में उतरी तो चारों खाने चित हो गई. पार्टी 38 से घटकर 25 सीट पर आ गई. इस चुनाव में भाजपा पूर्व में जीती हुई 24 सीटें गंवा बैठी. बदले में सिर्फ 10 नई सीटें खाते में आई. इस चुनाव में भाजपा को चौतरफा झटका लगा, क्योंकि सीएम रहते खुद रघुवर दास अपनी पारंपरिक जमशेदपुर पूर्वी सीट से चुनाव हार गए.

वैसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की रेस में अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, अमर कुमार बाउरी, रवींद्र राय, आदित्य साहू के नाम की भी चर्चा हो रही है. लेकिन सक्रियता के मामले में रघुवर दास सबसे आगे दिख रहे हैं, क्योंकि उनके पास राज्य के दूसरे सभी नेताओं से ज्यादा अनुभव है.

## अग्रवाल समाज ने दिल्ली के विकास को नई दिशा देने का कार्य किया : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता  शालीमार बाग में अग्रवाल सभा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शालीमार बाग का अग्रवाल समाज न सिर्फ अपने क्षेत्र में बल्कि पूरे दिल्ली के अग्रवाल समाज को साथ जोड़ते हुए दिल्ली के विकास के पथ को नई दिशा और समाज सेवा को प्रेरणा देने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज सिर्फ एक समुदाय नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की सशक्त परंपरा है। हर बार जब देश या समाज को जरूरत पड़ी, अग्रवाल समाज सबसे आगे खड़ा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्रवाल समाज चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, व्यापार में नैतिकता की मिसाल देना हो या फिर जरूरतमंदों की मदद के आगे है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं ऐसे समाज का हिस्सा हूं, जो सिर्फ अपने नहीं, पूरे देश के भविष्य को संवारने का संकल्प लेकर चलता है।

## डकैती व अपहरण के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच उत्तरी रेंज-2 ने 2014 में हुई डकैती व अपहरण के मामले में पिछले 11 वर्षों से फरार चल रहे आरोपित राकेश को उप्र के लोनी स्थित चमन विहार से गिरफ्तार किया है। यह आरोपित वर्ष 2015 में न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस के मुताबिक एएसआई अशोक कुमार को सूचना मिली कि राकेश दिल्ली-उप्र बॉर्डर के पास रह रहा है। इसके बाद इंस्पेक्टर अजय सिंह की देखरेख में एसआई प्रदीप गोदारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार निगरानी और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपित का लोकेशन ट्रेस किया और चमन विहार लोनी से उसे गिरफ़्तार किया।क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार 26 दिसंबर 2014 की रात करीब 9ः30 बजे एक टाटा 407 वाहन जो 50 कार्टन पान बहार लेकर जा रहा था को झंडेवाला इलाके में कुछ लोगों ने रोक लिया। वाहन चालक को अगवा कर उसका मोबाइल और नकदी लूट ली गई। करीब दो घंटे बाद चालक को धौला कुआं के पास फेंक दिया गया। जबकि आरोपित पान बहार की खेप और वाहन लेकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना पहाड़गंज में मुकदमा दर्ज हुआ।

## पहाड़गंज के होटल में युवती की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। मध्य जिले के पहाड़गंज स्थित अरकाशन रोड पर एक होटल में रह रही युवती सारिका (29) की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह 9ः47 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें होटल स्टाफ ने सूचना दी कि एक जोड़ा होटल के कमरे में रातभर ठहरा था। सुबह जब सफाईकर्मी पहुंचे तो पाया कि महिला मृत अवस्था में बाथरूम में पड़ी थी। जबकि उसका पुरुष साथी गायब था। जांच में सामने आया कि दोनों ने 07 जून को शाम 4ः15 बजे होटल में चेक-इन किया था। होटल स्टाफ के अनुसार, शाम करीब 6 बजे दोनों ने पिज्जा और लस्सी ऑर्डर किया था। अगली सुबह पुरुष अकेले होटल से बाहर निकलता हुआ सीसीटीवी फुटेज में नजर आया। घटना की जानकारी मिलते ही क्राइम टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित सचिन (31) को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह सारिका के साथ रिश्ते में था। लेकिन उसे उस पर किसी और के साथ संबंध होने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ, जिसके बाद आरोपित ने पहले पीटा और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

## दिल्ली में नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर की गई हत्या

**नई दिल्ली**। उत्तर पूर्वी जिले के दयालपुर इलाके में 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक बच्ची का शव पड़ोस में एक बंद मकान में मौजूद सूटकेस से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। साथ ही दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपित की तलाश की जा रही है और उसकी तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि करीब 8:41 बजे दयालपुर पुलिस स्टेशन को नेहरू विहार में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की सूचना मिली। इसके बाद दयालपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां पता चला कि बच्ची को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया है। डीसीपी के मुताबिक, डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में पीड़िता के चेहरे पर चोट के निशान देखे और यौन उत्पीड़न की आशंका जताई। क्राइम और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीमें घटनास्थल का निरीक्षण कर रही हैं। डीसीपी के अनुसार आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें सुराग जुटा रही हैं। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

# एनसीआर में भीषण गर्मी का कहर जारी, अगले दो दिनों तक हीट वेव का अलर्ट जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के निवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। भारतीय मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों यानी 9 और 10 जून के लिए 'हीट वेव' और 'धूल भरी तेज हवाओं' का यलो अलर्ट जारी किया है। दोनों ही दिन अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मौसम विभाग ने साफ शब्दों में चेताया है कि दिन के समय तेज धूप और गर्म हवा का असर स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर। ऐसे में लोगों को सलाह दी गई है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। 11 जून से मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा, जब



आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और तापमान में मामूली गिरावट के साथ 43 डिग्री तक रहने की संभावना है। हालांकि उमस बढ़ने से गर्मी की तीव्रता कम नहीं होगी। मौसम विभाग के मुताबिक 12 जून को मौसम में स्पष्ट बदलाव देखा जा सकेगा। इस दिन 'गर्म और उमस भरा' मौसम तो रहेगा, लेकिन साथ ही 'गर्जन के साथ बारिश' की भी संभावना जताई गई है। अगले दो दिनों यानी 13 और 14 जून को भी 'आंधी-तूफान और बिजली गिरने' की चेतावनी के साथ बारिश या गरज-चमक के आसार हैं। 13 जून को तापमान गिरकर 39 डिग्री और 14 जून को 38 डिग्री तक रहने की संभावना है, जिससे लोगों को कुछ हद तक राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 15 जून तक हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं और तापमान 38 डिग्री के आसपास बना रहेगा।

इस दौरान 'नो वॉर्निंग' दर्शाई गई है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि भीषण गर्मी के दौर से फिलहाल अस्थायी राहत मिल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी की लहर (हीट वेव) शरीर पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। इससे लू लगने, थकान, सिर दर्द और यहां तक कि हीट स्ट्रोक की भी आशंका रहती है। ऐसे में नागरिकों को चेतावनी दी गई है कि खुले आसमान के नीचे लंबे समय तक रहने से बचें और छायादार स्थानों में ठहरें।

## नशा तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ , 7.9 किलो अफीम बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने अफीम की अंतरराज्यीय तस्करी में लिप्त एक संगठित नशा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 7.9 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है। जिसकी बाजार कीमत लगभग 50 लाख आंकी गई है। पुलिस ने उक्त मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर एक बाइक भी जब्त की है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक आदतन नशा तस्कर मुन्ना लाल आनंद विहार बस अड्डे के पास अफीम की बड़ी खेप देने आ रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद इंस्पेक्टर मनीत मलिक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। देर रात 12:10 बजे आरोपित मुन्ना लाल को ईडीएम मॉल के पास से पकड़ा गया और उसके पास से 5.324 किलो अफीम बरामद हुई। मुन्ना लाल से पूछताछ में पता चला कि वह झारखंड के लातेहार जिले से अफीम लाकर उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में सप्लाई करता था। उसकी निशानदेही पर दो सप्लायर

**देर रात 12:10 बजे आरोपित मुन्ना लाल को ईडीएम मॉल के पास से पकड़ा गया और उसके पास से 5.324 किलो अफीम बरामद हुई।**

फरीद उद्दीन और अब्दुल राशिद आलम को बरेली के एक होटल से गिरफ्तार किया गया और 1.515 किलो अफीम बरामद हुई। इसके पुलिस टीम ने मेरठ निवासी करमजीत सिंह सैखों को 966 ग्राम अफीम के साथ दबोचा। उसके पास से अफीम की तस्करी में उपयोग की गई बाइक बरामद की गई।

## नालों से गाद निकालने की तारीख बार-बार बढ़ाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार द्वारा नालों से गाद निकालने की तारीख को बार-बार आगे बढ़ाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली सरकार ने नालों से गाद निकालने की 15 मई की तारीख को आगे बढ़ाकर 31 मई कर दी। इसके बाद आज दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा 45 प्रतिशत काम पूरा होने की घोषणा करके इसकी तारीख 15 जून और अब 25 तक काम पूरा करने की घोषणा करके सरकार अपनी नाकामी छिपा रही है। जबकि 28 जून को दिल्ली में मानसून पहुंच जाएगा। यादव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों की भांति इस वर्ष दिल्ली सरकार भी गाद निकालने में संवेदनशील दिखाई नहीं दे रही है।

देवेंद्र यादव ने एक विज्ञप्ति जारी करती हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली की सत्ता संभालते ही नालों से गाद निकालने और यमुना सफाई पर काम करने का दावा किया था परंतु

**पहले दिल्ली सरकार ने नालों से गाद निकालने की 15 मई की तारीख को आगे बढ़ाकर 31 मई कर दी।**

मानसून से 20 दिन पहले सरकार ने गाद निकालने की तारीख को आगे बढ़ाकर अपनी नाकामी उजागर कर दी है। पीडब्ल्यूडी 2146 किमी लंबे जल निकासी के नेटवर्क का अभी तक 45 प्रतिशत काम करने का दावा कर रही है, जबकि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने 68 प्रतिशत और दिल्ली नगर निगम 70 प्रतिशत नालियों से गाद निकालने का काम पूरा होने का दावा कर रहा है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई और स्टॉर्मवाटर नालियों से गाद निकालने की हर वर्ष सरकारी प्रक्रिया होती है, जिसको जनवरी से शुरु होकर मई तक पूरा करने लक्ष्य सरकार बनाती है। बड़ी संख्या में मशीनों को गाद निकालने के लिए तैनात किया जाता है और उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और संबधित मंत्री के सर्वेक्षण के बावजूद भी गाद निकालने का काम पूरा होने की तारीख हर बार आगे क्यों बढ़ाई जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की कार्यशैली में कोई खास अंतर नही है। इसके कारण दिल्ली की समस्याओं प्रदूषण, यमुना सफाई, सड़क प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था अथवा डिसिल्टिंग जैसे किसी भी काम को सरकार के मंत्री और उनके नियंत्रण में कार्यरत अधिकारी 100 प्रतिशत पूरा करने में विफल साबित हुए है।

## केजरीवाल सरकार ने 11 साल में नहीं चलाया एक भी सामाजिक चेतना अभियान - वीरेंद्र सचदेवा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने करीब 11 साल पहले निर्भया मामले पर राजनीति की थी और आज तक मासूम बच्चियों के साथ होने वाले अपराधों पर केवल राजनीतिक बयानबाजी तक ही सीमित रही है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि ऐसे घिनौने अपराध निस्संदेह निंदनीय हैं और समाज में इनके लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन घटनाओं को सिर्फ कानून व्यवस्था की नाकामी बताना एक राजनीतिक चालाकी है।

सचदेवा के अनुसार, इस तरह के अपराध करने वाले लोग विकृत मानसिकता और आपराधिक प्रवृत्ति के होते हैं, जिन्हें केवल सख्त कानून ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता के जरिए भी नियंत्रित किया जा सकता है। नेहरू विहार में एक नाबालिग बच्ची के साथ हुए हालिया वीभत्स अपराध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और जल्द ही गिरफ्तारी भी हो जाएगी। हालांकि, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केवल कानूनी कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है, समाज में जन जागरण और अपराधियों के मन में भय पैदा करने के लिए एक व्यापक सामाजिक अभियान की जरूरत है। सचदेवा ने सवाल किया कि बीते 11 वर्षों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी मार्लेना ने महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर कोई भी स्थायी या व्यापक सामाजिक चेतना अभियान क्यों नहीं चलाया? उन्होंने कहा कि चाहे दिल्ली महिला आयोग हो या बाल आयोग, इनके प्रमुख अक्सर राष्ट्रीय मुद्दों पर



बयान देते हैं, लेकिन महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की मानसिकता को बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए।भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नेहरू विहार कांड में आरोपी भी अल्पसंख्यक समाज से है और पीड़िता का पड़ोसी था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ऐसे अपराध सामाजिक रूप से कितने गहरे हैं।

## राजा रघुवंशी हत्या मामला : पत्नी सोनम ने किया सरेंडर,मेघालय पुलिस बोली -सोनम ने दबाव में आत्मसमर्पण किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। शिलॉन्ग से कथित तौर पर लापता हुई इंदौर की सोनम रघुवंशी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। मेघालय के सीएम कोनरॉड संगमा ने एक्स पोस्ट पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक महिला ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उसके साथ तीन हमलावर भी पकड़े गए हैं, जबकि एक की तलाश जारी है। मेघालय पुलिस ने सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी ने दबाव में आकर आत्मसमर्पण कर दिया है। उसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अभी भी फरार है। मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर निवासी राजा की रहस्यमयी मौत के मामले में सोमवार को एक चौंकाने वाला मोड़ आया, जब पुलिस ने कथित तौर पर भाड़े के हत्यारों द्वारा राजा की हत्या की साजिश रचने के आरोप में उसकी



पत्नी सोनम को गिरफ्तार कर लिया।

मेघालय पुलिस ने बताया कि सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से पकड़ा गया। उसने बढ़ते दबाव के चलते रविवार देर रात नंदगंज पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।वहीं, मेघालय के पुलिस महानिरीक्षक डाल्टन पी. मारक ने समाचार एजेंसी फोन पर बताया, सोनम ने कल रात दबाव में आकर आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या चार हो गई। एक आरोपी अभी भी फरार है। सोनम को अदालती कार्यवाही के लिए मेघालय वापस लाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के एडीजी (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश के अनुसार सोनम को वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर काशी ढाबा पर पाया गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और फिलहाल उसे वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इदाशीशा नोंग्रांग ने कहा कि जांच जारी है और आगे की जानकारी के लिए गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने भी मामले में सफलता की बात स्वीकार की।उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, राजा हत्या मामले में 7 दिनों के भीतर मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के 3 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, महिला ने आत्मसमर्पण कर दिया है और 1 अन्य हमलावर को पकड़ने के लिए ऑपरेशन अभी भी जारी है। राजा और सोनम अपने हनीमून के लिए मेघालय आए थे।

## डकैती व अपहरण के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच उत्तरी रेंज-2 ने 2014 में हुई डकैती व अपहरण के मामले में पिछले 11 वर्षों से फरार चल रहे आरोपित राकेश को उप्र के लोनी स्थित चमन विहार से गिरफ्तार किया है। यह आरोपित वर्ष 2015 में न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस के मुताबिक एएसआई अशोक कुमार को सूचना मिली कि राकेश दिल्ली-उप्र बॉर्डर के पास रह रहा है। इसके बाद इंस्पेक्टर अजय सिंह की देखरेख में एसआई प्रदीप गोदारा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार निगरानी और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपित का लोकेशन ट्रेस किया और चमन विहार लोनी से उसे गिरफ़्तार किया।क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार 26 दिसंबर 2014 की रात करीब 9:30 बजे एक टाटा 407 वाहन जो 50 कार्टन पान बहार लेकर जा रहा था को झंडेवाला इलाके में कुछ लोगों ने रोक लिया। वाहन चालक को अगवा कर उसका



मोबाइल और नकदी लूट ली गई। करीब दो घंटे बाद चालक को धौला कुआं के पास फेंक दिया गया। जबकि आरोपित पान बहार की खेप और वाहन लेकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना पहाड़गंज में मुकदमा दर्ज हुआ।

## चुनाव से पहले ही अपनी हार को स्वीकार कर रही है कांग्रेस पार्टी : नलिन कोहली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'मैच फिक्सिंग' वाले बयान का भाजपा नेता नलिन कोहली ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अक्सर चुनाव आने से पहले कांग्रेस पार्टी और कुछ विपक्षी नेता चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग, इलेक्ट्रिक मशीन पर सवाल उठाने लगते हैं। यही नेता चुनाव जीतने के बाद कभी भी इस तरह के प्रश्?न नहीं करते। तेलंगाना में कांग्रेस जीत गई, तो इनको कही कोई कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि शायद वह इसलिए सवाल उठा रहे हैं। उनको लगता है कि जनता उनके साथ नहीं है। वह अभी से जनता को एक संदेश देना चाहते हैं कि चुनाव में हार मिली तो हमने पहले ही इसके बारे में बता दिया था। यह उनकी ओर से हार स्वीकार करने की बात है। नलिन कोहली ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव से पहले यदि वह जनता के बीच में समय लगाते और अपनी मेहनत और काम को दिखाते तो शायद चुनाव में जनता उनको वोट देती। भाजपा जनता के बीच लगातार जाती है और विकास कार्यों को गिनाती है, जिससे जनता का लगाव भाजपा से बना हुआ है।



बता दें कि हाल ही में राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने लेख का लिंक शेयर किया, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को मैच फिक्सिंग करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के आने वाले चुनाव में भी ऐसा ही हो सकता है। वहीं, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे को कांग्रेस पार्टी की ओर से समय और पैसे की बर्बादी बताने पर उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस 'ऑपरेशन सिंदूर' के पक्ष में रहने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ वह इस पर सवाल भी उठाती है। ऐसे प्रश्न उठाएंगे जो पाकिस्तान में गूंजेगे और कांग्रेस की प्रतिक्रिया को भारत के खिलाफ अपनी बात रखने के लिए उसका इस्तेमाल करें। यह तब हाल है जब विदेश में अलग-अलग देश में हमारे सांसद गए जिसमें कांग्रेस के भी सांसद थे। अब कांग्रेस अपने सांसदों की भी आलोचना कर रही है, उन पर प्रश्न उठा रही है। नलिन कोहली ने आगे कहा, 'एक सांसद ने कहा, 'क्या देश के हित में काम करना इतना कठिन है।' अब सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे को कहते हैं कि पैसे फिजूल में खर्च हुए हैं। भारत बात को दुनिया के सामने रखने के लिए देशहित में अगर सर्वदलीय सांसद विदेशों में जाते हैं, लोगों को आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख के बारे में बताते हैं, तो यह देश के पैसे को व्यर्थ करना कैसे हुआ है, इस बात को कांग्रेस पार्टी ही समझा सकती है।'

## आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बनेंगे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। 'नमस्ते, मैं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हूं...' ये गर्व भरे शब्द भारतीय वायुसेना के जांबाज टेस्ट पायलट शुभांशु शुक्ला के हैं जिन्होंने अंतरिक्ष में अपनी ऐतिहासिक उड़ान से पहले जारी एक वीडियो में यह बात कही है। 15 वर्षों तक एक कॉम्बैट पायलट रहे शुक्ला अब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय नागरिक बनने जा रहे हैं। यह ऐतिहासिक मिशन एक्सिओम स्पेस के 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत लॉन्च किया जाएगा, जिसे 'मिशन आकाश गंगा' भी कहा जा रहा है। यह निजी अंतरिक्ष उड़ान 10 जून को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन सी213 यान के जरिए प्रक्षेपित होगी। लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद, यान 11 जून की रात करीब 10 बजे पर आईएसएस से जुड़ेगा। लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला को जून 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन मिला था। उन्होंने अब तक 2,000 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव हासिल किया है और सुखोई-30 एमके 1, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे कई विमानों को उड़ाया और परीक्षण किया है। साल 2020 में उन्हें इसरो के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। यह भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना है। चार साल बाद, उनकी अंतरिक्ष यात्रा ने एक नया मोड़ लिया है। शुक्ला ने कहा, 'भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष गए थे। मैं उनके बारे में स्कूल की किताबों में पढ़ता था और उनके अनुभवों को सुनकर बहुत प्रभावित होता था। अपनी इस यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, शुरुआत में मेरा सपना सिर्फ उड़ान भरना था। लेकिन अंतरिक्ष यात्री बनने की राह बाद में खुली। मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे जीवन भर उड़ान भरने का अवसर मिला और फिर मुझे अंतरिक्ष यात्री बनने का आवेदन करने का मौका मिला। और आज मैं यहां हूं।

## दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने योग दिवस और 'एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और एक पेड़ मां के नाम-2.0 कार्यक्रमों की तैयारियों की दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार पहली बार भारत सरकार के साथ मिलकर आधिकारिक तौर पर दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर रही है। यह 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इसलिए यह योग दिवस दिल्ली के विभिन्न 11 प्रमुख स्टेडियम/ खेल परिसरों ( त्यागराज स्टेडियम, ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, झिलमिल कॉलोनी, बवाना, पहलादपुर, भारत नगर, यमुना बैंक, नजफगढ़ स्टेडियम, द्वारका सेक्टर-6, अशोक नगर हॉकी स्टेडियम) में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हर योग परिसर पर किसी एक मंत्री को जिम्मेदारी भी दी जाएगी। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव दिल्ली सरकार के अलावा शिक्षा निदेशालय, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, पर्यावरण, वन, दिल्ली नगर निगम और फायर विभाग के आला अधिकारियों ने भाग लिया। सूद ने यह भी कहा कि इस योग दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में लगभग 20, 000 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। इनमें दिल्ली सरकार के विद्यालयों के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, एनएसएस/एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स आदि शामिल होंगे। मुख्य आयोजन स्थल के रूप में छत्रसाल स्टेडियम का चयन किया गया है जहां लगभग 10,000 प्रतिभागी योगाभ्यास में भाग लेंगे। इसमें भारतीय योग संस्थान के 5,000 स्वयंसेवक होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य 10 स्थानों में प्रत्येक परिसर में 1,000 प्रतिभागी शामिल होंगे। मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्कूल, कॉलेज समाज के सभी वर्ग के लोगों, योग प्रशिक्षक, सभी सरकारी कार्यलयों के प्रमुखों को योग दिवस के लिए पत्र लिखकर आमंत्रित करें और उनको योग के लिए प्रोत्साहित भी करें। सूद ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण द्दस्त्रड्ढस्त्रद्दद्य.ठ्ठद्ब.ढ्ढठ्ठ वेबसाइट पर किया जाएगा।

'एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान के बारे में मंत्री ने बताया की यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को एक साथ सांझा करने का प्रयास है। 'एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान ने अपने पहले चरण में सफलता की नई ऊंचाइयों को छूआ है। इस अभियान की शुरुआत 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुद्ध जयंती पार्क दिल्ली में पीपल का पौधा लगाकर की गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 9 जून सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय में पौधारोपण करेंगी।

## नालों से गाद निकालने की तारीख बार-बार बढ़ाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार द्वारा नालों से गाद निकालने की तारीख को बार-बार आगे बढ़ाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली सरकार ने नालों से गाद निकालने की 15 मई की तारीख को आगे बढ़ाकर 31 मई कर दी। इसके बाद आज दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा 45 प्रतिशत काम पूरा होने की घोषणा करके इसकी तारीख 15 जून और अब 25 तक काम पूरा करने की घोषणा करके सरकार अपनी नाकामी छिपा रही है। जबकि 28 जून को दिल्ली में मानसून पहुंच जाएगा। यादव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों की भांति इस वर्ष दिल्ली सरकार भी गाद निकालने में संवेदनशील दिखाई नहीं दे रही है। देवेंद्र यादव ने एक विज्ञप्ति जारी करती हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली की सत्ता संभालते ही नालों से गाद निकालने और यमुना सफाई पर काम करने का दावा किया था परंतु मानसून से 20 दिन पहले सरकार ने गाद निकालने की तारीख को आगे बढ़ाकर अपनी नाकामी उजागर कर दी है। पीडब्ल्यूडी 2146 किमी लंबे जल निकासी के नेटवर्क का अभी तक 45 प्रतिशत काम करने का दावा कर रही है, जबकि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने 68 प्रतिशत और दिल्ली नगर निगम 70 प्रतिशत नालियों से गाद निकालने का काम पूरा होने का दावा कर रहा है। देवेंद्र यादव ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई और स्टॉर्मवाटर नालियों से गाद निकालने की हर वर्ष सरकारी प्रक्रिया होती है, जिसको जनवरी से शुरु होकर मई तक पूरा करने लक्ष्य सरकार बनाती है। बड़ी संख्या में मशीनों को गाद निकालने के लिए तैनात किया जाता है और उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और संबधित मंत्री के सर्वेक्षण के बावजूद भी गाद निकालने का काम पूरा होने की तारीख हर बार आगे क्यों बढ़ाई जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की कार्यशैली में कोई खास अंतर नही है। इसके कारण दिल्ली की समस्याओं प्रदूषण, यमुना सफाई, सड़क प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था अथवा डिसिल्टिंग जैसे किसी भी काम को सरकार के मंत्री और उनके नियंत्रण में कार्यरत अधिकारी 100 प्रतिशत पूरा करने में विफल साबित हुए है।

# उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, आंगनबाड़ी योजना की प्रगति, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल




विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्तिथि, जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए और इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाय। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करें और उनकी प्रगति की नियमित निगरानी करें। उपायुक्त ने सुझाव दिया कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके योजनाओं को क्रियान्वित किया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले।

उपायुक्त ने आवास एवं मनरेगा योजना में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आवासों के निर्माण को प्राथमिकता देने और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मनरेगा योजना के तहत रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त ने मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और श्रमिकों को समय पर मजदूरी प्रदान करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने मनरेगा योजना के तहत चल रही परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उन्हें उच्च मानकों पर बनाए रखने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी फील्ड विजिट कर संचालित योजनाओं की गुणवत्ता की जांच कर उसकी रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को फील्ड विजिट और मॉनिटरिंग को बढ़ावा देने और योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने प्रखंड कार्यालय में अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी कार्यों की समीक्षा करेंगे।

बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के अलावे डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देवप्रिया, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी, सभी प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** स्वतंत्रता संग्राम,आदिवासी समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। 'उलगुलान' आंदोलन के माध्यम से अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध जो अलख उन्होंने जगाई थी,वह आज भी जनजातीय समाज और सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उपायुक्त ने युवा वर्ग से भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही।

### भगवान बिरसा मुण्डा की मनाई गई 125वीं पुण्य तिथि



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** आदिवासी समाज और आदिवासी छात्र संघ के तत्वावधान मे भगवान बिरसा मुण्डा का पुण्य तिथि फुल माला से हजारीबाग के बिरसा चौक स्थित अदम्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुण्डा की 125वां पुण्य तिथि मनाई गई आदिवासी समाज सह मनोनीत सदस्य रमेश कुमार हेम्ब्रोम ने कहा कि देश आजादी के 77 साल और झारखण्ड अलग हुए 25 वर्ष बीत गए लेकिन अभी भी भगवान बिरसा मुण्डा जी का सपना अधूरा है इनका सपना तभी पूरा होगा जब राज्य के आदिवासी मुलवासी का मूलभूत सुविधाए हो जाए। आज पूरे देश में आदिवासी नेता व स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की शहादत के 125 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 9 जून 1900 को रांची की जेल में उन्होंने अपना जीवन बलिदान किया था। आज ऐसा प्रतीत होता है मानो 'धरती आबा' आज भी हमारे बीच मौजूद हैं।

बिरसा मुंडा आज भी आदिवासी अधिकारों, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रेरक माने जाते हैं। उन्हें जंगल-जमीन-जल के संरक्षक व 'भगवान' की अवधारणा के रूप में आदर मिलता है। हाल के वर्षों में उनकी पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। माल्यार्पण में सुशील ओरछा ,बन्धन एक्का, पप्पू एक्का, अनिल टुडू, सुनील सोरेन, एवं अन्य कई लोग शामिल हुए।

### पुलिस ने कब्रिस्तान के पास ब्राउन शुगर मामले में युवक किया गिरफतार , जेल भेजा गया

आदिवासी एक्सप्रेस



**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी पवन कुमार के निर्देशन में प्रखंड के बड़का गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्राउन शुगर मामले को लेकर सघन छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी नामधारी रजक के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार को देर रात 11:30 रात्रि को बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला कब्रिस्तान के पास से नटराज नगर निवासी 25 वर्षीय विक्रम कुमार 4.20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ धर दबोचा गया। दूसरे दिन कार्रवाई के पश्चात युवक आरोपी को जेल भेज दिया गया। उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ पवन कुमार एवं थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया है। ज्ञात हो की पुलिस के द्वारा ब्राउन शुगर मामले को लेकर पिछले दो माह में दर्जन घर से अधिक युवक जेल जा चुके हैं। बुरी आदत लग चुकी कई युवकों को बेहतर इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्र रांची ले जाया गया है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने आम ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की है। ताकि युवकों को बुरी लत तथा समाज को खराब होने से बचाया जा सके।

### उपायुक्त ने एनटीपीसी खनन परियोजना के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एनटीपीसी के तीन कोल परियोजना केरेडारी,पकरी बरवाडीह एवं बादम के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। यह बैठक उपायुक्त के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में उक्त परियोजनाओं के कार्यों तथा खनन परियोजना के विभिन्न अवयवों की जानकारी ली तथा परियोजनाओं के संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार एवं संबंधित प्रखंड के अंचलाधिकारी मौजूद थे।

# संत कोलम्बस मिशन अस्पताल के 133वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श का हुआ आयोजन

- स्वास्थ्य हर मनुष्य का मूल अधिकार है और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक यह सेवा पहुंचाना उद्देश्य है: डॉ प्रवीण श्रीनिवास

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** संत कोलम्बस मिशन अस्पताल ने समर्पित स्वास्थ्य सेवा के 133 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हजारीबाग रविंद्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन अस्पताल के 133वीं वर्षगांठ पर सोमवार को नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श का आयोजन हुआ। मुख्य रूप से संत कोलम्बस मिशन अस्पताल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास,



ट्रस्टी डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष नीलम खलखो एवं पूजा उपाध्याय उपस्थित रहे। जिसमें सामान्य चिकित्सक और स्त्री रोग विशेषज्ञों की सेवाएँ शामिल रहा। यह पहल सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अस्पताल की निरंतर प्रतिबद्धता और दयालु चिकित्सा देखभाल की इसकी विरासत को दर्शाती है। निवासियों को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह के लिए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श में 22 से अधिक जरूरतमंद लोगों का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्रदान किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा बैरवा एवं जनरल फिजिशियन डॉ जेके आर्य सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर संत कोलम्बस मिशन अस्पताल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि अस्पताल के 133वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श का आयोजन किया गया है। इस प्रकार के निशुल्क शिविर का आयोजन से जरूरतमंदों को काफी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य हर मनुष्य का मूल अधिकार है और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक यह सेवा पहुंचाना उद्देश्य है।

## कोटालपोखर में शांतिपूर्ण अतिक्रमण हटाओ अभियान: रामजी साहा और प्रेमचंद साह ने पेश की मिसाल



अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो

**कोटालपोखर।** बरहरवा प्रखंड के कोटालपोखर में रोड चौड़ीकरण के सरकारी अभियान में अक्सर तनाव और विरोध की खबरें आती हैं, लेकिन कोटालपोखर से एक सुखद और अनुकरणीय पहल सामने आई है। शांति मोड़, कोटालपोखर के निवासी रामजी साहा और प्रेमचंद साह ने प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान का इंतजार किए बिना, स्वयं अपनी दुकानों और घरों के सामने से अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रोड चौड़ीकरण की आवश्यकता को समझते हुए और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की भावना से प्रेरित होकर, रामजी साहा और प्रेमचंद साह ने स्वेच्छा से कदम उठाया। उन्होंने खुद की जेसीबी मंगवाकर, बिना किसी विरोध या विवाद के, अपने स्वामित्व वाले क्षेत्र में आ रहे अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटा दिया।

इस पहल को स्थानीय प्रशासन और जनता दोनों ने सराहा है। यह दर्शाता है कि सामुदायिक सहयोग और जागरूकता से विकास कार्यों को कितनी आसानी और शांति से पूरा किया जा सकता है। रामजी साहा और प्रेमचंद साह का यह कदम अन्य प्रभावित लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकता है, जिससे कोटालपोखर में रोड चौड़ीकरण का कार्य और अधिक सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## धरती आबा बिरसा मुंडा की 125 शहादत दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजली



आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125 शहादत दिवस उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के नायक थे । उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसिडेंट मे हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए । केवल 25 वर्ष की उम्र में अपने देश की रक्षा के लिए शहीद होने वाले बिरसा मुंडा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के लिए जनजातीय विद्रोह और क्रांति के प्रतीक के रूप में याद किए जाएंगे और शायद यही कारण है कि लोग उनहे भगवान बिरसा मुंडा कर संबोधित करते हैं । मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी अजय गुप्ता, आबिद अंसारी, कृष्णा कुमार यादव, जावेद इकबाल सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, मिथिलेश दुबे, रोहन ठाकुर, धीरेन्द्र कुमार दुबे, अनिल कुमार भुईंया, सैयद अशरफ अली, लाल बिहारी सिंह, सलीम रजा, बाबर अंसारी, दिलीप कुमार रवि, अजीत कुमार गुप्ता, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# अटकल बियाह वेब सीरीज़ : झारखंड से उठती नई सांस्कृतिक लहर में विभावि के छात्रों की दमदार भागीदारी

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** झारखंड की धरती से एक नई रचनात्मक ऊर्जा का उदय हो रहा है, जिसका प्रतीक है जल्द ही रिलीज़ होने वाली वेब सीरीज़ अटकल बियाह। इस वेब सीरीज़ को लिखा और निर्देशित किया है झारखंड के युवा प्रतिभाशाली निर्देशक सौरव सिंह ने, जो सोशल मीडिया पर निशाचर 2.0 के नाम से ख्याति प्राप्त है।

पूरी तरह से झारखंड में फिल्माई गई इस सीरीज़ में क्षेत्र की मिट्टी की खुशबू, यहाँ की संस्कृति की झलक और नए कलाकारों का जोश साफ़ दिखाई देता है। यह प्रोजेक्ट न सिर्फ एक मनोरंजन का साधन है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक चेतना और युवा ऊर्जा का सजीव उदाहरण भी है।



अटकल बियाह में अभिनय करने वालों में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग की प्रसिद्ध तमाशा सोसाइटी के सदस्य गुलशन कुमार, रोहित सिंह, अमन, आदित्य मिश्रा, ऋषि, आदित्य उपाध्याय, संदीप, कुनाल , सुकांत, प्रज्ञा, गायत्री, स्नेहा, खुशी, आरती, कशिश और काजल, दीपिका तिग्गा, दीपिका सोरेन और कई अन्य लोग शामिल हैं, जो विबीयुनेशन के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक पक्ष को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहे हैं।

इस वेब सीरीज़ में संगीत की जिम्मेदारी अभिषेक ने संभाली है, जिन्होंने अपने सुरों से कहानी को और अधिक जीवंत बना दिया है। 1 जून 2025 को जारी हुआ इसका टीज़र सोशल मीडिया पर काफी सराहा गया और इसे ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिससे यह साफ हो गया है कि दर्शकों को इस वेब सीरीज़ का बेसब्री से इंतजार है।

यह सिर्फ एक वेब सीरीज़ नहीं, झारखंड की आवाज़ है जो कला के माध्यम से गूंज रही है। अटकल बियाह झारखंड की रचनात्मक क्षमताओं, युवाओं की कलात्मक आकांक्षाओं और क्षेत्रीय कहानियों को सामने लाने की इच्छा का प्रतीक है।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से की शिष्टाचार भेंट

- विकास, प्रशासनिक समन्वय और जनहित के मुद्दों पर हुई सकारात्मक चर्चा.
- उपायुक्त से सकारात्मक चर्चा हुई, उम्मीद है इनके नेतृत्व में हजारीबाग़ प्रशासन और अधिक पारदर्शी व जन उत्तरदायी बनेगा : प्रदीप प्रसाद

आदिवासी एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी से हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को जिले के नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच जिले के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक श्री प्रदीप प्रसाद ने श्री सिंह को हजारीबाग जैसे संवेदनशील और रणनीतिक जिले की कमान संभालने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा की आपका प्रशासनिक अनुभव और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता हजारीबाग़ के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। हमें विश्वास है कि



आपके नेतृत्व में जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन उत्तरदायी बनेगी। उन्होंने कहा की जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर ठोस पहल की आवश्यकता है, जिसमें जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर बेहतर तालमेल से कार्य कर सकते हैं। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन तथा आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान पर भी बल दिया। साथ ही श्री प्रसाद में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने का आग्रह किया. उन्होंने बीते दिन हुए निंदनीय घटना का कभी जिक्र किया।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने विधायक द्वारा व्यक्त किए गए सुझावों और सहयोग की सराहना की तथा भरोसा दिलाया की वे जनहित में पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन देने का भरपूर प्रयास करेंगे। आने वाले समय में जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जिले को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाएगा।

# आंगो में मंडा पुजा संपन विधायक रोशन लाल चौधरी हुए शामिल

## झारखंडी संस्कृत का पहचान है मंडा पूजा: रौशन लाल चौधरी

बड़कागांव संवाददाता

**बड़कागांव।** आंगो में मंडा पुजा बनस मेला संपन्न हो गया। मेला का उद्घाटन बड़का गांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने पिता काट कर किया। मौके पर उन्होंने उपस्थित कहा कि मंडा पूजा हमारे झारखंडी संस्कृत की पहचान है साथ ही साथ मेले के आयोजन से गांव के लोगों



को एक दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान होता है। रविवार देर शाम मेला लगा,रात्रि को शिव भक्ति एवं उनके परिवार वालों ने अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति और आस्था का परिचय दिया। तत्पश्चात सुबह सोमवार को पीठ में किल छिदवाकर 40 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा के पश्चात पूजा संपन्न हुआ ।मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव कौलेश्वर गंझू, आंगो पंचायत के मुखिया निलम मिंज, आजसू केन्द्रीय सदस्य नागेश्वर तुरी, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो,मंडा पुजा? समिति के अध्यक्ष लालो महतो सचिव शिबू महतो कोषाध्यक्ष मनिलाल मुंडा संयोजक भिखु महतो, केदार महतो, राजेश महतो, विशुनदयाल महतो, शिबू महतो, जुगेशवर गंझू ,सुखदेव गंझू, रमन गंझू, जगेश्वर गंझू, प्रदीप महतो, वीरेंद्र कु महतो, महादेव महतो, संचालक फुलेश्वर महतो,सोनू मुंडा, हीरामन महतो, नारायण महतो, जितेन्द्र कुमार, सोहन महतो, बरजू महतो, कौलेश्वर महतो अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर से लौटे गोमो के वीर सैनिक को भाजपा नेता अजय कुमार सिंह ने किया सम्मानित



**गोमो।** टुंडी विधान सभा क्षेत्र के काली पाड़ा गोमो निवासी बीएसएफ जवान राजेश कुमार जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर के आर एस पुरा सेक्टर में कर्तव्य का निर्वाहन करते अदम्य साहस का प्रदर्शन किया एवं पाकिस्तान के सैनिकों से लोहा लेते हुए घायल हो गए थे। इलाज के पश्चात कुशलतापूर्वक घर लौटने पर उनके आवास पर पहुंच कर भाजपा नेता अजय कुमार सिंह ने फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके गोमो मंडल मंत्री राकेश सिंह, द चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष धीरज कुमार, अमर कुमार एवं विनय सिंह उपस्थित थे।

### चान्हो प्रखंड प्रमुख होलिका देवी ने किया नर्सिंग कौशल कॉलेज का किया निरीक्षण



**संवाददाता-अंगद कुमार सिंह**
**चान्हो।** प्रखंड मसमानो स्थित नर्सिग कौशल कॉलेज मे सोमवार को चान्हो प्रखंड प्रमुख होलिका देवी पहुंची। जहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रमुख ने नर्सिंग कौशल कॉलेज का निरीक्षण किया साथ ही साथ नर्सिंग कौशल कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम व प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं के प्लेसमेन्ट के बारे में जानकारी लेते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम से अवगत हुए। इस दौरान होलिका देवी ने प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं के संदर्भ में विभिन्न प्रकार की जानकारियां ली। मौके पर लेफ्टिनेंट कर्नल स्निग्धा प्रामाणिक, डीन और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### विश्व की लोकप्रिय बीज कम्पनी पायोनियर के द्वारा गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**जमुआ, प्रतिनिधि।** गोविन्दपूरा गाँव मे आयोजित पायोनियर कम्पनी द्वारा गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जमुआ प्रखंड के कई गाँवों से लगभग 95 किसान शामिल हुए। कम्पनी के उत्पाद 27पी37 धान से ज्यादा उपज लेने वाले किसानो को कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया। कम्पनी के टेरेटरी मैनेजर मनीष पाण्डेय ने बताया की 27पी37 धान 1 और 2 नंबर खेत के लिए सबसे ज्यादा उत्पादन देने वाला धान है, जिसमे लम्बी और वजनदार बालियाँ होती है जिससे अन्य धान से 3 से 4 क्विंटल ज्यादा पैदावार होती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधि प्रमोद विश्वकर्मा और सत्यदेव पाण्डेय ने किसानो को धान की खेती के प्रबंधन के उपाय किसान को बताया। मौके पर किसान बासुदेव महतो, बोधि यादव, संजय वर्मा, भीमलाल वर्मा, अजय यादव, रंजीत वर्मा, सेवा राय सहित दर्जनों महिला- पुरुष किसान मौजूद थे।

### जमीन से बढ़कर है बच्चों का कैरियर और शिक्षा एक परिवार ने जमीन पर विवाद को टालकर आदर्श प्रस्तुत किया

**जमुआ, प्रतिनिधि।** आजकल एक आध फीट जमीन के लिए भाई भाई की जान ले लेते हैं। ऐसे समय में चुंगलो पंचायत के चार भाइयों ने बच्चों के कैरियर और पढ़ाई के लिए जमीन विवाद का टालने और बच्चों की पढ़ाई पर तवज्जो देने की बात कही है।इससे उनके जमीन की 6फीट जमीन दूसरे व्यक्ति द्वारा कब्जा किए जाने से उत्पन्न विवाद फौरी तौर पर शांत हो गया है। बता दें कि चुगलो मौजा के अंतर्गत ग्राम बिरना डाबर में खाता 25 प्लॉट 2167 के मध्य 38 डिसमिल गिरधारी मंडल की खरीदगी जमीन पर बगलगीर ने कथित तौर पर 6 फीट जमीन अपने में मिला लिया। गिरधारी मंडल के चार पुत्र हैं। बद्री मंडल,अयोध्या मंडल, सत्यनारायण मंडल एवं प्रदीप मंडल चारों सगे भाई हैं।चारों में मिलकर विचार किया कि जमीन विवाद में उलझने से बच्चों की पढ़ाई और उनके कैरियर पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसलिए जमीन पर कोई विवाद करने से बेहतर बच्चों के पढ़ाई लिखाई पर ध्यान केंद्रित करने की तरकीब उनलोगों ने सोची है। उनके इस कदम की सर्वत्र सराहना हो है। इस बाबत सत्यनारायण मंडल एवं प्रदीप मंडल ने कहा कि 38 डिसमिल जमीन हमारी है। उसपर कोई अवैध निर्माण करता है तो वे कोर्ट की शरण लेंगे। कहा लड़ाई और झगड़े से प्रगति बाधित होती है बच्चों की प्रतिभा कुंठित होती है। कहा कि उनकी जमीन पर अतिक्रमण होता है तो कानूनी लड़ाई लड़कर अवैध निर्माण को भविष्य में तोड़वा देंगे। कहा अभी जल्दीबाजी नहीं करनी है।सत्यनारायण मंडल ने कहा हमलोग बाहर रहते हैं। हो सकता है उनकी जमीन पर कोई अवैध निर्माण हो जाए। लेकिन वे कानूनी लंबी लड़ाई लड़कर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर ही छोड़ेंगे।

# सिमरिया विधायक ने इटखोरी प्रखंड में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के टॉपरों को किया सम्मानित

## प्रखंड के कई जनप्रतिनिधियों ने मानसी को गिफ्ट व गुच्छे दे कर की सम्मानित



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**इटखोरी (चतरा)।** विधायक कुमार उज्जवल दास ने सोमवार को इटखोरी प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं से मिलकर सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास अति प्रसन्नता का अनुभव किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं से परीक्षा और उनकी सफलता से संबंधित बातें साझा की। साथ ही आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इटखोरी की छात्रा शुरू से ही एक अलग पहचान रही है।देव कुमार सिंह ने कहा प्रखंड में टॉप करने पर स्थान हासिल कर अपने माता-पिता व शिक्षकों और स्कूल का नाम रोशन किया है। उसकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सिमरिया विधायक द्वारा सभी बच्चे और उसके माता-पिता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विधायक के द्वारा सम्मानित होने वालों में इटखोरी की रिया कुमारी इंटर विज्ञान में बेहतर अंक प्राप्त की थी, उसे उन्होंने गिफ्ट देकर सम्मानित किया?। इसके बाद वे सोना सिमर गांव के कॉमर्स प्रखंड टॉपर मानसी कुमारी को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किये। इस के बाद वे धुना के दीपक प्रजापति को भी सम्मानित किया। दीपक प्रजापति मैट्रिक में टॉपर रहा है। मौके पर देव कुमार सिंह,डॉ. मृतुन्जय सिंह,शिवकुमार राणा, कमलेश सिंह, रामाधार राम, रतन शर्मा,भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं मानसी कुमारी प्रखंड टॉपर बनने पर रविवार को जनप्रतिनिधियों ने मानसी को की सम्मानित। झारखंड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के नतीजों में इटखोरी प्रखंड की बेटियों ने अपने गांव अपने प्रखंड का नाम रोशन की। मोगला निवासी रणधीर कुमार सिंह माता रचना सिंह की पुत्री मानसी कुमारी प्रखंड टॉपर बनने पर जिला परिषद सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता,धुना पंचायत मुखिया सोनी देवी, कोनी पंचायत मुखिया रंजय भारती, रेखा देवी, कोनी पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी ने मानसी को फुल के गुच्छे दे कर सम्मानित किया। बताते चले कि मानसी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा है मानसी कॉमर्स में 385 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम स्थान और जिला स्तर पर छठा स्थान प्राप्त की है। इस मौके पर रामा शंकर पासवान,समीरा सिंह, रणधीर सिंह, गोदावरी देवी, लोकेश सिंह, लता देवी, प्रमोद सिंह, सुगन्धि देवी, गुनी देवी, नेनुबाला सिंह, लता देवी समेत गांव के अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# दलित राजनीति को हवा देने में जुटी कांग्रेस, 11 जून को बुलाई गई बड़ी बैठक



**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**
**रांची।** राज्य में दलित राजनीति को हवा देने में जुटी प्रदेश कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा विधानसभा और झारखंड उच्च न्यायालय कैंपस में लगाने की मांग की है. राज्य अनुसूचित जाति आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री समिति के गठन की मांग के बाद कांग्रेस की यह डिमांड कहीं ना कहीं राज्य में 50 लाख आबादी वाले हरिजन वोट बैंक को आकर्षित करने के लिए बड़ी चाल मानी जा रही है. इसी संदर्भ में 11 जून को पार्टी ने अनुसूचित जाति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को लेकर बड़ी बैठक सह कार्यशाला आयोजित की जाएगी. जिसमें तैयार प्रस्ताव को झारखंड प्रभारी के.राजू के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मांग पूरा करने का आग्रह करेगा. कांग्रेस भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अनुसूचित जाति को हरिजन बताते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद से अब तक राजधानी में कोई हरिजन हॉस्टल तक नहीं बना है, जिसमें राज्य के सुदूरवर्ती पलामू और अन्य इलाकों से विद्यार्थी आकर राजधानी में रहकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें. मुख्यमंत्री को पिछले दिनों लिखे गए पत्र को सही बताते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले जिस तरह से भाजपा ने बगैर कोई संसाधन के अनुसूचित जाति आयोग में सिर्फ अध्यक्ष की नियुक्ति कर दलित वोट बैंक आकर्षित करने की कोशिश की उससे क्या हरिजन का कोई कल्याण हुआ. उस आयोग में एक भी कोई आवेदन नहीं आए और ना ही कोई समाधान हुआ.
उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह सरकार राज्य की बड़ी आबादी का जीवन स्तर ऊपर लाने की पहल करेगी. इसके लिए प्रयास किए भी जा रहे हैं. मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हम कोई ऋषि-मुनि नहीं हैं, हम एक राजनीतिज्ञ हैं. जाहिर तौर पर इसका कहीं ना कहीं राजनीतिक लाभ तो होगा ही और इसके लिए कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश स्तर पर पार्टी एकमत है और इस दिशा में 11 जून को होने वाली बैठक काफी महत्वपूर्ण होगी. जिसमें प्रदेश प्रभारी के. राजू के अलावे अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी विधायक और नेता मौजूद रहेंगे.



आज दिनांक 9 जून 2025 को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जी की शहादत दिवस पर स्थानीय स्टेशन रोड में स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि आज पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा के 125 वीं पुण्यतिथि माना रहा है यह दिन सिर्फ उनकी वीरता और बलिदान को स्मरण करने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके विचारों और संघर्ष को समझने का भी है। जनजातीय गौरव, आदिवासी समाज के आत्मसम्मान और जल-जंगल-जमीन जैसे प्राकृतिक अधिकारों के लिए उनके नेतृत्व में हुए आंदोलन आज भी प्रासंगिक हैं और इस बात को समझने और उसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन भी है। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ क्रांति के मशाल जलाने वाले जननायक बिरसा मुंडा जी को आज पूरे देश याद कर रहा है महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजाति मूल्य के रक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन इस अवसर पर उपस्थित लोगों में शमीम अहमद राईन ईश्वरी प्रसाद सिंह विद्या सिंह चेरो सन्नू खान सतेंद्र सिंह नाफिज खान अजय साहू मिट्ठू खान हैदर खान अनिल सिंह अमिताभ शर्मा हर्ष साहनी अख्तर अली सुधीर सिंहा तुलसी पासवान सज्जाद अली इत्यादि लोगों उपस्थित है।

# कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न

- योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता एवं पारदर्शिता आवश्यकः उपायुक्त
- निश्चित समय सीमा में योजनाओं को पूर्ण करेंः उपायुक्त




**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, विशेष प्रतिनिधि।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में साइकिल वितरण,प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना , मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, एमएसडीपी/ पीएमजेवीके के साथ कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।
उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पात्र लाभुकों तक पहुँचाया जाए। छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन एवं वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए लाभुक छात्रों को समय से इसका लाभ दिया जाए किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में जाहेर स्थान घेराबंदी, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की स्थिति एवं सुविधाओं का जायजा लेते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभुकों की पहचान, डाटा एंट्री एवं भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपविकास आयुक्त,सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बगोदर ,सरिया तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सेवा संघर्ष सामाजिक सुधार और शहादत बिरसा को भगवान बनायाः अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** आज पूरा देश अकीदत से भगवान बिरसा के सामने नतमस्तक है। ब्रिटिश औपनिवेशिक से जब वे गुरिल्ला युद्ध लड़ रहे थे तब अपनो ने ही पांच सौ रूपये के लालच में सिंहभूम के जंगलों से मुखबिरी कर सोते हुए पकड़वाया था। क्या मजाल कोई सामने से वार कर गिरफ्तार कर ले वो बिजली के करंट थे भगवान बिरसा मुंडा। आदिवासी अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ एक उलगुलान किया और 1895 में अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा दिया। अंग्रेज घबरा गए और पकड़ने के लिए इनाम का घोषणा कर दिया 03 मार्च को पकड़ लिए गए। चाईबासा से खूंटी होते रांची के जेल में बंद कर दिए गए और जहर देकर मौत के मुंह में धकेल दिया गया जहां 09 जून 1900 को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। आज संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने स्टेशन रोड मे स्थापित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि उनके बताए पद चिन्हों पर चलूंगा, जल जंगल जमीन के लिए लडूंगा। आदिम जनजाति, आदिवासी, मूलनिवासी सभी मेरे भाई है हक के सवाल पर कंधा से कंधा मिलाकर कदम ताल करूंगा और शहीदों के सपनों को पूरा करूंगा। हुल जोहार!

# शहादत दिवस पर फॉरवर्ड ब्लॉक ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

- कहा, जल जंगल जमीन संस्कृति बचाने की लड़ाई ही बिरसा को सच्ची श्रद्धांजलि



**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, विशेष प्रतिनिधि।** धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत की 125वीं बरसी पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा कहा कि, उनके सपने अभी अधूरे हैं जिसे पूरा करने के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प हमें लेना चाहिए। यही मौजूदा वक्त उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्थानीय बिरसा चौक पर पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव की अगुवाई में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते चलने का संकल्प दोहराया। मौके पर श्री यादव ने कहा कि, देश की मौजूदा केंद्र सरकार इस देश की संपदा, जल-जंगल-जमीन सब कंपनियों के हाथों लुटाने में लगी है। भगवान बिरसा इसके खिलाफ थे और उन्होंने अबुआ राज (जनता का राज) लाने का सपना देखा था। कहा कि, जो लोग बिरसा मुंडा जैसे अमर शहीदों के सपनों के खिलाफ हैं, आज वे भी उन्हें याद करने का नाटक कर रहे हैं। लोगों को इनसे सचेत रहने की जरूरत है। मौके पर अन्य के अलावा फॉरवर्ड ब्लॉक नेता मनोज यादव, शंभू तुरी, चंदन कुमार, मुकेश यादव, शिवम दास, खुशी दास, राजेश दास आदि थे।

# बंधुबांध जंगल में संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक की शव

## क्षेत्र में फैली सनसनी, हत्या या आत्महत्या पीएम रिपोर्ट के बाद,जांच में जुटी पुलिस



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**
**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मीरपुर पंचायत अन्तर्गत शेरपुर के बंधुबांध जंगल में सोमवार की अहले सुबह संदिग्ध स्थिति में एक युवक की लाश मिली है।युवक के शरीर में चोट के निशान होने से परिजनों के द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद युवक की मौत के कारणों का पता चल पाएगा। हंटरगंज थाना क्षेत्र के शेरपुर निवासी बसंत यादव चारवाहा अपने मवेशी को लेकर चराने हेतु बंधुबांध जंगल गया हुआ इसी दौरान उन्हें तेज दुर्गंध आया जब वह सामने देखा तो एक युवक का शव है चारवाहा बसंत ने तुरन्त फोन के माध्यम से इसकी सुचना मीरपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधी महेन्द्र उजाला को दी। मुखिया प्रतिनिधी ने इसकी सुचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। और शव का पंचनामा करवाई कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि युवक की पहचान बिहार के गया जिला के गुरुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजन गांव निवासी ब्रह्मदेव यादव का 30 वर्षीय पुत्र जीतन यादव है वह टेंपू चालक है । पुलिस ने मृतक के पास से एक गमछा, टेंपू , और एक मोबाइल बरामद की है। बताया जाता है कि मृतक युवक अपने पत्नी से झगड़ कर शनिवार की सुबह अपने घर से निकला था। सोमवार की सुबह उसका शव बंधुबांध जंगल के पास मिला। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 62 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया



सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो

**पाकुड़।** महेशपुर प्रखंड के उपर टोला सोहबिल एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के छोटाघरगी में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 62 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ0 राजेश यादव एवं डॉ मो अफरोज आलम ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

### डीसी ने सांसद निधि, विधायक निधि योजना की प्रगति के कार्यों की समीक्षा की



सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सांसद निधि योजना एवं विधायक निधि योजना में लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित डी.सी विपत्र पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि उक्त सभी फंड विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़ी हैं जिसमें कार्यों के गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें तथा जो कार्य अपूर्ण है उनमें कार्य करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करायें। विधायक निधि एवं सांसद निधि अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यों की डीसी बिल एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र को जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत न होने पर एजेएसएस की बैठक, अंतरिम कमेटी गठित

● शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र के आंदोलन को धारदार बनाने को लेकर हुई चर्चा

मोहित मंसूरी आदिवासी एक्सप्रेस
बरहरवा (साहेबगंज)।

बरहरवा प्रखंड अंतर्गत श्रीकुंड स्थित हाई स्कूल मैदान में रविवार को ऑल झारखंड शेरशाहबादी सोसायटी के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र अब तक निर्गत नहीं किए जाने के मुद्दे को लेकर बुलाई गई थी, जिसमें आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक के दौरान सोसायटी की वर्तमान कमेटी को भंग कर एक 17 सदस्यीय अंतरिम कमेटी का गठन किया गया। जिसके लिए फारोग अहसान, शाहीन अख्तर, तोफाइल शेख, मसूद आलम, शकील अहमद, किफायतुल्लाह, सलमान ताहिर, नदीम अंजुम, मो. अजमाइल, तौफीक उमर, मो. असदक, मोस्तफिजुर रहमान, वासिम अकरम, परवेज आलम, इंतेखाब आलम, अब्दुल तौवाब, वासिम अकरम, मोस्तफिजुर रहमान को चुना गया। यह अंतरिम कमेटी पंचायत स्तर पर नई कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को अंजाम देगी। इसके साथ ही प्रखंड और जिला स्तरीय कमेटियों का भी शीघ्र ही पुनर्गठन किया जाएगा ताकि संगठनात्मक मजबूती के साथ आंदोलन को गति दी जा सके।
बैठक में आगामी कुछ महीनों में आयोजित होने वाले शेरशाहबादी सम्मेलन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि इस सम्मेलन के माध्यम से समाज को एकजुट कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने की मांग को और धारदार बनाया जाएगा।
इस अवसर पर सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य रियाज रजा ने कहा कि 12 वर्षों से हमारे समाज को जातिगत पहचान से वंचित रखा जा रहा है। अब हम चुप बैठने वाले नहीं हैं। पंचायत से लेकर जिला स्तर तक संगठन को सशक्त किया जाएगा और यदि जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। हमारी मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना का किया जाएगा तीन दिवसीय स्थल निरीक्षण

सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो




**पाकुड़।** केंद्रीय नोडल पदाधिकारी, निदेशक, पंचायती राज विभाग, भारत सरकार विपुल उज्वल, एवं पूर्व मुख्य अभियंता, राजस्थान सरकार सह सदस्य निर्मल चित्तोड़ा ने पाकुड़ जिले का किया भ्रमण।
केंद्रीय टीम के द्वारा साहेबगंज-पाकुड़-दुमका मेगा बल्क वाटर सप्लाई स्कीम का किया गया निरीक्षण पाँच मुखिया एवं जलसहिया को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया सम्मानित
सोमवार को केंद्रीय नोडल पदाधिकारी, निदेशक, पंचायती राज विभाग, भारत सरकार विपुल उज्वल एवं पूर्व मुख्य अभियंता, राजस्थान सरकार सह सदस्य श्री निर्मल चित्तोड़ा के द्वारा पाकुड़ मेगा बल्क वाटर सप्लाई स्कीम का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के उपरांत समाहरणालय स्थित सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत साहिबगंज- पाकुड़ - दुमका मेगा जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के दौरान उनके द्वारा कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और आमजन को मिलने वाले लाभों के संबंध में गहन चर्चा की गई। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा किए जाएं। बैठक के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की कार्यपालक अभियंता के द्वारा यह जानकारी दी गई कि साहिबगंज-पाकुड़ -दुमका बल्क वाटर सप्लाई स्कीम के तहत कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने एवं जलापूर्ति की दिशा में ठोस कार्य किया गया है जबकि कुछ क्षेत्रों में तकनीकी चुनौतियों के कारण कार्य जारी है। जिसे निर्धारित समय सीमा की भीतर पूर्ण करने की निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जिला प्रशासन योजना को सफल बनाने हेतु पूर्ण तत्परता से कार्य कर रहा है और हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण करें और योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत किए जाएं। बैठक में संबंधित अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और समस्याओं पर चर्चा की गई।
विपुल उज्वल, केन्द्रीय नोडल पदाधिकारी सह निदेशक के द्वारा सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे समन्वय स्थापित कर इस महत्वाकांक्षी योजना को शीघ्र पूर्ण करें ताकि आमजनों को जल्द से पेयजल की समस्याओं से लाभान्वित किया जा सके।
सोमवार को केंद्रीय टीम के द्वारा पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत मेगा गंगा जलापूर्ति योजना अंतर्गत साहिबगंज जिले में निर्मित किए जानेवाले इंटेकवेल, पाइप लाइन कार्य, डब्लू0 टीश पीश, मालपहाड़ी स्थित फ्लोटी जेटी का स्थलीय निरीक्षण किया गया।
केंद्रीय टीम के द्वारा ÷मेगा जलापूर्ति योजना ÷के तहत पंचायत दादपुर के ग्राम सैजा के निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए पंचायत के ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त श्री महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू , विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़, अल्फ्रेड मुर्मू, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ के कार्यपालक अभियंता श्री अनंत प्रसाद सिंह, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, कल्पतरु के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## हिरणपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक संविधान बचाओ कार्यक्रम को सफल बनाने का लिया गया निर्णय

अमृत ठाकुर मो राजू बने प्रखंड उपाध्यक्ष

सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस



**हिरणपुर (पाकुड़)।** सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम ने किया बैठक मोहनपुर स्थित अस्थाई कार्यालय में किया गया बैठक में आगामी कार्यक्रम संविधान बचाओ संगठन सृजन प्रखंड अंचल में चल रहे भ्रष्टाचार बिजली की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी रविवार को अबजे संविधान बचाओ कार्यक्रम किया जाना है उसमे अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होना सुनिश्चित करेंगे वही प्रखंड में योग्य लाभुको को आवास पेंशन की सुविधा नही मिल पा रहा है अंचल में दाखिल खारिज ऑन लाइन खजाना कटवाने में लगातार समस्या उत्पन्न हो रहा है अगर सुधार नही हुआ तो जल्द इसके लिए आंदोलन करेंगे प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए नए नियम के तहत दो उपाध्यक्ष अमृत ठाकुर मो राजू अंसारी महासचिव में मो मुस्ताक मुजामिल को बनाया गया जल्द मंडल कमेटी एक सप्ताह के अंदर बनाने का निर्णय लिया गया प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की जो समस्या आई है संज्ञान में उसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी से बात कर समाधान किया जायेगा बैठक अमृत ठाकुर मो मुस्ताक मो मुजालिम शिव लाल मरांडी मन्नाफ अंसारी रोगा मोमिन उपस्थित थे।



गाँधी मैदान के सामने निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स का उपायुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा,जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।
75 लाख की राशि के लागत से दुर्गा स्थान के सामने जिला परिषद के जमीन पर बहु-उद्देशीय भवन का निर्माण किया गया है एवं 89 लाख की लागत से जिला परिषद कार्यालय के पश्चिमी छोर पर गाँधी मैदान के सामने मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है।
उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही प्रक्रिया के तहत इन दोनों भवनों की बंदोबस्ती करायी जाएगी इससे जिला परिषद के आंतरिक राजस्व में वृद्धि होगी।
इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ आयोजन

सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो



**पाकुड़।** कृषि विज्ञान केंद्र, महेशपुर एवं कृषि एवं संबद्ध विभाग द्वारा संयुक्त रूप सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन महेशपुर प्रखंड के 2 टीमों द्वारा कुल 6 गांव यथा अभुआ, नारायणगढ़, खुरीडीह, चांदपुर, सीतारामपुर एवं देवीनगर में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया।
मौके पर ICAR के वरीय वैज्ञानिक डॉ आर एस पान उपस्थित हुए एवं किसानों को पोषण सुरक्षा के तहत सब्जी की खेती करने के लिया प्रेरित किया। उन्होंने अभुआ में उपस्थित 60 किसानों को स्वर्ण मुकुट प्रभेद का बोदी का बीज, सोयाबीन का बीज, फ्रेंचबीन बीज, सेम इत्यादि का बीज वितरण किया।
साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार ने धान की खेती, प्राकृतिक खेती, बीजोपचार, जमीन के अनुसार धान के विभिन्न प्रभेद का चयन, खरीफ फसलों का उचित प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, कृषि यंत्रों का उपयोग इत्यादि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। किसानों को ऊपरी जमीन के लिए दलहन एवं तेलहन फसल जैसे अरहर एवं मूंगफली की खेती, मध्यम ऊंचाई की जमीन के लिए कम अवधि में तैयार होने वाली धान की उच्च गुणवत्ता एवं अधिक उपज देने वाली प्रजातियों जैसे सहभागी, ललाट, नवीन की खेती, मकई का फसल लगाने एवं निचली जमीन हेतु स्वर्णा एवं राजेंद्र मंसूरी धान लगाने की सलाह दी गई। विभिन्न फसलों में कीट एवं समेकित पोषक तत्व प्रबंधन हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई। मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगियां के बारे में किसानो को विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजना जैसे किसान समृद्धि योजना, पीएम कुसुम योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना,बीज विनिमय एवं वितरण योजना,खाद्य और पोषण सुरक्षा योजना,बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड योजना, फसल सुरक्षा योजना, बकरा विकास योजना, शूकर विकास योजना, कुक्कुट योजना, बत्तख पालन योजना, तालाब निर्माण योजना,तालाब जीर्णोद्धार योजना, उद्यान विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत आम,अमरूद,पपीता का पौधा वितरण इत्यादि की जानकारी दी गई।
मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ संजय कुमार, डॉ करुणा शंकर, सुश्री अलोका बागे, सुरेंद्र मुंडा, राहुल कुमार, आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक शांतनु कुमार शील, अभिजीत कुमार शील उपस्थित रहे।

### 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव पर पूर्णतय रोक

सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार के निदेशानुसार सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, इस्टर्न जोन कोलकता द्वारा पारित आदेश तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत रेत खनन प्रबंधन दिशा निर्देश 2016 के आलोक में पाकुड़ जिलान्तर्गत सभी नदी बालूघाटों से मॉनसून सत्र (दिनांक 10.06.2025 से दिनांक 15.10.2025 तक) में नदी तल से बालू का उठाव पर पूर्णतः रोक रहेगी। अतः उक्त परिपेक्ष्य में यदि नदी बालूघाटों से बालू का उठाव करते हुए पाये जाते है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### MANAS Portal के सवर्भ में जानकारी रखें एवं उन्हें इसके उपयोग हेतु प्रेरित किया जाए

**दुमका।** डिजिटल इण्डिया कॉरपोरेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से विकसित MANAS Portal नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरुआत की गयी है। पोर्टल नागरिकों को मादक पदार्थ से संबंधित अपराध के खतरे को रोकने के लिए आगे आने एवं सरकार के व्यापक प्रयासों में सामूहिक रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित करने का कार्य करती है। इस पोर्टल पर सूचनादाताओं की पूर्ण रूप से गोपनीयता रखी जाती है। मादक पदार्थ के अपराध पर नियंत्रण हेतु आम लोगों की सहभागिता आवश्यक है। इसलिए यह भी आवश्यक है कि अधिकाधिक संख्या में लोग MANAS Portal के सवर्भ में जानकारी रखें एवं उन्हें इसके उपयोग हेतु प्रेरित किया जाए।
प्लेटफॉर्म की विशेषताएं:-
24*7 हेल्पलाइन नंबर-1933
गोपनीयता-सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी
जानकारी साझा करें- नशीले पदार्थों की तस्करी अवैध खेती,परामर्श और पुनर्वास तथा विविध/अन्य के माध्यम से
परामर्श और पुनर्वास- मानस हेल्पलाइन-1933 के माध्यम से
ईमेल- info.ncbmanas@gov.in
मानस वेब पोर्टल- www.ncbmanas.gov.in

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें किया नमन



**दुमका।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त श्री अभिजीत सिन्हा ने आज उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने आदिवासी समाज के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष किया और अपने अद्भुत साहस व नेतृत्व से समाज को नई दिशा दी।
इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को उनके पदचिन्हों पर चलने और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की अपील की।जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन एवं आइडेंटिफिकेशन पर बैठक आयोजित की गई

सुस्मित तिवारी
आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो



पाकुड़ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्य रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि यदि किसी मतदान केंद्र में मिनिमम फैसिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो वहां आवश्यकतानुसार सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही जिन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की दूरी अधिक है, वहां अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने की दिशा में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने को भी कहा गया।
उपायुक्त ने बताया कि वैसे मतदान केन्द्र जहाँ 1200 से अधिक मतदाता है, वैसे मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण किया जाना है। जर्जर मतदान केन्द्र का भवन परिवर्तन करना। युक्तिकरण की योजना बनाते समय यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मतदाताओं की संख्या यथासंभव एक ही स्थान पर स्थित मतदान केन्द्र में किया जाय ताकि मतदाताओं की परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदान केन्द्र में मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।
**सभी पदों को भरना:** मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित सभी रिक्त पदों यथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बी0एल0ओ0 पर्यवेक्षक एवं बी0ए0लो0 को तत्काल भरा जाय। साथ ही मतदान केन्द्रों की संख्या में होने वाले वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नये बनाए गये मतदान केन्द्र के लिए अतिरिक्त बी0एल0ओ0 की पहचान एवं नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बी0एल0ओ0 पर्यवेक्षक एवं बी0ए0लो0 को सभी प्रासंगिक कानून और दिशा-निर्देश का प्रशिक्षण दिया जाना है, साथ ही नये आईटी एप्लीकेशन की जानकारी भी दिया जाना है। नये प्रत्याशित मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्ति किए जाने वाले अतिरिक्त चिन्हित बी0एल0ओ0 को भी इसी तरह प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया।
बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# टिक-टिक करती प्रलय की घड़ी और तबाही की तरफ खिसकती दुनिया

## >> विचार

> “ लेकिन 1 मई को हालात अचानक बदल गए. जो हिमांशी कल तक सबकी प्रिय थीं, उनके खिलाफ ट्रोलिंग शुरूहो गई और सोशल मीडिया पर उनके प्रति घृणा का वातावरण बन गया. उनके खिलाफ लोग (ट्रोल) जहर उगलने लग गए. दिवंगत अधिकारी की पत्नी के प्रति सहानुभूति अचानक घृणास्पद. हिमांशी की ‘गलती’ केवल इतनी थी कि उन्होंने 1 मई को करनाल (हरियाणा) में अपने दिवंगत पति के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में अपील की थी कि ‘मैं किसी के प्रति कोई नफ़रत नहीं चाहता. यही हो रहा है. लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के ख़िलाफ़ जा रहे हैं. हम ऐसा नहीं चाहते. हम शांति चाहते हैं और सिर्फ़ शांति. बेशक, हम न्याय चाहते हैं।

**आकार पटेल**

'डूम्स डे क्लॉक' यानी कयामत का समय बताने वाली प्रलय घड़ी एक ऐसा उपकरण है जिसे लोगों को चेतावनी देने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि मानव जाति खतरनाक तकनीकों के साथ हमारी दुनिया को खत्म कर देने के कितने करीब है। इस घड़ी पर समय विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित किया गया है ताकि यह दर्शाया जा सके कि हम विनाश (आधी रात) से कितनी दूर हैं, और अगर इसे सही और सटीक मानें तो हम दुनिया के अंत के इतना करीब पहुंच चुके हैं जितना पहले कभी नहीं थे।यह घड़ी 1947 में बनाई गई थी, जो भारत की स्वतंत्रता का वर्ष था, जब वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों का खतरा सर्वाधिक था। उससे दो साल पहले ही नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए गए थे, और सोवियत संघ अपने परमाणु हथियार विकसित कर रहा था। उसने 1949 में ही यह क्षमता हासिल कर ली, फिर यूनाइटेड किंगडम ने 1952 में, फ्रांस ने 1960 में और चीन ने 1964 में परमाणु हथियार बना लिए।भारत ने भी 1974 में खुद को परमाणु हथारों से लैस कर लिया था और फिर 1990 के दशक में पाकिस्तान ने भी अपनी परमाणु क्षमता का प्रदर्शन किया। माना जाता है कि इजरायल और उत्तर कोरिया के पास भी परमाणु हथियार हैं और वह वक्त दूर नहीं जब ईरान भी इन्हें हासिल कर ले।1980 के दशक में, जब मैं अमेरिका में छात्र था, तो इस सबसे जुड़ा हुआ सबसे अहम तत्व रणनीतिक रक्षा पहल नामक कुछ था, जिसे स्टार वार्स कहा जाता था। इसके तहत रोनाल्ड रीगन प्रशासन एक ऐसी प्रणाली विकसित कर रहा था जो अमेरिका को अपनी आक्रमक क्षमता को बनाए रखते हुए आने वाली मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम कर देगा। शायद इस कारण ही कयामत की घड़ी में समय को आगे बढ़ाया गया। सोवियत संघ के विखंडन के बाद, 1991 में प्रलय की इस घड़ी को आधी रात से 17 मिनट पीछे कर दिया गया, जो तब तक का सबसे दूर का समय था। परमाणु हथियारों का खतरा काफी हद तक कम हो गया था। कम से कम खबरों में तो यही सुना-पढ़ा जा रहा था। 1991 से पहले परमाणु हथियारों




पर आज की तुलना में कहीं ज़्यादा रिपोर्ट आती थीं, विश्लेषण होते थे, सिविल सोसायटी ग्रुप (जैसे पगवाश) ज़्यादा सक्रिय थे।इसकी वेबसाइट के अनुसार वर्तमान में घड़ी में समय सेट करने वाले 18 व्यक्ति हैं, जिनमें तीन दक्षिण एशियाई मूल के हैं (जिनमें से एक आईआईटी, दिल्ली में प्रोफेसर हैं)।दो दशक पहले, प्रलय की घड़ी में जलवायु परिवर्तन समेत अन्य खतरे शामिल किए जाने लगे थे और अब इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे नए खतरों को भी शामिल करना होगा। ध्यान रहे कि मानव जाति खुद को नष्ट करने के लिए सभी तरह के नए तरीकों का तेजी से आविष्कार कर रही है। इस साल की शुरुआत में, 28 जनवरी को जब ये लोग इस नतीजे पर पहुंचे कि 1947 के मुकाबले 2025 में हम नष्ट होने के कहीं ज्यादा नजदीक पहुंच चुके हैं।इसमें कहा गयाः "अब हम मध्य रात्रि यानी नष्ट होने के 89 सेकेंड और नजदीक पहुंच गए हैं। 2024 में, मानवता तबाही के और भी करीब पहुंच गई है। विज्ञान और सुरक्षा बोर्ड को गहराई से चिंतित करने वाले रुझान जारी रहे, और खतरे के स्पष्ट संकेतों के बावजूद, राष्ट्रीय नेता और उनके समाज दिशा बदलने के लिए ज़रूरी कदम उठाने में नाकाम रहे। नतीजतन, अब हम प्रलय की घड़ी को 90 सेकंड से आधी रात से 89 सेकंड आगे ले जा रहे हैं - यह तबाही के अब तक के सबसे करीब है। हमारी हार्दिक आशा है कि नेता दुनिया की बरबादी करने वाले हालात को पहचानेंगे और परमाणु हथियारों, जलवायु परिवर्तन, जैविक विज्ञान और विभिन्न उभरती प्रौद्योगिकियों के संभावित दुरुपयोग से पैदा होने वाले खतरों को कम करने के लिए साहसिक कदम उठाएंगे।" जनवरी में ऐसा किया जाने के बाद से अब तक बहुत कुछ हो चुका है। रूसी हवाई अड्डों पर ड्रोन हमले ने, उसकी सबसे महत्वपूर्ण हवाई सामग्री और उपकरणों को नष्ट कर दिया, जिससे यूक्रेन युद्ध में और तेजी आ गई। गाजा में इजरायली नरसंहार जारी है और अब इजरायली सरकार फिलिस्तीनियों को भूखा मार रही है, लेबनान जैसे नजदीकी देशों और यमन जैसे दूर के देशों के खिलाफ खुले संघर्ष कर रही है। अमेरिका की अगुवाई एक विशेष रूप से अटपटा नेता कर रहा है। व्यापार से लेकर ताइवान तक के मामलों में चीन के खिलाफ अमेरिका ने जो तनाव पैदा किया है, वह और भी बढ़ गया है। और हां, कुछ ही हफ्ते पहले भारत ने एक ऐसे संघर्ष में हिस्सा लिया था, जिसके बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार दावा करते हैं कि उससे परमाणु युद्ध होने का खतरा था। ऊपर दिए गए सारे मामलों के साथ ही हमें जलवायु परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई के प्रभाव से होने वाले खतरों को भी जोड़ना चाहिए।इनमें से दूसरे क्षेत्र में, चीजें इतनी तेजी से आगे बढ़ रही हैं कि इस बात की कोई वास्तविक समझ नहीं है कि खतरा कितना निकट है, या यहां तक कि खतरे की प्रकृति कैसी होगी। तकनीक के सबसे करीब रहने वाले लोग सबसे अधिक भयभीत (इस मामले में शिक्षाविद) और सबसे अधिक खारिज करने वाले (यदि वे एआई के विकास से लाभ कमाने वाली कंपनियां हैं) हैं और इसलिए बाहरी लोगों के लिए इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। यह देखते हुए कि यह अब अमेरिका और चीन के कॉर्पोरेट क्षेत्रों के बीच एक दौड़ है, न कि सरकारों द्वारा नियंत्रित परमाणु हथियारों की दौड़, इसे नियंत्रित करना किसी भी मामले में संभव नहीं है। और जब यह रेस और तेज होकर बढ़ जाएगी तो जल्द ही हमें पता चल जाएगा किआखिरी नतीजा तबाही होगी या अप्रत्याशित लाभ। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैलाने और ड्रोन जैसे सैन्य प्रयोगों में एआई की भूमिका हमें पहले से ही संकेत दे रही है कि नतीजे अच्छे से कहीं ज्यादा बुरे हो सकते हैं। ध्यान रहे कि हमने एक और महामारी की संभावना पर चर्चा तक नहीं की है। या उस अराजकता और अशांति के बारे में भी नहीं सोचा है जो मुट्ठी भर खरबपतियों और अरबों गरीबों वाली दुनिया में जल्द ही आ जाएगी। प्रलय की घड़ी हमें चेता रही है और हमारे अस्तित्व पर मंडराते खतरे और जोखिम को कम करने की कोशिशें शुरु करने को प्रोत्साहित करने का प्रयास करती है। लेकिन मेरी राय में यह इसमें काफी हद तक नाकाम ही साबित हुई है। अगर हम इस बात पर विचार करें कि भारत सहित दुनिया भर में रात में किस तरह की खबरें सुनी जाती हैं, तो हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि मानव जाति अन्य घटनाओं से अधिक परेशान है। कुछ लोगों के लिए ये घटनाएं उन बहुत गंभीर चीज़ों की तुलना में मामूली हो सकती हैं, जिनमें हम अपनी पृथ्वी को धकेल रहे हैं। लेकिन हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि वे अधिकांश मानव जाति के मनोरंजन के लिए इतने महत्वपूर्ण हैं कि खतरे की घड़ी की टिक टिक सुनाई नहीं दे रही है।

## संपादकीय

# आतंकिस्तान पर बात करें

आश्चर्य है कि जिस देश का पर्याय नाम ‘आतंकिस्तान’ हो, जो आतंकियों की फंडिंग के गंभीर आरोपों में ‘फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स’ (फाट्फ) की ‘ग्रे सूची’ में तीन बार डाला जा चुका हो, जिस देश में ‘अलकायदा’ के सरगना और 9/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को अमरीकी सैनिकों ने ढेर किया हो, जिस देश में पाले-पोसे गए आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में, बीते 35 सालों में, करीब 45,000 मासूम, बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जिन आतंकियों और उनके संगठनों पर पाबंदियां चस्पा की हैं, उस सूची में अधिकतर नाम जिस देश के आतंकियों के हों, जिस देश के रक्षा मंत्री ने कबूल किया हो कि अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों की मदद के लिए उनके देश ने, बीते 30 सालों में, आतंकियों को पाला-पोसा था, उस देश का नाम पाकिस्तान है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की दो महत्वपूर्ण समितियों में ओहदे दिए गए हैं। पाकिस्तान के खैबर इलाके में इस संगठन का लगभग वर्चस्व है और वे पाकिस्तान के फौजियों की हत्याएं करते रहे हैं। अहम सवाल यह है कि पाकिस्तान अध्यक्ष के तौर पर तालिबान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की सिफारिश किस आधार पर करेगा? अभी हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री और अफगानिस्तान की स्वयंभू तालिबान सरकार के विदेश मंत्री की मुलाकात चीन के विदेश मंत्री ने अपने देश में कराई थी। चीन यह दोस्ती ‘इस्लाम’ के आधार पर करवा रहा है, लेकिन अफगानिस्तान भारत के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ रखना चाहता है। यही मलेशिया और इंडोनेशिया ने भी किया और पाकिस्तान की ‘इस्लामी थ्योरी’ को खारिज कर दिया। बेशक सुरक्षा परिषद की बैठकों में भारत पाकपरस्त आतंकवाद को बेनकाब करेगा। दरअसल कुछ बुनियादी गलतियां अमरीका ने की हैं। एक तरफ अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत-पाक को एक ही तराजू में तोलते हुए दोनों देशों को ‘महान’ करार देते हैं, तो दूसरी तरफ अमरीका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर आतंकवाद के खिलाफ भारत को मजबूत समर्थन की बात करते हैं। अमरीकी सांसद ब्रेड शेरमैन पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को लताड़ लगाते हुए कहते हैं-‘पाकिस्तान पहले जैश-ए-मुहम्मद को तो खत्म करे।’ यदि अमरीका और चीन पाकिस्तान को समर्थन नहीं देते, तो सुरक्षा परिषद में यह ओहदेदारी पाकिस्तान को नहीं मिल सकती थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से भी अरबों के बेलआउट पैकेज पाकिस्तान को नहीं मिल सकते थे, यदि अमरीका मदद न करता। इसके मायने ये भी हो सकते हैं कि भारत की विदेश नीति पिछड़ गई है, क्योंकि अमरीका पाकिस्तान को ज्यादा भाव दे रहा है। अमरीका की यह दोगली कूटनीति है। एक ओर भारत उसका रणनीतिक साझेदार है, लेकिन आतंकवाद पर अमरीका दोगली नीति खेल रहा है। क्या जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी-ट्रंप दोगली कूटनीति-आतंकिस्तान पर बात करेंगे?

# नये कश्मीर के लिए नई उम्मीद जगाती एक ट्रेन

**ज्योति मल्होत्रा**

वर्ष 1897 में हुई सारागढ़ी की लड़ाई के एक साल बाद (वह इलाका अब पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत में है) और लगभग उस वक्त, जब चीन एक विदेशी शासन के खिलाफ विद्रोह (जिसे बॉक्सर विद्रोह के रूप में जाना जाता है) में लिप्त था, 1898 में डोगरा महाराजा प्रताप सिंह ने तत्परता से ब्रिटिश इंजीनियरों को रेलवे लाइन बनाने के वास्ते नियुक्त किया था, वह जो उनके राज के जम्मू संभाग को कश्मीर घाटी से जोड़ सके। आज जब कटरा से वंदे भारत ट्रेन पहली बार श्रीनगर के लिए निकली झ्र जिसकी सभी टिकटें बिक चुकी थीं झ्र दुनिया के कुछ सबसे खूबसूरत दृश्यों के बीच से होते हुए और साथ ही हिंदू-बहुल जम्मू और मुस्लिम-बहुल कश्मीर के दिलो-दिमाग को जोड़ते हुए, तो महाराजा का वह सपना आखिरकार फलीभूत हो गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के माध्यम से रेलवे और केंद्र के सभी बुनियादी ढांचा मिशनों को आगे बढ़ाने का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी ले सकते हैं,न केवल चिनाब पर इंस्टा-रेडी आर्च ब्रिज बनाने के लिए, बल्कि जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच 272 किलोमीटर लंबी पटरियों पर 38 सुरंगों और 927 पुलों के लिए भी। सात जून निश्चित रूप से खास है- पाकिस्तान में आतंकियों के कई मुख्य ठिकानों पर 7 मई को किए गए हमले के ठीक एक महीने बाद, जिसमें वहां के पंजाब प्रांत के बीचों-बीच मुरीदके और बहावलपुर स्थित अड्डे भी शामिल थे, पहली बार यह रेलगाड़ी चली है। ट्रेन पर सवार यात्री पर्यटक होने से कहीं अधिक थे; वे दो विचारों के बीच मेल की जीवंत पुष्टि कर रहे थे। पहला, कि गोलियां बहादुरों को नहीं रोक सकतीं और दूसरा, कि केवल कायर ही अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी बात समझाने के लिए मतपत्र की बजाय उसे




मिटाने के लिए गोलियों का इस्तेमाल करते हैं। कश्मीर के लिए यह ट्रेन मरहम और प्रमाण, दोनों का काम करती है झ्र वास्तव में तीन किस्म का प्रमाण। पहलगाम के नृशंस नरसंहार के कारण अमीर खुसरो की जन्नत में पर्यटन लगभग ठप्प सा हो गया था। कश्मीरियों ने मस्जिदों से और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करके अपना दुख और गुस्सा जाहिर किया। यह इस बात का पहला सबूत है कि नए कश्मीर में मिज़ाज बदला-बदला सा है। बेचारा असीम मुनीर। तथाकथित ‘दो-राष्ट्र सिद्धांत’ को दलदल से बार-बार बाहर निकालने की पाकिस्तान की हसरतों को किसी और ने नहीं बल्कि उसी कश्मीरी ने नाकाम कर दिया, जिसके नाम पर इस सिद्धांत को उछाला जाता है। वे 1947 में यह नहीं चाहते थे और 2025 में भी ऐसा नहीं चाहते। पाकिस्तान के सेना प्रमुख एक ‘सयाने’ व्यक्ति हैं; अब समय आ गया है कि वे कश्मीरी आवाम के इस संदेश को बूझें और समझें :‘कश्मीर को अकेला छोड़ दो’। मुनीर और उनके सैन्य प्रतिष्ठान को पता होना चाहिए कि पहलगाम हिंसा अनुच्छेद 370 के ताबूत में आखिरी टेढ़ी कील साबित होगा। कश्मीर के अंदर तमाम वो लोग जिन्होंने 2019 में अपने ‘विशेष दर्जे’ के अंत का शोक मनाया था, और आज भी ‘आज़ादी’ रूपी भ्रम में यकीन रखते हैं, आज, इस बड़े खेल के बड़े जोखिम को अब पूरी तरह से समझ गए होंगे। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को भी जम्मू और कश्मीर में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न होने के बाद गुजरे नौ महीनों को लेकर कुछ आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। और सवाल करें कि असीम मुनीर के ‘दो-राष्ट्र सिद्धांत’ के खिलाफ सबसे अच्छे हथियार के रूप में पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली, उस सूबे को क्यों नहीं दी जा सकती, जिसने लोकतंत्र के पक्ष में जी-जान से मतदान किया झ्र और इस प्रकार भारतीय संघ के साथ एकीकरण किया। विडंबना का इसके अधिक सबूत क्या होगा- जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जिन्हें अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद हर विरोध को कुचलने के उपायों के अंतर्गत 5 अगस्त, 2019 को नजरबंद कर दिया गया था, शुक्रवार को चिनाब पुल पर प्रधानमंत्री की बगल में खड़े थे और जहां उन्होंने पूछा कि उनका रुतबा एक पूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री से घटाकर केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में क्यों किया गया। जहां उनके इन शब्दों में हास्य और शालीनता, दोनों थे, वहीं दर्द भी झलक गया। आम कश्मीरी राजनेता, खासकर मुख्यमंत्री, जिसे वहां वजीर-ए-आला कहकर पुकारा जाता है, क्या वजीर-ए-आला (प्रधानमंत्री) उसे भरोसा करने लायक नहीं समझते? सच तो यह है कि कानून एवं व्यवस्था, सुरक्षा, पोस्टिंग और अभियोजन के मामलों में लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा के पास मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की तुलना में कहीं अधिक शक्ति है। अब्दुल्ला चाहते तो नाममात्र के मुख्यमंत्री बना दिए जाने पर अपनी भड़ास पहलगाम में साइकिल चलाकर या गुलमर्ग में स्कीइंग करके निकाल सकते थे, क्योंकि जो काम कायदे से उनका है, वह शक्ति संपन्न बना दिए गए उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा कर रहे हैं। लेकिन उमर अब्दुल्ला ने अपने काम की रूपरेखा को फिर से गढ़ा है, नए कश्मीर का नया मुख्यमंत्री, जो उन लोगों तक पहुंच रहा है और उनका दर्द कम करने की कोशिश कर रहा है, जिन्होंने गुजरे सालों में काफी भुगता है। भगवान जाने, उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। इस काम की रूपरेखा को यह दरकार भी है कि आप अपने निजी अभिमान और अहंकार को निगल लें, खासकर इसलिए भी क्योंकि केंद्र में सत्ता में बैठे अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वियों के साथ काम करने के लिए यह जरूरी है। उनके सहयोग बिना, आपको मालूम हो कि आप कुछ भी नहीं हैं। दूसरा प्रमाण वह है, जो दर्शाता है कि कश्मीर में चीजें कैसे बदल गई हैं। युवा अब्दुल्ला जानते हैं कि उन्हें न केवल उन्हीं प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह से राबता रखना है झ्र जिन्होंने उनको नजरबंद किया था- बल्कि वे एक मुरझाते हुए इंडिया गठबंधन के प्रति अपनी वफादारी के बारे में अधिक नहीं सोच सकते। तीसरा प्रमाण पीएम मोदी का अपना है। कटरा में उन्होंने कहा : ‘पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत, दोनों पर हुआ हमला।’ उन्होंने 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी के दिए एक नारे का हवाला दिया, जब पूर्व प्रधानमंत्री ने कश्मीर को मरहम लगाने की आवश्यकता बताई थी और कहा था कि सभी कश्मीरियों के साथ बातचीत ‘कश्मीरियत, इंसानियत और जम्हूरियत’ के व्यापक दायरे में हो सकती है। क्या इससे प्रधानमंत्री का अभिप्राय यह है कि भारत के मुकुट के रत्न के लिए एक नया ‘हीलिंग टच’ तैयार किया जा रहा है? पिछले साल चुनावों के दौरान भी इनमें से कुछ अवयव निश्चित रूप से मौजूद थे, जब जमात-ए-इस्लामी उम्मीदवारों को जेल से रिहा करके, चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई। इससे पहले भी जमात के साथ परदे के पीछे बातचीत के प्रयास जारी रहे हैं; इस साल की शुरुआत में, जमात के पूर्व सदस्यों ने मिलकर एक नई राजनीतिक पार्टी, जस्टिस एंड डेवलपमेंट फ्रंट का गठन किया था। रेलगाड़ी का काम है लोगों, सामान और विचारों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना। कश्मीर के लिए यह रेलगाड़ी पहले से ही नई चर्चाओं को जन्म दे रही है। शायद इसने अपना उद्देश्य पूरा कर लिया है। जम्मू-कश्मीर में अब हालात पहले जैसे कभी नहीं रहेंगे।लेखिका ‘द ट्रिब्यून’ की प्रधान संपादक हैं।

# नींद छिनी, सुकून गया, स्क्रीन में उलझा बचपन

**डॉ. ज्योति सिडाना**

कहा जाता है कि अच्छी हंसी और लंबी नींद अधिकांश बीमारियों का सबसे अच्छा इलाज है। उत्तम स्वास्थ्य के लिए नींद बहुत जरूरी है। परन्तु पिछले कुछ दशकों में बच्चों और किशोरों में नींद की कठिनाइयों में वृद्धि देखी गई है। डिजिटल युग के आने के बाद इंटरनेट ने सोशल मीडिया तक सबकी पहुंच को आसान बना दिया है। इस सोशल मीडिया ने लोगों को भले ही सोशल/सामाजिक बना दिया हो लेकिन इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि लोगों में मानसिक और शारीरिक व्याधियों को भी तेजी से विकसित किया है। कहा जा सकता है कि यह एक प्रकार का डिजिटल नशा है, जो बच्चों और किशोरों को भी अपने आगोश में ले चुका है। ऐसा माना जाता है कि बाल्यावस्था मानव जीवन का एक महत्त्वपूर्ण चरण है, जहां मनुष्य दुनिया के गम, परेशानी, तनाव और संघर्ष से अनजाना होता है। हर दिन आनंद लेता है परंतु क्या आज के दौर के बच्चों पर यह लागू होता है, संभवतः नहीं। बचपन तो शरारत, चंचलता, मस्ती, जिद और सिबलिंग्स व दोस्तों के साथ रूठने, मनाने और झगडने से भरा होता है। मानव के जीवन काल की यह सबसे खूबसूरत अवस्था है, जिसमें न तो किसी जिम्मेदारी का अहसास होता है और न ही कोई चिंता सिर्फ ‘खाओ-पीयो और ऐश करो’ की जीवन शैली होती है। लेकिन आज की पीढ़ी के बच्चों ने अपने बचपन को जिया ही नहीं, इनकी मासूमियत बहुत जल्दी ही परिपक्वता में बदल गई, टेक्नोलॉजी और मीडिया सोसायटी ने उम्र और समय से पहले ही इनका बचपन छीन लिया। नीति आयोग के स्वास्थ्य विभाग ने हाल में 12 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के स्कूली किशोरों की नींद से जुड़ी आदतों और उसके प्रभाव को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश के एक-चौथाई स्कूली बच्चे आज पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं, जिससे न केवल उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि बच्चों के सोचने-समझने की क्षमता भी प्रभावित होती है।इसमें कोई दो राय नहीं है कि सूचना क्रांति और उपभोक्ता बाजार ने बच्चों के अपरिपक्वमस्तिष्क पर सूचनाओं का हमला बोल दिया है, जिसके कारण उसे अपनी मानसिक क्षमता को अत्यधिक विस्तार देने की आवश्यकता होती है, ताकि वह उन समस्त सूचनाओं (जो कि आवश्यकता से अधिक हैं और संभवतः गैर-जरूरी भी हैं) को अपने ज्ञान भंडार में रख सकें और स्वयं को जीवन की दौड़ में सफल साबित कर सकें। इस सफलता की संभावना ने बच्चों को उपभोक्ता में बदल दिया है और उनकी स्वाभाविकता भी समाप्त कर दी। यह भी एक तथ्य है कि पहले जो बीमारियां वृद्धावस्था में होती थीं आज किशोर और युवावस्था में या उससे भी पहले देखी जा सकती हैं जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर, अस्थमा, दिल का दौरा इत्यादि। मेडिकल रिसर्च के अनुसार 80 से 90 प्रतिशत बीमारियां अनिद्रा, तनाव, असंतुलित भोजन के कारण होती है। इसलिए हर बच्चे को प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद अवश्य लेनी चाहिए, ताकि उनमें मानसिक और शारीरिक संतुलन बना रहे। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पर्याप्त नींद और संतुलित भोजन से ही अधिकांश बीमारियों को ठीक किया जा सकता है।न्यूरो साइंटिस्ट बी.एस. ग्रीनफील्ड के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव, पर्याप्त नींद, वयस्क पीढ़ी के साथ अंतःक्रिया, खेलने के अवसर एवं सृजनशीलता मस्तिष्क विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारक हैं, जिसे आधुनिक प्रौद्योगिकी तीव्र गति से नष्ट कर रही है। आजकल प्रौद्योगिकी के कारण आउटडोर गतिविधियों को इनडोर गतिविधियों ने विस्थापित कर दिया है, जिसका प्रभाव न केवल बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ा है अपितु बच्चों में आक्रामकता, निराशा एवं कुंठा की भावना भी बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही बच्चों में सामाजिकता की समाप्ति हो रही है, उनमें व्यक्तिवादिता की प्रवृत्ति बढ़ रही है, वे चुनौतियों का सामना करने के बजाय पलायनवादी बन रहे हैं, जीवन जीने के बजाय उसे समाप्त कर लेना उन्हें ज्यादा सरल लगने लगा है।प्रौद्योगिकी का प्रयोग केवल उतना ही किया जाए जितना किसी काम में आवश्यक है तो सही है, लेकिन अगर प्रौद्योगिकी पर पूरी तरह से निर्भरता बना ली जाए तो मनुष्य को मशीन बनने से रोकना संभव नहीं होगा।ऐसा देखने में आया है कि प्रौद्योगिकी पर निर्भरता होने के बाद से बच्चे अपनी बौद्धिकता पर संदेह करने लगे हैं, उनमें आत्मविश्वास की कमी होती जा रही है। हर सवाल का जवाब गूगल पर ढूंढते हैं यहां तक कि मनोरंजन करने, टाइम पास करने, रिलेक्स करने के लिए भी सोशल मीडिया या नेटवर्किंग का सहारा लेते हैं। आभासी दुनिया को ही वास्तविक मानने लगे हैं। एक बार जो लॉग इन किया पता ही नहीं, कब दिन गुजर गया और कब रात बीत गई। समूह या दोस्तों के साथ घूमना-मस्ती करना, परिवार के साथ समय बिताना, कॉमिक्स पढना, खुले मैदान में खेलना अब अतीत की बात हो गई है। सूचना क्रांति के बाद शिक्षा प्रणाली में आए बदलावों के कारण स्कूल डायरी का स्थान अब वॉट्सऐप ने ले लिया है। स्कूल प्रोजेक्ट ऑनलाइन प्रेजेंटेशन या लिंक में बदल गए हैं। समस्याएं या मन की बात साझा करने के लिए सोशल मीडिया उपस्थित है, ऐसे में बच्चों में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की चुनौतियां आना स्वभाविक है। जो उम्र बच्चों के दोस्ती करने, सामाजिक मूल्यों को सीखने, शारीरिक व मानसिक विकास करने तथा अपनी क्रिएटिविटी को विकसित करने, दादी-नानी की कहानियों को सुनकर उन चरित्रों में खुद को ढूंढने, बड़े होकर देश के लिए कुछ कर गुजरने, फिल्में देखकर हीरो की तरह विलेन को मारने की कल्पना करने की होती है, उस उम्र में वे प्रौद्योगिकी के गुलाम बनते जा रहे हैं। सृजनशीलता और कल्पनाशीलता के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है और मानसिक स्वास्थ्य के लिए समय पर सोना-जागना, संतुलित और पोषणयुक्त भोजन खाना, समूह में खेलना, व्यायाम करना भी जरूरी है और हमने तो बचपन में ही बच्चों की कल्पनाशीलता को समाप्त कर दिया। इस रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि करीब 22.5 प्रतिशत बच्चे को नींद पूरी नहीं मिलती। 60 प्रतिशत बच्चों में अवसाद (डिप्रेशन) के लक्षण पाए गए, जबकि 65.7 प्रतिशत बच्चों में संज्ञानात्मक कमजोरी यानी सोचने और समझने की क्षमताओं में गिरावट देखी गई। आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि नींद की कमी केवल थकान या आलस्य की वजह नहीं है, बल्कि बच्चों में गंभीर मानसिक और बौद्धिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। परिवार, समाज, शिक्षण संस्थानों और प्रशासन सभी के लिए यह सोचने का विषय है कि क्यों आज के बच्चे किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी या गूगल के पास जाने के लिए बाध्य या प्रेरित हो रहे हैं? क्यों उन्हें बचपन से ही केवल कॅरियर पर फोकस करने की सलाह दी जाने लगी है। नींद की कमी का असर बच्चों की एकाग्रता, भावनात्मक संतुलन और पढ़ाई के प्रदर्शन पर भी पड़ता है। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों को यह सिखाया जाए कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग मनोरंजन के साधन के रूप में नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से घंटों सोशल मीडिया पर समय बिता देते हैं। बल्कि केवल सूचना के एक उपकरण के रूप में ही इसका उपयोग करना चाहिए। मनोरंजन के तो अनेक पारम्परिक साधन हैं, जिनका उपयोग किया जा सकता है। अच्छी नींद लेने की आदत विकसित करनी चाहिए जिसके लिए एक नियमित समय पर सोने का रुटीन तय करना चाहिए। जब तक आवश्यक न हो देर रात तक जागने की उपेक्षा करनी चाहिए। फास्टफूड के स्थान पर पौष्टिक व संतुलित भोजन, योगा, मेडिटेशन, व्यायाम और सैर करने की नियमित आदत अपने दैनिक जीवन में शामिल करनी चाहिए।

**( लेखिका समाजशास्त्री एवं स्तंभकार )**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

## डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईवीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा मदनशाही निवासी आलम अंसारी का 18 वर्षीय पुत्र शादाब अंसारी व बड़ा मदनशाही निवासी फूल मो. अंसारी का 16 वर्षीय पुत्र आमिर अंसारी, दोनों किसी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर फाटक के तरफ गैरेज जा रहा था। जहां मदनशाही फाटक के आगे मंदिर के पास मोटरसाइकिल असंतुलित होने के कारण दोनों मोटरसाइकिल से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों व परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया।

## कोटाल पोखर पंचायत में JSLPS द्वारा गॉट पॉक्स वैक्सीनेशन अभियान, दर्जनों बकरियों का हुआ टीकाकरण



**मोहित मंसूरी आदिवासी एक्सप्रेस**

**कोटाल पोखर।** कोटाल पोखर पंचायत में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) द्वारा गॉट पॉक्स वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पंचायत के विभिन्न टोलों और गांवों में जाकर बकरियों को गॉट पॉक्स से बचाव के लिए टीका लगाया गया। इस कार्यक्रम में BRP-LH रामू रजवार और FTC अंशुमन कुमार साह ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दोनों अधिकारियों ने स्वयं गांवों का दौरा किया, ग्रामीणों से बातचीत की और उनके पशुओं को टीका लगाने में सहयोग किया।

अभियान के दौरान संतोना देवी, साधना देवी, सुलेंदा देवी और ओनिमा कुमारी सहित कई ग्रामीण महिलाओं की बकरियों को गॉट पॉक्स का टीका लगाया गया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे पशुधन की सुरक्षा के लिए बेहद उपयोगी बताया।

गॉट पॉक्स बकरियों को प्रभावित करने वाला एक संक्रामक रोग है, जो उनकी सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है। JSLPS के इस कदम से पंचायत क्षेत्र में पशुपालन करने वालों को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को टीकाकरण के फायदों और पशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गईं।

## चावल का गर्म पानी माड़ निकलने लगा जो असंतुलित होकर पक रहे चावल का हांडी हाथ से फिसल गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को देर शाम डुमली गांव में आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार मृत्यु भोज (भांडांग) हो रहा था। जिसमें सामूहिक रूप से खाना पकाया जा रहा था। वही गांव के ही लेदेम मुर्मू 40 वर्षीय नशे के हालात में पक रहे चावल का गर्म पानी माड़ निकलने लगा जो असंतुलित होकर पक रहे चावल का हांडी हाथ से फिसल गया और सारा पानी उसके शरीर के ऊपर गिर गया। जिससे पूरा शरीर झुलस गया। वहीं परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार किया एवं गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं उक्त घटना को सुनकर प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी अस्पताल पहुंचे एवं घायल का हाल-चाल पूछा। इसके साथ ही परिजनों को इलाज के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर समदा सोरेन, मजीतुल्लाह अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी दी

### ज्वेलरी दुकान में दो मोटर साईकिल पर सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चाँदी के जेवरात लूटकर भागने की घटना को अंजाम दिया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**



**साहिबगंज।** पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय कक्ष में 9 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी दी की दिनांक 04 जून 2025 को राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक बाजार स्थित अजीत शर्मा के ज्वेलरी दुकान में दो मोटर साईकिल पर सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चाँदी के जेवरात लूटकर भागने की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के उदभेदन व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी राजमहल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा इस कांड में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया गया। जिसमें कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत प्रसाद माली उर्फ बंगाली उम्र 22 वर्ष पिता- शंकर प्रसाद माली साकिन-वर्द्धमान दोपोखर काली मंदिर थाना वर्द्धमान, जिला-वर्द्धमान (प0ब0) वर्तमान में सकरोगढ़ जयप्रकाश नगर साहेबगंज, एवं धर्मा मंडल उर्फ ब्रहमदेव मंडल उम्र 25 वर्ष पिता-स्व0 छकु मंडल, साकिन-घाटसलेमपुर, थाना-राजमहल जिला-साहेबगंज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर इस कांड में लुटे गए पीले रंग का तराजू एक पीस, स्टील का छोटा तराजू एक पीस, पीला रंग का हाथबाली दो पीस, लाल पीला रंग का हाथबाली दो पीस, पीला रंग का चूड़ी 18 पीस, प्लास्टिक पैकेट में मोदी का माला 8 पीस, पीला रंग का चैन का भूषण 2 पिस, विभिन्न प्रकार का पीला रंग का कान, नाक एवं टॉप्स का आभूषण, चांदी का कुल जेवरात 3 किलो 489 ग्राम की बरामदगी की गई है। विदित है कि दिनांक 07 जून 2025 को इस कांड में छापामारी दल द्वारा छापामारी कर कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त राजेश मंडल उर्फ मिठुन उम्र 31 वर्ष पिता- स्व0 दशरथ मंडल, साकिन बांसकोला, थाना तालझारी जिला साहेबगंज, सुबोध मंडल उम्र 22 वर्ष, पिता सीमाराम मंडल, साकिन शांतिनगर, थाना जिरवाबाड़ी, जिला-साहेबगंज एवं सागर मंडल उम्र 22 वर्ष, पिता जगधर मंडल, साकिन-चानन, थाना- जिरवाबाड़ी, जिला-साहेबगंज को गिरफ्तार कर माननीय न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है एवं इस कांड में प्रयुक्त 1 सफेद रंग का अपाची मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट का) एवं दूसरा काला रंग का पल्सर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट का) की बरामदगी की जा चुकी है। इस संबंध में राजमहल थाना कांड सं॰-174/25, दिनांक-04 जून 25, धारा-309 (4)/115(2) / 351(2) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। मौके पर छापामारी दल में विमलेश कुमार त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल, श्याम लाल हॉसदा, पुलिस निरीक्षक राजमहल प्रभाग, अमित कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक-सह-नगर थाना प्रभारी, नितेश कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी तालझारी, मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी तीनपहाड़, शशि सिंह, थाना प्रभारी जिरवाबाड़ी, लव कुमार, थाना प्रभारी गंगा नदी थाना, पुजा कुमारी, महिला थाना प्रभारी राजमहल, पुअनि विक्रम कुमार, राजमहल थाना, पुअनि विकास सेठ राजमहल थाना, पुअनि अमर कुमार मिंज थाना प्रभारी राधानगर, पुअनि अनीश कुमार पाण्डेय नगर थाना, शामिल थे।

# भवन प्रमंडल योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, कार्यों में गति लाने का निर्देश

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में भवन प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों व योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने विशेष रूप से निर्माणाधीन सम्प्रेषण गृह की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भवन प्रमंडल को निर्देशित किया कि कार्यों को युद्ध स्तर पर पूर्ण किया जाए ताकि आगामी वर्ष 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भवन का उद्घाटन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के साथ-साथ बरहेट, बोरियो और राजमहल प्रखंडों में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। डीसी ने कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अभियंताओं को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ने सभी पदाधिकारी को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने और नियमित मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निभाने को कहा।

# पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, मंडरो प्रखंड पर विशेष जोर

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज।** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पंचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडरो प्रखंड को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति पर बल दिया गया। डीसी ने स्पष्ट कहा कि मंडरो एक आकांक्षी प्रखंड है, अतः यहां की हर आवश्यकता को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। बैठक में सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने पंचायतों में योजनाओं की गुणवत्ता और प्रगति पर लगातार निगरानी रखें। विशेष रूप से (विलेज हेल्थ सेनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे) के तहत टीकाकरण की नियमितता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि प्रत्येक पंचायत सचिव को महीने में कम-से-कम एक बार किसी एक पंचायत में स्वयं वीएचएसएनडी दिवस पर उपस्थित रहना होगा, और इस संबंध में सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिला योजना कार्यालय को देनी होगी। इसके अलावा, भारत इंटरनेट योजना के अंतर्गत पंचायत भवनों में संचालित इंटरनेट कनेक्टिविटी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। डीसी ने बंद पड़े इंटरनेट कनेक्शनों को अविलंब दुरुस्त कर सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की भी समीक्षा की गई। डीसी ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए, उनकी गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं की निगरानी हेतु पंचायत सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार सहित सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## ओझा टोली गंगा घाट में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से हुई मौत



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत फेरी घाट में रविवार के दोपहर गंगा में स्नान करने आए पांच युवकों में से एक युवक डूब गया और अचानक लापता हो गया था. घटना की सूचना मिलती ही नगर थाना व गंगा थाना कि पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन करते कि गई थी. रविवार को शव बरामद नहीं हुआ था.घटना की सूचना मिलने के स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी घाट पर मौजूद लापता युवक के बहनोई विशाल कुमार ने बताया कि गंगा में डूबे युवक का नाम हर्ष सोनी है. वो बिहार के बरौनी के रहने वाले हैं जहां राजमहल नया बाजार में उसकी नानी व मौसा का घर है. जहां सभी लोग घूमने आए थे बताया गया कि रविवार के सुबह हम सभी महाराजपुर के मोती झरना घूमने के लिए गए थे वहां गंदा पानी होने के कारण साहिबगंज ओझा टोली गंगा घाट स्नान करने पहुंच गए वही हमारा साला हर्ष कुमार ने जैसे ही गंगा में छलांग लगाया वह गंगा नदी से बाहर नहीं आया और उसे समय से लापता है बताया कि हर्ष के डूबने के बाद आधे घंटे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन घाट में कोई सुविधा नहीं होने के कारण कोई खोज भी नहीं किया गया लोगों ने बाद में बताया कि जहां हर्ष डूबा है वहां पानी की गहराई अधिक है. बता दे की बीते एक दो वर्षों में गंगा में कई घटनाएं हुई जिसमें किशोर से लेकर बुजुर्ग तक की मौत गंगा में डूबने से हो गई हर घटना के बाद जनप्रतिनिधि द्वारा एनडीआरएफ की एक यूनिट की मांग साहिबगंज में स्थापित करने की होती रही लेकिन जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ की टीम साहिबगंज में स्थापित करने की के लिए कई बार समर्थ पत्र भेजने के बावजूद आज तक एनडीआरएफ की एक यूनिट की स्थापना साहिबगंज में नहीं हो सकेऔर आज पुरानी साहिबगंज गंगा तट पर बीकॉम के फाइनल ईयर के एक छात्र गंगा में स्नान करने के क्रम में डूब कर मौत हो गई मृतक हर्ष सोनी मूलत बिहार के बरौनी का रहने वाला था जो शनिवार को राजमहल अपने ननिहाल आया था.और अपने मौसी के यहां मांगलिक कार्य में परिवार के लोगों के साथ-साथ हुआ था. रविवार को हुए अपने भाई अनुराग कुमार और बहनोई विशाल कुमार सहित तीन अन्य परिजन के साथ मोती झरना घूमने आए और वहां पर स्नान करने का विचार किया कहा कि वहां का पानी उतना साफ नहीं था फिर अचानक से विचार आया कि साहिबगंज गंगा में आकर का स्नान किया जाए और पुरानी साहिबगंज ओझा टोली लंच घाट में स्नान करने के क्रम में अचानक से गंगा में समा गया.

बताया गया की घुटनों पर पानी में ही वह गया था और हम लोग अंजान थे किसी लोगों ने नहीं बताया कि पानी की गहराई है खाए अधिक है कुछ ही कदम के बाद खाई है अचानक से वह पानी में डूबता ही चला गया हम लोगों ने हल्ला किया लेकिन कोई लोग नहीं थे जो एक थे वह उसको पकड़ नहीं पाया और वह गंगा के गहराई में लापता हो गया इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसकी खोजबीन की गई कि प्रशासन के लोग भी गंगा रिवर थाना के पुलिस पदाधिकारी भी आए शुरू की गई 7 जहां लगभग 26 घंटे के बाद गंगा नदी से शव को बरामद किया गया. और युवक की मौत हो गई. अगर यहां पर एनडीआरफ की टीम रहती तो शायद उसके साल की जान बच सकती थी स्थानीय लोगों ने भी इस मुद्दे को लेकर के प्रशासन व सरकार के प्रति एक तरह से दुख प्रकट करते हुए कहा कि कई बार मांग की जाती रही जब-जब घटना दुर्घटना होती है एक बार फिर से याद किया जाता है वहीं सूत्रों की मां ने जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरफ की एक यूनिट स्थापित करने को लेकर विभागीय भारी पदाधिकारी के साथ पत्राचार किया गया है पुलिस सूत्रों की माने तो गंगा रिवर थाना द्वारा भी एनडीआरएफ की टीम स्थापित करने को लेकर पत्रक के माध्यम प्रशासन को दिया गया.

## मदरसा सुलैमानिया कोयलाबाजार में प्रबंध समिति गठन में अनियमितता, फर्जीवाड़ा एवं शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया पर तत्काल रोक

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**




**साहिबगंज।** राजमहल अनुमंडल, अंतर्गत मदरसा सुलैमानिया, कोयलाबाजार में प्रबंध समिति गठन में घोर अनियमितता एवं फर्जीवाड़ा किया गया है वर्तमान प्रभारी प्रधान मौलवी नफिल अहमद द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज की मिलीभगत से एक षड्यंत्र के तहत गड़बड़ियाँ की गई हैं प्रबंध समिति का गठन अनियमित रूप से किया गया जिसमें गैर-जमीनदाता को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।एक अशिक्षित व्यक्ति को शिक्षाविद् सचिव के रूप में नामित किया गया जो नीतिगत प्रावधानों एवं शैक्षणिक मानकों के पूर्णत विपरीत है। इस संबंध में ग्रामीण जनता द्वारा को जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी गई थी, जिस पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, साहिबगंज द्वारा स्थल निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया लेकिन 7 माह बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई इस बीच उक्त अनियमित समिति द्वारा शिक्षक बहाली की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है जो शिक्षा व्यवस्था के साथ एक क्रूर मज़ाक है और इससे मदरसे में शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा हम ग्रामवासियों की ओर से निम्नलिखित मांग करते हैं मदरसा सुलेमानिया कोयलाबाजार की वर्तमान प्रबंध समिति की वैधता की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए शिक्षक बहाली की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन को सार्वजनिक करते हुए झारखंड अधिविद्य परिषद को अग्रेषित किया जाए दोषियों नफिल अहमद प्रधान मौलवी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज के विरुद्ध कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाए हमें विश्वास है कि आप इस गंभीर मामले में त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ग्रामवासियों की ओर से मोहम्मद मुसुक शेख कमरान शेख सैफ अली आज़ाद हुसैन तौफीक आलम,जैनुल सहित अन्य ग्रामीण ग्रामवासीयो उपस्थित थे।

# एसपी कार्यालय कक्ष में एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि कि

### 07 देशी राईफल बरामद किया गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**



**साहिबगंज।** पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय कक्ष में एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि कि 09 जून 2025 को सोमवार की सुबह 10.00 बजे एसपी अमित कुमार सिंह साहेबगंज को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या-34/25, दिनांक 02 जून 2025 में संलिप्त अपराधकर्मी सूर्या हांसदा अपने गिरोह के साथियों के साथ हथियार सहित मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र ग्राम छोटा देवडांड स्थित फागु माल पहाडिया के पक्के मकान में ठहरा हुआ है और कोई बड़ी घटना करने की योजना बना रहा है। उक्त सुचना पर एसपी साहेबगंज द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा प्राप्त सुचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम छोटा देवडांड स्थित फागु माल पहाडिया के पक्के मकान का घेराबन्दी कर छापामारी की गई। छापामारी करने के उपरांत फागु माल पहाडिया, पिता-स्व0 मोतीलाल माल पहाडिया, साकिन- छोटा देवडांड, मंगल मरांडी, पिता- होडवा मरांडी, साकिन-भुरकुंडा, दोनो का थाना मिर्जाचौकी, जिला-साहेबगंज को पकड़ा गया, जिनके निशानदेही पर इनके घर से 07 देशी राईफल बरामद किया गया। पुछताछ में फागु माल पहाडिया एवं मंगल मरांडी द्वारा बताया गया कि मिर्जाचौकी थाना अन्तर्गत दामिनभिट्ठा जय माता दी स्टोन वर्क्स माइन्स में दो पोकलेन एवं दो हाईवा को जलाने के पश्चात घटना में प्रयुक्त हथियार सूर्या हांसदा लाकर मेरे घर पर रखा था और बाकी का हथियार सूर्या हांसदा एवं गिरोह के अन्य सदस्य अपने साथ लेते गये है। फागु माल पहाडिया एवं मंगल मरांडी ने उपरोक्त घटना में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है तथा साथ ही उक्त कांड के गिरोह के सरगना सूर्या हांसदा एवं अन्य की संलिप्तता की बात बताई गई है। कांड दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान करने के उपरांत दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मौके पर छापामारी दल में विमलेश त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल, किशोर तिर्की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज, रुपक कुमार परिक्ष्यमान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज, राजीव रंजन पुनि नगर प्रभाग साहेबगंज, पुअनि रुपेश कुमार थाना प्रभारी मिर्जाचौकी, पुअनि पंकज वर्मा, थाना प्रभारी बोरियो, पुअनि पवन कुमार थाना प्रभारी बरहेट, पुअनि पवन कुमार मिर्जाचौकी थाना, सअनि अमित कुमार मिर्जाचौकी थाना, मिर्जाचौकी थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की





**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह,विशेष प्रतिनिधि।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक ने समाहरणालय सभागार में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता की गाथा है। उनका साहस और योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता एवं समाज के अधिकारों की रक्षा हेतु जो बलिदान दिया है उसे देश सदियों तक याद रखेगा। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और अदम्य साहस का ही आज परिणाम है कि हम अपनी माटी,संस्कृति और धरोहर को संरक्षित रखे हुए हैं। उन्होंने ऐतिहासिक उलगुलान का नेतृत्व किया एवं अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित रहे।बहुमुखी प्रतिभा के धनी भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा श्रोत है। हम सभी को उनके आदर्शों, मूल्यों एवं विचारों को आत्मसाथ करना चाहिए। इस अवसर पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उपविकास आयुक्त, सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गिरिडीह परिसदन भवन के सभागार में विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

**● बैठक के दौरान विगत तीन वित्तीय वर्षों में विकास कार्यों के प्रतिवेदनों पर तथा जनहित से संबंधित मामलों पर जिला स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श एवं समीक्षा किया गया ● सभी पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का दिया गया निर्देश**

**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, विशेष प्रतिनिधि।** गिरिडीह परिसदन भवन के सभागार में विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षात्मक बैठक माननीय विधायक, धनबाद सह गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति राज सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान उनके साथ बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान समिति ने पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य, आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के विगत तीन वित्तीय वर्षों में विकास कार्यों के प्रतिवेदनों पर तथा जनहित से संबंधित मामलों पर जिला स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श एवं समीक्षा किया गया। साथ ही विभागवार प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा कई सुझाव एवं निर्देश दिए। इसके साथ ही समिति के सभापति राज सिन्हा ने सभी पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। किसी भी योजना के संचालन में यदि कोई समस्या आ रही हो तो उसे अभिलंब दूर करते हुए उसे पूर्ण करने का सुझाव दिया। जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी अधिकारियों से समय समय पर उसकी प्रगति से अवगत होते हुए निरीक्षण करने हेतु निदेश दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ,जिला खेल पदाधिकारी, समेत सभी विभाग से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चंबल में अवैध रेत खनन की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम सुरक्षा

**● यह सिर्फ हमारा मामला नहीं है, बल्कि हर उस पत्रकार के अधिकार का सवाल है जो बिना डर के रिपोर्ट करना चाहता है**

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के दो पत्रकारों – शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान – को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी है। यह राहत उन पर मंडरा रहे खतरों और दबाव के मद्देनज़र दी गई है, जो चंबल क्षेत्र में अवैध रेत खनन को उजागर करने वाली उनकी रिपोर्टिंग के बाद सामने आए हैं। दोनों पत्रकार, जो भिंड ज़िले में कार्यरत हैं, ने याचिका में आरोप लगाया है कि उन्हें स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा धमकाया गया और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इन आरोपों की पृष्ठभूमि में उन रिपोर्टों की श्रृंखला है जिनमें उन्होंने पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील चंबल नदी क्षेत्र में अनियंत्रित और अवैध खनन गतिविधियों का खुलासा किया था। अमरकांत सिंह चौहान, जो स्वराज एक्सप्रेस के ब्यूरो प्रमुख हैं, ने याचिका में बताया कि 1 मई को उन्हें पुलिस अधीक्षक ने बातचीत के बहाने बुलाया, लेकिन वहां उनके साथ मारपीट की गई – जिसमें कपड़े उतरवाकर पीटे जाने का आरोप भी



शामिल है – और यह सब अन्य पत्रकारों की मौजूदगी में हुआ। इसके कुछ दिन बाद, 4 मई को, चौहान और स्वतंत्र पत्रकार शशिकांत जाटव को कथित तौर पर एक बिचौलिए द्वारा रेलवे स्टेशन से बहलाकर एसपी के बंगले पर ले जाया गया, जहां उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता के चलते, दोनों पत्रकार 5 मई को दिल्ली चले गए और उन्होंने प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के समक्ष औपचारिक शिकायतें दर्ज कराईं। पहले उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया, जिसने उन्हें दो महीने की अंतरिम राहत दी, लेकिन न्यायालय ने अधिकार-क्षेत्र की सीमा का हवाला देते हुए उन्हें मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। मामला दो राज्यों से जुड़ा होने और इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने मामले पर संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए और गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी। मध्य प्रदेश सरकार ने अपने जवाब में इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि दोनों पत्रकारों पर जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं पत्रकारों का कहना है कि यह आरोप झूठे हैं और उन्हें चुप कराने की मंशा से लगाए गए हैं। एक संयुक्त बयान में दोनों पत्रकारों ने कहा कि यह मामला सिर्फ उनका निजी मामला नहीं है, बल्कि पूरे पत्रकार समुदाय के उस अधिकार से जुड़ा है जिसमें वे जनहित के मुद्दों पर बिना किसी डर के रिपोर्ट कर सकें। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिली राहत का स्वागत करते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मामला साफ तौर पर दिखाता है कि उन इलाकों में खोजी पत्रकारिता के लिए जगह कितनी सीमित होती जा रही है, जहां अवैध गतिविधियां बेधड़क चल रही हैं। उनके अनुसार, यह अंतरिम सुरक्षा प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण जीत है।फिलहाल मामला जांच के अधीन है और दोनों याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि वे कानूनी प्रक्रिया में पूरा सहयोग देंगे और न्यायपालिका में उन्हें पूरा विश्वास है।

### सुजीत फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुम्मा को दवा के रूप में सहयोग दिया



**जमुआ, प्रतिनिधि।** सोमवार को सुजीत फाउंडेशन गिरिडीह के प्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुम्मा में करीब 7500/ रुपए की दवाएं दान दी गई। इस मौके पर सुजीत फाउंडेशन गिरिडीह के संचालक सुजीत कुमार ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुम्मा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे सक्रिय संस्थानों में से एक है, यहां पर प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज आते हैं उनमें से काफी लोग बहुत गरीब तबके से आते है जो हमेशा यही के दवाइयों पर निर्भर रहते हैं लेकिन कई बार पर्याप्त संख्या में दवा नहीं रहने पर इन मरीजों के पास इलाज का कोई अन्य रास्ता नहीं रहता है। बीपी और शुगर के मरीज भी काफी संख्या में निकटवर्ती क्षेत्रों से अपने बेहतर इलाज के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुम्मा आते है और दवाओं की कमी के कारण उन मरीजों को बहुत परेशानी होती है। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए सुजीत फाउंडेशन गिरिडीह के द्वारा आवश्यक दवाईयों का दान आरोग्य मंदिर को दिया गया। इस मौके पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुम्मा में पदस्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी आनंद मोहन ने सुजीत फाउंडेशन के प्रतिनिधियों का इस कार्य के लिए तारीफ करते हुए कहा सुजीत फाउंडेशन गिरिडीह दुम्मा क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है।

# युवा शतरंज चैंपियनों को दूरदर्शी उद्योगपति एल.एन. झुंझुनूवाला से मिली प्रेरणा, जो भारत में शतरंज पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** भारत की गौरवशाली शतरंज विरासत को रेखांकित करते हुए एक महत्वपूर्ण मुलाकात में, राजस्थान के युवा फीडे-रेटेड खिलाड़ी शतरंज खिलाड़ी आलोकिक माहेश्वरी, आराध्या उपाध्याय, और हार्दिक शाह ने अपने कोच श्री प्रकाश पाराशर के साथ, विशिष्ट उद्योगपति और शतरंज के समर्पित संरक्षक श्री एल.एन. झुंझुनवाला से मिलने का सम्मानजनक अवसर प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित मुलाकात 9 जून को श्री झुंझुनवाला के नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई, खिलाड़ियों की दिन भर दिल्ली के छतरपुर स्थित टिवोली



गार्डन्स में आयोजित दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में भागीदारी के बाद। ये खिलाड़ी विवेकानंद केंद्र विद्यालय, हुरड़ा (राजस्थान) के छात्र-छात्रा हैं, जो श्री झुंझुनवाला द्वारा राजस्थान और मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित चार विद्यालयों में से एक है। इस अवसर ने न केवल उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि भारतीय शतरंज के विकास में उनके लंबे समय से चले आ रहे योगदान से मिली गहरी प्रेरणा को भी रेखांकित किया। झुंझुनवाला की दूरदर्शिता ने एक व्यक्तिगत जुनून को राष्ट्रीय आंदोलन में बदल दिया। उनकी दूरदर्शिता और कार्यों ने शतरंज को केवल एक खेल से कहीं ऊपर उठाया, इसे रणनीतिक सोच, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के एक उपकरण के रूप में देखा। उन्होंने इस खेल के माध्यम से शिक्षा और संस्कृति के बीच की खाई को प्रभावी ढंग से पाटा, जिससे यह समाज के विभिन्न तबकों तक पहुंच सका। भारत में शतरंज क्रांति में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। 1973 में स्थापित नेशनल चेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के माध्यम से, उन्होंने देश में शतरंज के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया। उनके प्रयासों से 1982 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जिसने भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को ऊंचा किया। उन्होंने स्कूली पाठ्यक्रम में शतरंज को शामिल करने की वकालत की और बॉटविनिक शतरंज अकादमी की स्थापना की, जहां उन्होंने विश्वनाथन आनंद और अभिजीत गुप्ता जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया।

झुंझुनवाला की प्रतिबद्धता केवल शतरंज तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने युवा छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कराटे, तीरंदाजी, निशानेबाजी, योग और एथलेटिक्स जैसे अन्य खेलों का भी समर्थन किया। उनकी यह व्यापक दूरदृष्टि शिक्षा और खेल के बीच तालमेल का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है।उन्होंने देश की पहली शतरंज पत्रिका, ÷चेस इंडिया÷ भी शुरू की और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया। उनके अभिनव प्रयासों ने न केवल क्रिकेट-प्रधान देश में शतरंज को लोकप्रिय बनाया, बल्कि यह विश्वास भी जगाया कि भारतीय खिलाड़ी वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं, एक ऐसी दृढ़ धारणा जिसने आज की क्षमताओं और जीत की नींव रखी।



## संक्षिप्त समाचार

### असम यात्रा पर आए भूटान के गेलफू माइंडफुलनेस सिटी के प्रतिनिधि मंडल



**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
भूटान के गेलफू माइंडफुलनेस सिटी से छह दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत आज असम पहुँचे 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने आज कामरूप जिले के हाजो स्थित ऐतिहासिक हयग्रीव माधव मंदिर का दर्शन किया। मंदिर दर्शन के बाद प्रतिनिधि मंडल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-गुवाहाटी (IIT-Guwahati) पहुँचा। वहाँ प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवेंद्र जलीहाल और अन्य प्रोफेसरों के साथ सेंटर फॉर नैनोटेक्नोलॉजी में एक बैठक में भाग लिया। इस बैठक में प्रतिनिधि मंडल ने IIT-गुवाहाटी के साथ गेलफू माइंडफुलनेस सिटी के लिए तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।
बैठक के दौरान प्रतिनिधि मंडल को बांस जैसी स्थानीय सामग्रियों के उपयोग की संभावनाओं और इस क्षेत्र में IIT-गुवाहाटी में चल रहे अनुसंधान के बारे में जानकारी दी गई। इस चर्चा में भवन निर्माण के क्षेत्र में 3ष्ठ प्रिंटिंग तकनीक के उपयोग पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधि मंडल के साथ गुवाहाटी में भूटान के कौंसुल जनरल जिग्मे थिनले नामग्याल और गुवाहाटी के रॉयल भूटानीज कौंसुलेट जनरल के कौंसुल फुर्पा छेरिंग भी उपस्थित थे।

### असम में आयोजित विशेष एक दिवसीय विधानसभा अधिवेशन में विपक्ष के हंगामे के बाद विधानसभा 30 मिनट के लिए स्थगित



**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम विधानसभा के विशेष एक दिवसीय अधिवेशन के दौरान आज 9 जून सोमवार को कुछ विषयों पर काफी हंगामा हुआ। आज की यह अधिवेशन मुख्यतः डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलकर भूपेन हजारिका के नाम पर रखने की सिफारिश के लिए बुलाया गया था। आज अधिवेशन के दौरान हुए हंगामे के बाद इसे 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था । व्यवधान तब हुआ जब सरकार ने इस उद्देश्य के लिए एक प्रस्ताव पेश किया और विपक्षी सदस्यों ने विदेशियों के मुद्दे पर हंगामा किया। असम के परिवहन मंत्री जोगेन मोहन ने डिब्रूगढ़ में हवाई अड्डे का नाम बदलकर भारत रत्न भूपेन हजारिका हवाई अड्डा करने के लिए केंद्र सरकार को सर्वसम्मति से सिफारिश करने की मांग करते हुए सरकारी प्रस्ताव पेश किया। राज्य मंत्रिमंडल ने पहले हजारिका के जन्म शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में इसका नाम बदलकर उनके नाम पर रखने का फैसला किया था। जोगेन मोहन ने विपक्षी कांग्रेस और एआईयूडीएफ द्वारा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के विदेशी पहचान और निर्वासन मुद्दे पर जवाब पर शोरगुल के बीच प्रस्ताव पेश किया था। कांग्रेस और एआईयूडीएफ दोनों के विधायकों ने विरोध में सदन के वेल में धावा बोल दिया, जब मोहन ने अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी के निर्देश पर प्रस्ताव पढ़ा। कांग्रेस विधायक तुरंत अपनी सीटों पर लौट आए, लेकिन एआईयूडीएफ विधायक फर्श पर बैठ गए। हंगामा जारी रहने पर दैमारी ने कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी। बता दें कि कांग्रेस ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है।

### पानी की किल्लत झेल रहे नगर पंचायत वासियों ने किया सड़क जाम, लोगों का फूटा गुस्सा



**आदिवासी एक्सप्रेस /बौसी (बांका)**
नगर पंचायत में गर्मी में पानी की आपूर्ति से उत्पन्न बड़ा के कारण लोगों की नाराजगी गुस्से में बदल गए जब सोमवार की सुबह लोग सड़क पर उतर आए और आंदोलन करने लगे काफी संख्या में शहर के लोग सड़क पर उतरकर जल आपूर्ति के समस्या का समाधान की मांग करते हुए नाराजगी का इजहार कर रहे थे। अपनी मांग के समर्थन में घंटे डेम रोड को जाम रखा। इसके सूचना के बाद पुलिस प्रशासन और कार्यपालक पदाधिकारी एवं अध्यक्ष नगर पंचायत के पति ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन नाराज लोग मानने को तैयार नहीं थे। इस जाम के कारण सड़क पर काफी संख्या में वाहनों की लंबी कतार रहे इस तेज धूप में नाराज लोग लगातार अपना आक्रोश जताते रहे उनका कहना है कि अधिकारी इस बात को समझे इस गर्मी में पानी सबसे जरूरी है और पानी की आपूर्ति लगातार यहां बाधा बनी हुई है। इसका पहले भी मांग रखते हुए आंदोलन किया गया था मगर कोई समाधान नहीं निकला इसे लेकर कई बार नगर पंचायत प्रशासन और बढ़िया अधिकारी को शिकायत के तौर पर आवेदन दिया गया मगर कोई अब तक हल नहीं निकला है जिससे वह लोग नाराज है।

# उदयपुर ऑल ड्राइवर कल्याण संघ भारत का राष्ट्रीय महा सम्मेलन मध्यप्रदेश के अशोक नगर में हुआ आयोजित


देश भर से आए प्रदेश अध्यक्ष के साथ ऑल इंडिया ड्राइवरों ने भाग लिया। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश परिहार की अध्यक्षता में महासम्मेलन प्रोग्राम ड्राइवर चंदेरी तहसील के अंदर हुआ ऑल ड्राइवर कल्याण संघ जिला अशोक नगर तहसील चंदेरी के महासम्मेलन में सुखमन सिंह यादव जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में महासम्मेलन हुआ हुआ जिसमें राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल मीणा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह मोहम्मद शरीफ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष, महेश चंद्रवंशी मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत यादव मध्य प्रदेश मीडिया प्रवक्ता,



रहमत खान जिला अध्यक्ष अलवर प्रिंस यादव जिला अध्यक्ष सागर, पतिराम जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर, अखिलेश पुरी अध्यक्ष भोपाल, काशीराम सेन विदिशा जिला अध्यक्ष, राजेश सोलंकी जिला अध्यक्ष धार कमलेश मीणा उदयपुर राजस्थान, भारतवर्ष से ऑल ड्राइवर कल्याण संघ भारत जिंदाबाद जिंदाबाद जय हिंद जय भारत सरकार हमारे 29 मांगे पूरी मांग पर चर्चा की ड्राइवर को नीति नियम के बारे में गाइडलाइन किया संपूर्ण भारत के पदाधिकारी मौजूद रहे और संघ के तमाम सदस्य ने इस सम्मेलन को सफल बनाने में सब ने अपनी अपनी भूमिका निभाई अशोक नगर जिले से सैकड़ो की तादाद में ड्राइवर एकत्रित हुए पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला प्रशासन का भी धन्यवाद करते हुए ऑल ड्राइवर कल्याण संघ परिवार की ओर से सभी को बहुत बधाई और सम्मेलन एक भव्य बना सभी मीडिया बंदों का भी आभार व्यक्त किया सपोर्ट ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल मीणा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ड्राइवर हितों की रक्षा हेतु आए दिन पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जबरन चालान के नाम पर वसूली के साथ मारपीट करने वाले अधिकारीयो पर कानूनी कार्यवाही की मांग की । साथ ही ड्राइवरों को नशे से दूर होकर बच्चो को शिक्षा से जोड़ने की बात कहीं।

# सम्वेदना फाउंडेशन्स द्वारा डिजिटल सशक्तिकरण की एक अनूठी शुरुआत

**नोएडा!** सम्वेदना फाउंडेशन्स ने अपने ज्ञानशाला केंद्र सेक्टर 53 में नवग्रह पूजन का आयोजन किया। इस शुभअवसर पर सभी के लिए सकारात्मक ऊर्जा, शांति और उन्नति की कामना करते हुए, संस्था ने डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक सशक्त पहल की शुरुआत की। इस विशेष दिन पर ई-शिक्षा परियोजना का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य वंचित बच्चों और महिलाओं को मूलभूत कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे डिजिटल दुनिया से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। कंप्यूटर लैब का उ?द्घाटन वरिष्ठ पत्रकार स्वस्तिक सहारा के ब्यूरो प्रफुल्ल पाण्डेय के द्वारा किया गया। उन्होंने संस्था द्वारा पर्यावरण, शिक्षा एवं ट्रेनिंग देकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना आदि कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतिभा कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष रूपम साध, सचिव राहुल वर्मा, कार्यकारिणी




सदस्य अंजू कंधारी, मुख्य सलाहकार श्याम गुप्ता, सलाहकार ममता चौहान, ज्ञानशाला शिक्षिका मनोज, कार्यालय सहायक पूजा पाल, कंप्यूटर शिक्षिका जयंती झा, सिलाई केंद्र प्रशिक्षिका चाँदनी मिश्रा, ज्ञानशाला के बच्चे, संगिनी टीम और गणमान्य अतिथि सुलेखा साध, कमला देवी, श्वेता साध, रोहित पांडेय, संदीप, सोहित पांडेय, मोहित चौहान, सात्विक साध सहित अन्य मेहमान उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता ने ई-शिक्षा केंद्र की संकल्पना साझा करते हुए कहा की इस केंद्र का उद्देश्य केवल कंप्यूटर चलाना सिखाना नहीं है, बल्कि उन सभी बच्चों और महिलाओं को अवसर देना है जो तकनीक से जुड़कर खुद को आज की डीजिटल दुनिया से जोड़ना चाहते हैं। महिलाऐं जो किसी भी उम्र की हो, अगर सीखने की ललक है तो सम्वेदना का यह केंद्र हमेशा उनके लिए खुला है। हमारा मिशन है हर हाथ में हुनर और हर मन में आत्मविश्वास और हमारा विजन है एक ऐसा समाज बनाना जहाँ डिजिटल जानकारी हर किसी की पहुँच में हो। ई-शिक्षा केवल डिजिटल ज्ञान की शुरुआत नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। सम्वेदना फाउंडेशन्स अपने सभी दानदाताओं, शुभचिंतकों और स्वयंसेवकों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग से यह स्वप्न साकार हो पाया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में 345 गर्भवती महिला की जांच

**सं सू पंकज कुमार ठाकुर**
**चांदन (बांका)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में आज सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 345 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई।गर्भावस्था के दौरान जांच जरूरी होती है,ताकि जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए हर महीने की 9 तारीख को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कैंप आयोजित करता है।अब महिलाएं भी जागरूक हो रही हैं बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं शिविर में आकर स्वास्थ्य जांच करा रही हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में प्रभारी



चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0आशिष कुमार, डॉ शशिकांत कुमार,डॉ प्रति कुमारी और उनकी टीम ने गर्भवती महिलाओं की जांच की। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंध किए गए। इस दौरान महिलाओं को अंडा, फल, पौष्टिक आहार और दवाएं भी दी गईं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0आशिष कुमार एवं डॉ0 शशिकांत कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच और बेहतर परामर्श देना है। गर्भावस्था के दौरान चार बार जांच कराने से प्रसव की जटिलताओं में कमी आती है। पूरी जांच न होने पर उच्च जोखिम गर्भधारण की पहचान नहीं हो पाती, जिससे प्रसव के दौरान जटिलता बढ़ जाती है। इस अभियान से संभावित जटिलताओं का पहले ही पता चल जाता है, जिससे प्रसव सुरक्षित होता है। महिलाओं को आयरन की गोली और पोषक आहार लेने की सलाह दी गई। यह अभियान सुदूर गांवों में रहने वाली महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आ रही है।इस मौके एएनएम मीना कुमारी, प्रमिला हासदा, बबिता कुमारी, सरीता कुमारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# श्रावणी मेला की तैयारी को ले डीएम, एसपी ने कावंरिया पर का निरीक्षण किया

**सं सू पंकज कुमार ठाकुर।**
चांदन(बांका)विश्व प्रशिद्ध श्रवणी मेला अगले माह से सुरु हो रहा है।इसकी तैयारी को लेकर नवपदस्थापित जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला जिला के सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ चांदन के सुग्गासार मोड़ से लेकर दुम्मा बॉडर तक निरीक्षण किया गया। जिसमें सरकारी धर्मशाला हड़खार,गोड़ियारी गांव के समीप पी एच ई डी विभाग द्वारा कई वर्ष पहले एक निजी जमीन पर शौचालय बना दिया गया था। जिसको जमीन मालिक के द्वारा उसको रोका गया था बाद में विभाग द्वारा किराया पर बात कर उसे पुनः



चालू कराया गया था।और इस वर्ष भी उसे जिलाधिकारी द्वारा उस जमीन के मालिक से बात किया गया जमीन मालिक के द्वारा बताया की उसे दो वर्ष का भाड़ा अब-तक नहीं मिला है। इसपर उसे आश्वासन दिया की आपका पैसा निकलवा दिया जायेगा। साथ उनके द्वारा दुम्मा बॉडर पर सभी विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया की पूर्व की तरह हो रहे कार्य को उससे बेहतर इस बार भी कार्य करने की सभी विभाग को जल्द पूरा कर लेने की बात कहा है और जाम की समस्या से निजात पाने के लिये जहाँ भी बस पड़ाव बनता है उसे चिन्हित कर लें,साथ काँवरिया पैदल पथ में जो विभाग कार्य करती है पी एच ई डी,आरसीडी एवं पर्यटन सभी अपनी कार्यों को ससमय पूरा करें।साथ में एस पी, डी डी सी,ए डि एम,ए डी सी पी, डी टी ओ, पी एच ई डी पर्यटन विभाग एवं ज़िला प्रसाशन विद्युत अभियंता सहित,डी एस पी बांका ,एस डी पी ओ बेलहर राजकिशोर कुमार बी डी यो, कटोरिया,चांदन बी डी ओ अजेश कुमार,सी ओ रविकांत कुमार, थानध्यक्ष विष्णुदेव कुमार , पुअनि रविन्द्र कुमार बिजली विभाग के जेई विशाल कुमार सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

### सोलर स्ट्रीट लाइट एक महीने से खराब, जिम्मेदार मौन



**सं, सू पंकज कुमार ठाकुर।**
चांदन(बांका)प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के विभिन्न वार्डो मे मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लगाया गया सोलर लाइट सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है।चांदन पंचायत के वार्ड नंबर 03 हेठ टोला चांदन और सिलजोरी पंचायत के वार्ड सं 07 कसई गाँव में लाइट लगाने के साथ ही बंद पड़ी है।इतना ही नहीं कहीं सोलर लाइट से बेट्री चोरी हो गई है और कही तकनिकी खराबी की वजह से बंद पड़ी है बताते चलें कि।सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत गांवों में स्ट्रीट लाइट,सोलर पैनल लगाने में लाखों रूपए खर्च कर दिए लेकिन दो से तीन महीने के बाद ही गांव की गलियों के विधुत पोल पर लगी सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने लगी। स्थानीय वार्ड प्रतिनिधि विकास ठाकुर ने बताया कि 15 दिन पूर्व विभाग को इसकी सूचना दी गई है। लेकिन अब-तक किसी ने सुधि नहीं ली है। उन्होंने ऐसे गैर जिम्मेदार संवेदक एवं संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ जिला पदाधिकारी से शिकायत करने का मन बना रहे हैं।वैसे ग्रामीणों कि मानें तो योजना के क्रियान्वयन मे भ्रष्टाचार के चलते योजना फलीभूत नहीं हो सका है. अगर इसकी जांच की जाय तो योजना के लागू करने में बड़ी गड़बड़ी सामने आ सकती है ।ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने सौर ऊर्जा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगावाई थी ताकि गाँव की गलियों को रौशन किया जा सके परन्तु घटिया किस्म के लाइट लगा दिए जाने से शाम होते ही गांव की गलियों में अंधेरा छा जाता है। इस संबंध में पंचायत सेवक रंधीर कुमार ने बताया कि संवेदक को इसकी जानकारी दें दी गयी है। बावजूद सोलर स्ट्रीट लाइट को रिपेयर नहीं किया गया है।

### बसमत्ता पंचायत के वर्तमान मुखिया सरिता कुमारी की ससुरजी का आकस्मिक निधन

**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**



बांका कटोरिया क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत घुठीया गांव के समाज सेवी श्री सीताराम यादव का आकस्मिक निधन दिनांक 09 जून, 2025 को सुबह हो गया। उनका जन्म 02/03/1941 को हुआ था। जिन्होने अपने जीवन में मेहनत मजदूरी कर पुत्रों को पढ़ा लिखाकर शिक्षित किया। जिनके फलस्वरूप बड़े पुत्र देवनंदन यादव उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं पत्नी सरिता कुमारी पंचायत के वर्तमान मुखिया पद पर है। वही छोटे पुत्र श्यामनंदन यादव पुलिस इंस्पेक्टर बनकर पिता का नाम रोशन कर रहे है।



**फूल शंकर डामोर उदयपुर**
गोवर्धन विलास पुलिस थाना क्षेत्र सेक्टर 14 के 2 बटा 472 मकान मालिक गांव गए थे की पीछे से सुने मकान में अल सुबह अज्ञात चोरों ने मकान के मेन दरवाजे का कुंदा तोड़कर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे कीमती सामान को बिखेरकर कमरे के अंदर अलमारी का कुंदा तोड़कर सोने चांदी की रकम व 50 हजार रुपए नगद ले गए मकान मालिक पवन लोहार ने बताया कि 5 तोला मंगल सूत्र ,सोने की चेन अंगूठियां सहित 15 तोला सोने के जेवरात के साथ साथ 10 तोला चांदी के आभूषण ले गए अल सुबह जब पड़ोसी ने कुंदे टूटे नजर आए तो पड़ोसियों ने मकान मालिक को सूचना दी जिस पर पवन लोहार पत्नी भूमिका जो कि गांव गए थे। तो पवन ने देखा कि कमरे के ताले तोड़कर अलमारी के इंटर लॉक तोड़कर सामान बिखर दिया और कांच टूटने की वजह से अलमारी में खून के धब्बे भी लगे हैं पवन की शादी भी एक साल पहले होने से जेवरात पियर व ससुराल पक्ष के जेवरात थे पत्नी भूमिका के पास ही थे । इसी तरह कुछ ही दूरी पर सुने मकान के कुंदे तोड़कर अलमारी का बैग ले गया है मकान मालिक मुंबई में होने से नुकसान का पता नहीं चल पाया है।

# नदी में डूबने से तीन मासूम भाई-बहनों की मौत, गांव में मातम पसरा

## खेरवाड़ा के लराठी गांव में सोम नदी में दर्दनाक हादसा, भैंस को लेने जाते वक्त नदी में उतरे थे भाई बहन

**फूल शंकर डामोर उदयपुर**
उदयपुर के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में सोम नदी में डूबने से तीन नाबालिग भाई-बहनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा खेरवाड़ा से करीब 15 किमी दूर लराठी गांव में हुआ। जिसमें एक भाई सहित उसकी दो बहनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों रविवार शाम करीब 6 बजे घर से भैंस को ढूंढने के लिए निकले थे। भैंस नदी के दूसरी तरफ थी। ऐसे में वे एक–एक करके नदी में उतरे और गहरे पानी में



जाने से तीनों की मौत हो गई। सोमवार सुबह जब ग्रामीणों ने उनके शव को तैरते हुए देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त के लिए परिजनों को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद तीनों के शव को नदी में से निकालकर खेरवाड़ा हॉस्पिटल मोर्चरी में शिफ्ट कराया गया। एक साथ तीन बच्चों की मौत के बाद परिवार में मातम परस गया। मां और पिता का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने रातभर आसपास गांव में अपने बच्चों के तलाश की थी लेकिन वे नहीं मिले।

**भैंस को तलाशते हुए नदी में उतरे थे बच्चे**
खेरवाड़ा थाने के एएसआई दिग्विजय सिंह ने बताया कि तीनों मृतक बच्चे अपनी भैंस को तलाशते हुए नदी तक पहुंचे थे, जहां गहरे पानी में जाने से उनकी मौत हो गई। हादसे में निरमा मीणा(15), खुशबू मीणा(13) और भाई कल्पेश मीणा(11) की मौत हुई है। मृतक बच्चों के पिता दिनेश मीणा खेरवाड़ा में चाय–नाश्ता की दुकान करते हैं। शवों को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम करवाकर शवों को परिजनों को सौंप दिया।देर शाम गांव में गमगीन माहौल में दाह संस्कार किया गया। खेरवाड़ा विधायक डॉ दयाराम परमार ने शोक व्यक्त किया।

**ग्रामीणों ने प्रशासन को कई बार पुल बनाने की मांग कर चुके, लेकिन पुल नहीं बना: सरपंच**
लराठी सरपंच लालूराम ने बताया कि अक्सर मवेशी सोमनदी के आसपास चरने के लिए जाते हैं। ऐसे में तीनों बच्चे अपनी भैंस को तलाशते हुए सोम नदी किनारे पहुंचे थे। उन्हें नदी की दूसरी तरफ अपनी भैंस दिखाई दी। जिस पर वे नदी में उतरकर किनारे–किनारे होते हुए दूसरी तरफ जाने की कोशिश की। तभी गहरे पानी में जाने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन हमने कई बार यहां पुल बनाने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। एक पुल है लेकिन वह 2 किमी दूर है। ऐसे में लोगों को नाव या ट्यूब के सहारे नदी पार करके जाना पड़ता है।

## नीलम करवरिया कप क्रिकेट :101 क्रिकेटरों ने दिया बारा टीम का ट्रॉयल

**प्रयागराज**। अक्टूबर माह में प्रस्तावित नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बारा विधानसभा टीम का ट्रॉयल को खंडाला क्रिकेट मैदान, रीवा रोड, जारी बाजार में हुआ। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया के नेतृत्व में मुख्य चयनकर्ता केबी काला के साथ एलबी काला, प्रदीप सिंह, राकेश मिश्र, सुशील ओझा और जाहिद अली ने खिलाड़ियों का परीक्षण किया। ट्रॉयल के लिए 131 क्रिकेटरों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीकरण कराया था। जिसमें दो दिनों में 101 खिलाड़ियों ने ट्रॉयल दिया। फूलपुर विधानसभा टीम का ट्रॉयल 11 व 12 जून को वर्मा क्रिकेट अकादमी झूंसी मैदान पर होगा।

## हैरी ब्रुक ने 11 दिनों के अंदर जीती दूसरी श्रृंखला, वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में हराया

**ब्रिस्टल (इंग्लैंड)**। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को 9 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी सूपड़ा साफ किया था जिससे नए कप्तान हैरी ब्रुक को 11 दिनों के अंदर दूसरी श्रृंखला में जीत दर्ज की। जोस बटलर के बाद टीम की कमान संभालने वाले ब्रूक की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 6 विकेट पर 196 रन बनाए। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर मैच और श्रृंखला जीत ली। इंग्लैंड ने 9 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की लेकिन उसके लिए वेस्टइंडीज के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। जरूरी रनरेट एक समय 11 रन प्रति ओवर से अधिक हो गया था। टीम हालांकि शीर्ष क्रम में छह में से पांच बल्लेबाजों के शानदार प्रयास से जीत दर्ज करने में सफल रही। जैकब बेथेल (10 गेंद में 26 रन) और टॉम बैंटन (11 गेंद में नाबाद 30) ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंदों पर 56 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में 96 रन बनाने वाले बटलर ने 36 गेंदों पर 47 रन बनाकर एक बार फिर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। वेस्टइंडीज ने इससे पहले आखिरी दो ओवर में 47 रन बटोर कर प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इस दौरान टीम ने 19वें ओवर में आदिल राशिद के खिलाफ पांच छक्के की मदद से 31 रन बटोरे।

## इंग्लैंड महिला टीम ने 61 रन से जीता अंतिम वनडे मैच, वेस्टइंडीज को किया क्लीन स्वीप

**टॉन्टन ।** सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह एलेन ने (27), कप्तान शमेन कैंपबेल ने (18) रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन (11) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिए। केट क्रॉस, लॉरेन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मुकाबले को 21-21 ओवरों का कर दिया गया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने मात्र 10.5 ओवरों में एक विकेट पर 109 रन बनाकर मुकाबला (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से जीत लिया। इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली ने 21 गेंदों में (26) रनों की पारी खेली।

## भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सांसद प्रिया सरोज से की सगाई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से सगाई कर ली। उनकी शादी इस साल 18 नवंबर को होने वाली है। प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने कहा कि सगाई समारोह एक निजी कार्यक्रम था, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य, दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए थे। 27 वर्षीय रिंकू ने पिछले कुछ सालों में भारत के लिए 2 वनडे और 33 टी20 मैच खेले हैं और वह आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स की एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। 26 वर्षीय प्रिया जौनपुर के मछलीशहर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार सांसद बनी हैं। दुल्हन के पिता ने कहा, 'रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं। उनकी मुलाकात प्रिया के दोस्त के पिता के जरिए हुई, जो खुद एक क्रिकेटर हैं। दोनों परिवारों के आशीर्वाद से उन्होंने शादी करने का फैसला किया।'



# पीवीएल 4 नीलामी: जेरोम विनीत, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने

**एजेंसी**

**कालीकट।** प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) सीजन 4 की नीलामी में जेरोम विनीत सी, शमीमुद्दीन और विनीत कुमार ने सबसे अधिक बोली हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। इन तीनों खिलाड़ियों को प्लेटिनम कैटेगरी में ?22.5 लाख की कीमत पर खरीदा गया। जेरोम विनीत को चेन्नई ब्लिट्ज ने अपनी टीम में शामिल किया, वहीं शमीमुद्दीन को कालीकट हीरोज और विनीत कुमार को कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने अपनी टीम में जोड़ा।

**कुल 789 खिलाड़ियों की बोली, 10 फ्रेंचाइजियों ने किए 6 करोड़ से अधिक खर्च**

इस बार नीलामी में कुल 789 खिलाड़ी शामिल हुए, जिन पर 10 फ्रेंचाइजियों ने बोली लगाई। कुल ?6 करोड़ 8 लाख 50 हजार की राशि खर्च की गई। हर फ्रेंचाइजी को अपने पुराने खिलाड़ियों को रिटेन करने या उन्हें ऑक्शन पूल में छोड़ने का विकल्प मिला था। विदेशी खिलाड़ियों का चयन ड्राफ्ट सिस्टम से किया गया।

**चेन्नई ब्लिट्ज की खरीदारी**

जेरोम विनीत के अलावा चेन्नई ब्लिट्ज ने एम. अश्विन राज, आदित्य राणा और समीर चौधरी को ?8 लाख में, नांजिल सूर्या को ?5.75 लाख, टी. श्रीकांत को 6.5 लाख, तरुण गौड़ा के को 4.25 लाख, कैला विष्णु वर्धन बाबू और नमिथ एमएन को 3 लाख में खरीदा।

**कालीकट हीरोज ने बनाई संतुलित टीम**

शमीमुद्दीन के अलावा कालीकट हीरोज ने संतोश एस को 11.5 लाख, मोहनुक्क्रापांडियन को 8 लाख, अब्दुल रहीम और मुकेश कुमार को ?4 लाख तथा हारिस, किरणराज थेवलिल और उसामा रहमत को ?3 लाख में टीम में शामिल किया।

**कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी दिखाई आक्रामकता**

विनीत कुमार के साथ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने जसजोध सिंह को 14.75 लाख, अमलके थॉमस को 6.5 लाख, जानशाद यू को ?4.25 लाख, और अयुष पांडे, निर्मल जॉर्ज, सचिन के, हेमंत पी और एलन अशीक वीएल को ?3 लाख में खरीदा।

**अहमदाबाद डिफेंडर्स का मजबूत दांव**

अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शॉन टी जॉन को ?11.5 लाख, अंगमुथु को ?11 लाख, अखिन जीएस को ?10.25 लाख में खरीदा। अर्शक सिनान को ?8 लाख, पी. प्रभाकरण को 3.25 लाख, जबकि ध्रुविल पटेल, अभिनव बीएस और हर्ष चौधरी को ?3 लाख में टीम का हिस्सा बनाया।

**बेंगलुरु टॉरपीडोज़ ने देर से लेकिन बड़ा दांव खेला**

बेंगलुरु टॉरपीडोज़ ने जिश्नू पीवी को ?14 लाख में खरीदा। जोएल बेंजामिन जे ?6.5 लाख में टीम से जुड़े, वहीं रोहित कुमार और इबिन जोस को ?5 लाख में, हिमांशु त्यागी को ?4.25 लाख में और संदीप को ?3 लाख में टीम में शामिल किया गया। नितिन मिन्हास को 4.2 लाख में खरीदा गया। दिल्ली तूफान ने मुहम्मद जसीम को 11 लाख, आयुष को 9 लाख, मन्नत चौधरी को 6.5 लाख, जॉर्ज एंटनी को 5 लाख और अभिषेक राजीव, अविनाश व रिजास केआर को 3 लाख में टीम में शामिल किया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की

**एजेंसी**

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज कर यूरोप दौरे की विजयी शुरुआत की। यह मुकाबला एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज्क्स प्लेन में खेला गया। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और 11वें मिनट में गीता यादव के शानदार गोल की बदौलत बढ़त बना ली। हालांकि, 25वें मिनट में बेल्जियम की मैरी गोएंस ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 34वें मिनट में लुईस वैन हेके ने गोल कर मेजबान टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और 40वें मिनट में सोनम ने बराबरी का गोल कर मुकाबले में वापसी दिलाई। भारतीय टीम का आत्मविश्वास फिर से चरम पर पहुंचा और 45वें मिनट में लालथनत्लुआंगी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 3-2



की निर्णायक बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और बेल्जियम को बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया। अंततः भारत ने यह मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अब अपना अगला मुकाबला 10 जून को एक बार फिर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

# मार्क मार्केज ने अरागोन ग्रां प्री जीतकर पूरा किया परफेक्ट वीकेंड, डुकाटी का पोडियम पर कब्ज़ा


**एजेंसी**

**अल्कानीज़ ।** डुकाटी के स्टार राइडर मार्क मार्केज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मोटरलैंड सर्किट पर उनका कोई सानी नहीं है। उन्होंने पोल पोजिशन से शुरुआत करते हुए अरागोन ग्रां प्री में शानदार जीत दर्ज की और चैंपियनशिप में अपनी बढ़त और मज़बूत कर ली। इस जीत के साथ मार्क ने न केवल सीज़न की सातवीं जीत हासिल की, बल्कि इस सर्किट पर रिकॉर्ड सातवीं बार जीतकर इतिहास भी रच दिया। उनके छोटे भाई एलेक्स मार्केज ने ग्रेसिनी रेसिंग के लिए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि डुकाटी टीम के ही फ्रांसेस्को बगनाइया तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह डुकाटी ने पोडियम पर पूरी तरह कब्ज़ा जमाया।

**सभी सेशनों में दिखाया दबदबा**

मार्क मार्केज़ ने वीकेंड के हर सेशन – प्रैक्टिस, क्वालिफाइंग, वार्मअप और रेस – में टॉप पर रहकर 2015 जर्मन ग्रां प्री के बाद पहली बार किसी राइडर ने हर सेशन में बढ़त बनाई। उस समय भी ये कारनामा खुद मार्क ने ही किया था।

उन्होंने कहा, यह वीकेंड शानदार रहा। हर सेशन में लीड करना, पूरा फोकस बनाए रखना जरूरी था। एलेक्स और पेको (बगनाइया) की रेस पेस तेज थी, लेकिन मैं गैप



कंट्रोल करता रहा। भाई के साथ जीत सेलिब्रेट करना बहुत खास था।

**भाईचारा और सोशल मीडिया पर बना रहा रोमांच**

रेस से पहले दोनों मार्केज़ भाइयों के बीच सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर मज़ेदार बहस चल रही थी कि उनकी मां किसे सपोर्ट करेंगी। रेस जीतने के बाद मार्क ने अपनी मां को डुकाटी की लाल शर्ट भेंट की, जिससे मज़ेदार लम्हा बन गया। रेस के बाद दोनों भाई घरेलू दर्शकों के सामने हाथ में हाथ डालकर डांस करते भी दिखे, जो उनके सम्मान में बनाए गए विशेष स्टैंड में मौजूद थे।

**बगनाइया की पकड़ और अकॉस्टा की चुनौती**

रेस के शुरुआती मोड़ पर मार्क ने बेहतरीन लॉन्च के साथ बढ़त बनाई और पहले मोड़ में ही लीड ले ली। एलेक्स दूसरे स्थान पर टिके रहे, जबकि तीसरे स्थान के लिए बगनाइया और केटीएम के पेड्रो अकॉस्टा के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, अनुभव के दम पर बगनाइया ने अकॉस्टा को पछाड़ दिया। वहीं, केटीएम के ही ब्रैड बिंडर का क्रैश होना टीम के लिए झटका साबित हुआ।

**चैंपियनशिप में बढ़त**

इस जीत के साथ मार्क मार्केज़ ने अपने भाई एलेक्स पर 32 अंकों की बढ़त बना ली है, जबकि बगनाइया अब शीर्ष से 93 अंक पीछे हैं। सीज़न के इस पड़ाव पर मार्क की फॉर्म और आत्मविश्वास उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बना रही है।

# पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार जीता नेशंस लीग का खिताब

**एजेंसी**

**म्यूनिख।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई में पुर्तगाल ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए यूएफ़ा नेशंस लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं।

**रोनाल्डो ने दिलाया बराबरी का गोल**

मुकाबले की शुरुआत स्पेन के पक्ष में रही, जब 21वें मिनट में मार्टिन जुबिमेंडी ने अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन जल्द ही पुर्तगाल ने वापसी की और नूनो मेंडेस ने रोनाल्डो की मदद से शानदार गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया।

**पेड्री का कमाल और फिर रोनाल्डो का जवाब**


स्पेन ने पहले हाफ के अंत तक फिर से बढ़त बनाई। मिडफील्डर पेड्री के बेहतरीन पास पर मिकेल ओयारज़ाबाल ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। हालांकि, दूसरे हाफ में रोनाल्डो ने एक बार फिर मौके का फायदा उठाया और 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागते हुए पुर्तगाल को बराबरी दिला दी।

**शूटआउट में स्पेन चूका, पुर्तगाल ने मारी बाज़ी**

मैच के अंतिम क्षणों में रोनाल्डो चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमों के बीच कोई फर्क नहीं पड़ा और मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। यहां स्पेन के अल्वारो मोराटा चूक गए, जबकि पुर्तगाल ने अपने सभी पांच पेनल्टी गोल में बदले। आखिरी किक रूबेन नेवेस ने लगाई और पुर्तगाल को दूसरी बार नेशंस लीग चैंपियन बना दिया।

**रोनाल्डो की भावुक विदाई**

जीत के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने आंसू नहीं





रोक सके। यह संभवतः उनका आखिरी बड़ा टूर्नामेंट हो सकता है और टीम को ट्रॉफी दिलाकर वह भावुक हो उठे। 40 साल की उम्र में भी उनका जज्बा और प्रदर्शन प्रशंसकों के लिए प्रेरणादायक रहा।

**स्पेन की अपराजेय रेखा टूटी**

स्पेन ने सेमीफाइनल में फ्रांस को 5-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था और मार्च 2023 से वह अपराजित रहा था। यूरो 2024 का खिताब जीतने के बाद यह उनका लगातार दूसरा बड़ा फाइनल था, लेकिन इस बार रोनाल्डो और पुर्तगाल के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# तीसरे दिन भारत ए का दबदबा, खलील अहमद चमके, राहुल और ईश्वरन ने लगाया अर्धशतक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खलील अहमद की चार विकेट की शानदार गेंदबाजी, इंग्लैंड लॉयंस की निचले क्रम की लड़ाकू पारियां और फिर केएल राहुल व अभिमन्यु ईश्वरन की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन खुद को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया है। भारत ए ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 4 विकेट पर 163 रन बनाकर 184 रन की कुल बढ़त हासिल कर ली है।

**खलील की कहर बरपाती गेंदबाजी, लॉयंस ढेर होते-होते बचे**

दिन की शुरुआत 192/3 से करने वाली इंग्लैंड लॉयंस की टीम 243/8 तक लड़खड़ा गई थी, जहां खलील अहमद ने कहर बरपाया। उन्होंने लगातार विकेट चटकाकर भारत ए को मजबूत वापसी कराई। हालांकि जोश टंग (36*) और फरहान अहमद (24) ने निचले क्रम में जुझारू बल्लेबाजी कर टीम को 327 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। खलील ने 4/70 की शानदार गेंदबाजी की।

**राहुल-ईश्वरन की साझेदारी ने दिलाई बढ़त**

दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए। लेकिन इसके बाद केएल राहुल (51) और अभिमन्यु ईश्वरन (80) ने 88 रनों की अहम साझेदारी की। राहुल ने पहले पारी के शतक के बाद दूसरी पारी में भी शानदार बैटिंग करते हुए फिफ्टी जड़ी। वहीं, कप्तान ईश्वरन अंत तक टिके रहे और 80 रन की दमदार पारी खेली। करुण नायर ने कुछ आकर्षक शॉट्स खेले लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गए। दिन के अंतिम क्षणों में रोशनी की समस्या के चलते खेल रोकना पड़ा और ईश्वरन का विकेट भी गिर गया जब उन्होंने वोक्स की गेंद पर स्लिप में कैच थमा दिया। इससे पहले सुबह के सत्र में जॉर्डन कॉक्स (45) और जेम्स रियू ने खलील और शार्दुल को चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन खलील ने दोनों को आउट कर भारत ए को बढ़त दिलाई। शार्दुल को स्विंग मिली लेकिन वो विकेट नहीं ले सके। तुषार देशपांडे और अंशुल काम्बोज ने बाद में असरदार गेंदबाजी की और पुछल्ले बल्लेबाज़ों को आउट कर पारी समेटी।

**स्कोर संक्षेप में:**

भारत एः 348 और 163/4 (अभिमन्यु ईश्वरन 80, केएल राहुल 51; क्रिस वोक्स 2/31)

इंग्लैंड लॉयंसः 327 (एमिलियो गे 71, टॉम हेन्स 54; खलील अहमद 4/70)

**भारत ए को कुल बढ़तः 184 रन**

भारत ए की नजरें अब चौथे दिन इंग्लैंड लॉयंस पर दबाव बनाने और मैच में निर्णायक बढ़त लेने पर होंगी।

## मैगनस कार्लसन नें रिकॉर्ड 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब, गुकेश रहे तीसरे स्थान पर

**एजेंसी**

**स्टावेंगर।** साल के सबसे मजबूत सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज का अंत बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ जहां खिताब के दोनों प्रमुख दावेदार विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन और डी विश्व चैम्पियन डी गुकेश को हार का सामना करना पड़ा और ऐसे में कार्लसन विजेता बनने में कामयाब रहे । अर्जुन नें रोका कार्लसन का रथ - भारत के नंबर एक और दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी सफ़ेद मोहरो से मैगनस का सामना कर रहे थे , पिछली बार वह कार्लसन से पांचवें राउंड में पराजित हो गए थे इस बार सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए पहले तो उन्होने कार्लसन से क्लासिकल में ड्रॉ पर रोका और फिर उन्हे टाईब्रेक आर्मगेडेन में मात देते हुए जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया । इस हार के बाद भी कार्लसन को क्लासिकल का एक अंक मिला और वह 16 अंको पर पहुँच गए । ऐसे में गुकेश के पास मौका था की वह कारुआना को हराए और विजेता बन जाये । करूआना के खिलाफ गुकेश नें काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में थोड़ा हटकर रास्ता बनाने की कोशिश की और राजा को वजीर के हिस्से में किलेबंदी करके ले गए जबकि करूआना नें राजा के हिस्से में किलेबंदी करते हुए अपने राजा को रखा और गुकेश पर हमला करना शुरू कर दिया । उन्होने अपना हाथी देकर गुकेश का एक ऊंट और घोडा ले लिया , इन सबके बावजूद गुकेश नें अपना एक प्यादा तेजी से वजीर बनाने के लिए आगे बढ़ा दिया और खेल की 48वीं चाल में जब गुकेश के पास सिर्फ 7 सेकंड बाकी थे ।

# मुंबई सिटी एफसी ने मिजोरम के मिडफील्डर लालनुंतलुआंगा बावितलुआंगा को किया साइन

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने आगामी 2025-26 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन से पहले एक अहम कदम उठाते हुए श्रीनिधि डेक्कन एफसी के मिडफील्डर लालनुंतलुआंगा बावितलुआंगा के साथ करार किया है। यह करार तीन साल के लिए हुआ है, जिससे यह युवा खिलाड़ी 2027-28 सीजन तक आइलैंडर्स के साथ जुड़ा रहेगा। 25 वर्षीय मिजोरमी खिलाड़ी ने पिछले तीन सीजनों में आई-लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। श्रीनिधि डेक्कन और रियल कश्मीर जैसे क्लबों के लिए खेलते हुए उन्होंने हर सीजन में 20 से अधिक मैचों में भाग लिया। मैदान पर उनकी ऊर्जा, दृढ़ता और निरंतरता उन्हें एक भरोसेमंद मिडफील्डर बनाती हैं। मुंबई सिटी द्वारा यह साइनिंग क्लब की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत





टीम को और अधिक संतुलित, युवा और प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। लालनुंतलुआंगा के आने से टीम को मिडफील्ड में नई मजबूती और गति मिलने की उम्मीद है। लालनुंतलुआंगा बावितलुआंगा ने क्लब से जुड़ने पर खुशी जताते हुए कहा, मुंबई सिटी एफसी से जुड़ना मेरे लिए गर्व का विषय है। यह क्लब जिस इतिहास और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें योगदान देना मेरे करियर की एक बड़ी उपलब्धि है। आईएसएल में खेलना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक बड़ा कदम है और मैं इस अनुभव से बहुत कुछ सीखने और आगे बढ़ने की उम्मीद करता हूं।

क्लब के फुटबॉल निदेशक सुजय शर्मा ने कहा कि हमने लालनुंतलुआंगा को उनकी गति, अनुशासन और लगातार प्रदर्शन के चलते साइन किया है। वे एक जुझारू खिलाड़ी हैं, जो मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देते हैं। हमें भरोसा है कि वह हमारी मौजूदा टीम के साथ शानदार तालमेल बिठाएंगे और क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेंगे।

## बुमराह ने सर्जरी से पहले बढ़ाया था कैमरून ग्रीन का हौसला, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने किया जिक्र

**लंदन ।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि 9 से 12 महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन उन्होंने अक्टूबर में सर्जरी करवाने का फैसला किया। ग्रीन ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह ने सर्जरी करवाने से एक रात पहले मुझसे संपर्क किया था। वह उस समय भारतीय टीम के लिए एक टेस्ट मैच खेल रहे थे। ऐसी कुछ चीजें वाकई बहुत खास होती हैं और आपको इससे बहुत अच्छा महसूस होता है। उनके जैसे किसी व्यक्ति का साथ मिलना और फिर उन्हें ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करते देख कर मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है।

# प्राइम वॉलीबॉल लीग प्लेयर ऑक्शन में चेन्नई ब्लिट्ज़ ने जेरोम विनीत पर लगाई सबसे ऊंची बोली

**एजेंसी**

**कालीकट**। भारत की प्रमुख पेशेवर वॉलीबॉल प्रतियोगिता प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सीजन की खिलाड़ी नीलामी में टीमों ने नए सत्र के लिए खिलाड़ियों को अपनी टीमों में शामिल करने के लिए जोरदार बोली लगाई। कालीकट में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में देशभर से चुने गए होनहार और अनुभवी खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसा। इस प्रमुख वॉलीबॉल लीग का चौथा सीजन अक्टूबर, 2025 में शुरू होगा।

**विनीत और शमीमुद्दीन बने सबसे महंगे खिलाड़ी**

नीलामी की सबसे बड़ी खबर रही चेन्नई ब्लिट्ज द्वारा प्लैटिनम कैटेगरी से जेरोम विनीत सी को 22.5 लाख रुपये में खरीदना। इस ऑलराउंडर को पाने के लिए चेन्नई को बेंगलुरु टॉरपीडोज़ और कोलकाता थंडर बोल्ट्स से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। विनीत इससे पहले कालीकट हीरोज़ का हिस्सा थे। मेजबान कालीकट हीरोज़ ने भी स्थानीय खिलाड़ी शमीमुद्दीन को 22.5 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल कर फैन्स का दिल जीत लिया। इसके अलावा टीम ने मोहन उक्क्रापांडियन और संतोष एस को 8-8 लाख रुपये में राइट टू मैच विकल्प के तहत टीम में बरकरार रखा।

दिल्ली तूफांस ने अपनी सबसे बड़ी बोली लगाते हुए आयुष को 9 लाख रुपये में खरीदा। इसके अलावा टीम ने जॉर्ज एंटनी (5 लाख रुपये) और मन्नत चौधरी (6.5 लाख रुपये) को भी गोल्ड कैटेगरी में शामिल किया। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने विनीत कुमार को 22.5 लाख रुपये में टीम में जोड़ा। साथ ही अमल के थॉमस (6.5 लाख रुपये) और जसजोध सिंह (14.75 लाख रुपये) जैसे खिलाड़ियों को खरीदकर नीलामी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

**अन्य टीमों की अहम खरीद**

बेंगलुरु टॉरपीडोज़ः जिश्नु पीवी को 14 लाख रुपये में खरीदा, जबकि जोएल बेंजामिन जे, इबिन जोस और रोहित कुमार को 5-6.5 लाख रुपये की रेंज में टीम में जोड़ा गया। अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शॉन टी जॉन को राइट टू मैच के तहत 11.5 लाख रुपये में बरकरार रखा। अंगमुथु (11 लाख रुपये) और अखिन जी. एस. (10.5 लाख रुपये) भी टीम में शामिल हुए। हैदराबाद ब्लैक हॉक्सः शिखर सिंह को 16 लाख रुपये में खरीदा, जबकि अमन कुमार (11.5 लाख रुपये) और दीपु वेणुगोपाल (5.75 लाख रुपये) को भी टीम का हिस्सा बनाया।

# सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के प्रतिभा ट्रायल्स में नए चेहरों को मिला प्रो टी20 मंच पर मौका

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी20 लीग के दूसरे सीजन की तैयारियों के तहत सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कोलकाता में ओपन ट्रायल्स का आयोजन किया, जिसमें उत्तर बंगाल के विभिन्न जिलों से सैकड़ों उभरते क्रिकेटर्स ने भाग लिया। इस ट्रायल्स के माध्यम से चयनित 9 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ियों को टीम के साथ नेट सेशन्स और अभ्यास सत्रों में शामिल किया गया। इस आयोजन में युवा खिलाड़ियों ने अपने हुनर का जोरदार प्रदर्शन किया। अनुभवी कोचों और टैलेंट स्काउट्स की निगरानी में की गई गंभीर और प्रतिस्पर्धी चयन प्रक्रिया के बाद चुने गए खिलाड़ियों को सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के आगामी नेट कैंप में शामिल किया गया है।सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने ट्रायल्स को लेकर कहा, 'इस आयोजन में जो जोश और भागीदारी हमने देखी, वह उत्तर बंगाल की प्रतिभा पर हमारे विश्वास को और मजबूत करता है। हमारा लक्ष्य इन युवा खिलाड़ियों को पेशेवर मंच देना है ताकि वे राज्य और देश का नाम रौशन कर सकें।'

**मार्की खिलाड़ी और टीम संरचना**

पुरुष वर्ग में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज आकाश दीप को मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाए रखा गया है। वहीं महिला टीम की अगुआई प्रियंका बाला करेंगी, जो इस वर्ग की मार्की खिलाड़ी हैं। सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स इस बार दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग जिलों का





प्रतिनिधित्व करेंगे। नेट सेशन्स और अभ्यास सत्रों के लिए जिन 11 खिलाड़ियों का चयन किया गया है उसमें नौ पुरुष और दो महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष वर्ग में आयुष तिवारी, शुभज्योति मैती, स्निग्धो चौधरी, समृद्ध बनर्जी, दानियाल चौधरी, आर्यन शॉ, अंकित कुमार सोनी, एसके जहीर अब्बास और रौनक रौशन को चुना गया है। जबकि महिला वर्ग में उर्जा लोहिया और काजल रॉय का चयन हुआ है।

**टूर्नामेंट शेड्यूल**

पुरुष वर्ग की शुरुआत 11 जून को ईडन गार्डन में होगी, जहां सोबिस्को स्मैशर्स मालदा और मुर्शिदाबाद किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, महिला लीग 12 जून से शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 28 जून को ईडन गार्डन में दोपहर 1:30 बजे खेला जाएगा।

**सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की मुख्य टीमः**

पुरुष टीमः आकाश दीप (मार्की), सूरज सिंधु जायसवाल, विकास सिंह, तरुण गोदारा, अंकुर पॉल, शुभम चटर्जी, नुरुद्दीन मंडल, इरशाद आलम, अंकुश त्यागी, सौरव पॉल, मिथिलेश दास, राजू हलदर, पवन, लोकेश, आदित्य सिंह, शिवम् भारती, सचिन यादव, अनुस्तुप मजूमदार

**महिला टीमः** प्रियंका बाला (मार्की), स्नेहा गुप्ता, तिथि दास, झुम्पा रॉय, रत्ना बर्मन, अनन्या हलदर, मौली मंडल, अनिंदिता नाथ, स्वास्तिका कुंडू, पूजा अधिकारी, सुमना मंडल, सुप्रिथा सरकार, स्निग्धा बाग, नफीसा यास्मीन, रितु गायेन, सौमी रॉय

## एचडीएफसी और बैंक ऑफ बड़ौदा सहित आधा दर्जन बैंकों के कर्ज हुए सस्ते, बाकी भी इसी हफ्ते घटा सकते हैं दर

**मुंबई।** आरबीआई की ओर से रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती के तीसरे दिन तक आधा दर्जन बैंकों ने कर्ज को सस्ता कर दिया है। इनमें निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक से लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा सहित कई बैंक शामिल हैं। ऐसे में इन बैंकों से कर्ज लेने वाले ग्राहकों को भारी राहत मिलेगी। दरअसल, आरबीआई ने रेपो दर में 0.50 फीसदी कटौती की घोषणा की थी। इसके बाद बैंकों के पास केवल शनिवार ही मिला है। रविवार को बैंक बंद रहे। ऐसे में अधिकतर बैंक इस हफ्ते अपने कर्ज को सस्ता करने की घोषणा कर सकते हैं। इसमें सबसे बड़े बैंक एसबीआई, आईसीआईसीआई, यूनियन बैंक, एक्सिस और कोटक महिंद्रा बैंक आदि शामिल हैं। होम लोन, कार लोन सहित पर्सनल लोन इन्हीं बैंकों से सबसे ज्यादा लिए जाते हैं।




## ओडिशा अब भारत का खनिज केंद्र नहीं, बल्कि विविध औद्योगिक केंद्र बन रहा : मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि प्रदेश अब भारत का खनिज केंद्र नहीं रहा, बल्कि यह एक विविध औद्योगिक शक्ति बन रहा है। माझी ने अपनी सरकार की पहली वर्षगांठ से पहले लोक सेवा भवन में उद्योगपतियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ओडिशा अब सिर्फ़ खनिज और धातु का केंद्र नहीं रह गया है। हम एक विविधतापूर्ण औद्योगिक केंद्र बन रहे हैं, जहां बंदरगाह से लेकर संयंत्र तक और शहरों से लेकर हर आकांक्षी जिले तक अवसरों का प्रवाह होता है। उन्होंने कहा कि राज्य 20 क्षेत्रों - खनन, धातुकर्म और धातु डाउनस्ट्रीम से लेकर रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान और वस्त्र में उभरते अवसरों तक में आगे बढ़ रहा है। माझी ने उद्योगों की मदद के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, एक साल पहले, ओडिशा के लोगों ने हम पर भरोसा जताया था कि हम एक ऐसा भविष्य बनाएंगे जो समावेशी, आकांक्षापूर्ण और परिवर्तनकारी होगा। आज, जब हम इस पहले वर्ष पर विचार करते हैं, तो हम अपनी प्रगति और आगे की यात्रा के लिए नई प्रतिबद्धता पर गर्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उद्योगपतियों से राज्य को औद्योगिक शक्ति बनाने की यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।

## अदाणी के सीमेंट कारोबार का भारत के घरों और बुनियादी ढांचे में 30 प्रतिशत का योगदानः अंबुजा सीईओ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स देश के घरों और बुनियादी ढांचे के लिए इस्तेमाल होने वाले सीमेंट में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अंबुजा सीमेंट्स ने मुख्य रूप से अधिग्रहणों के माध्यम से रिकॉर्ड समय में पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 10 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता को पार कर लिया है। अब उसका लक्ष्य मुख्य रूप से अधिग्रहण करते हुए विस्तार परियोजनाओं के माध्यम से चालू वित्त वर्ष (2025-26) तक 11.8 करोड़ टन प्रतिवर्ष और वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 करोड़ टन प्रतिवर्ष तक पहुंचना है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद बहेटी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, अब अदानी समूह के सीमेंट कारोबार का मुख्य हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स भारत के घरों और बुनियादी ढांचे में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है। वित्त वर्ष 2023-24 में, अंबुजा ने 10 करोड़ टन प्रति वर्ष एकीकृत सीमेंट क्षमता का मील का पत्थर पार कर लिया, और वैश्विक स्तर पर नौवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई।

## रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर विमान उन्नयन कारोबार पर 5,000 करोड़ रुपये का दांव लगाएगी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है।रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

# दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना विझिनजाम बंदरगाह पर पहुंचा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार को केरल के तिरुवनंतमपुरम में विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर सुबह आठ बजे पहुंचा। कंटेरन जहाज के यहां पहुंचने पर उसका स्वागत पारंपरिक जल सलामी के साथ किया गया। ये जहाज मंगलवार तक यहां रहेगा। दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना ने विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर ऐतिहासिक शुरुआत की। दक्षिण एशियाई बंदरगाह की अपनी पहली यात्रा पर आया ये जहाज सुबह 8 बजे बंदरगाह पर पहुंचा, जिसने अल्ट्रा-लार्ज कंटेनर जहाजों (यूएलसीवी) को संभालने में विझिनजाम की क्षमताओं को उजागर किया। एमएससी इरिना, जिसे टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) क्षमता के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज बताया जा रहा है, जो मंगलवार तक




बंदरगाह पर खड़ा रहेगा। विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह को अडाणी समूह ने बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2 मई को इसका उद्धघाटन किया। दुनिया के सबसे बड़े जहाज का आगमन नए बंदरगाह के लिए मील का पत्थर है।

**फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है ये जहाज**

एमएससी इरिना जहाज की क्षमता 24,346 टीईयू की है, जो इसे वैश्विक शिपिंग में एक मजबूत खिलाड़ी बनाती है।

399.9 मीटर की लंबाई और 61.3 मीटर की चौड़ाई के साथ यह जहाज फीफा द्वारा नामित एक मानक फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है। इस को मार्च, 2023 में लॉन्च किया गया था, जो उसी वर्ष अप्रैल में अपनी पहली यात्रा पर निकला था। लाइबेरियाई झंडे के नीचे चलने वाला यह जहाज 26 स्तरों तक ऊंचे कंटेनरों को ढेर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कंटेनर स्टैकिंग में बेजोड़ क्षमता प्रदान करता है। समकालीन पर्यावरण मानकों के अनुरूप, यह पोत ऊर्जा-बचत सुविधाओं से सुसज्जित है, जो कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी तक की कमी लाने में योगदान देता है, जिससे परिचालन दक्षता बनाए रखते हुए इसके कार्बन पदचिह्न में उल्लेखनीय कमी आती है। उल्लेखनीय है कि एमएससी इरिना जहाज का यह स्मारकीय आगमन विझिनजाम बंदरगाह के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसे 2 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया था। इस बंदरगाह ने जुलाई, 2024 में परीक्षण के आधार पर और उसके बाद दिसंबर में वाणिज्यिक संचालन शुरू होने के बाद से अब तक 7.33 लाख कंटेनरों को संभालने वाले 349 जहाजों को बर्थिंग की सुविधा प्रदान की है।

## चीन के निर्यात ने फिर पकड़ी रफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चीन के निर्यात में मई माह में तेजी आई है। वहीं चीन का अमेरिका को निर्यात 10 प्रतिशत कम हुआ है। सोमवार को सीमा शुल्क के आंकड़े जारी किए गए, जिनमें बताया गया कि का निर्यात मई महीने में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत ज्यादा हुआ। आंकड़ों के अनुसार, चीन के आयात में साल-दर-साल 3.4 प्रतिशत की कमी आई है, जिसके कारण चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब डॉलर हो गया है। मई में चीन का अमेरिका को निर्यात 28.8 अरब डॉलर रहा। वहीं चीन का अमेरिका से आयात 7.4 प्रतिशत गिरकर 10.8 अरब डॉलर रहा। अप्रैल में चीन के वैश्विक निर्यात में 8.1 प्रतिशत की तेजी के बाद मई में व्यापार धीमा हो गया। अमेरिका-चीन वार्ता का अगला दौर सोमवार को ब्रिटेन में होने वाला है। इस वार्ता में चीन की तरफ से उप-प्रधानमंत्री ही लेइफेंग शामिल होंगे। वहीं अमेरिका की तरफ से अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर बैठक में शामिल होंगे। बीते हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के नेता शी जिनपिंग के बीच फोन पर बात हुई थी, जिसे अमेरिकी



राष्ट्रपति ने अच्छी बातचीत बताया था। बीते महीने ही विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन ने आयात कर कम करने के लिए एक अस्थायी संघर्ष विराम पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन तब से ही दोनों देश एक-दूसरे पर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं। फरवरी में ट्रंप ने चीन से आने वाले सामान पर टैरिफ लगाने का एलान किया था। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा दिया। हालांकि मई में ट्रंप ने इस पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी।

# पीयूष गोयल 9 से 13 जून तक स्विट्जरलैंड और स्वीडन की यात्रा पर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 9 से 13 जून तक स्विट्जरलैंड और स्वीडन की आधिकारिक दौरे पर हैं। वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा का मकसद आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए साथ-साथ रणनीतिक ट्रेड और विनिवेश संबंधों को आगे बढ़ाना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की इस यात्रा की शुरुआत स्विटजरलैंड से होगी, जहां मंत्री वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और प्रभावशाली उद्योग जगत की हस्तियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए संभावनाओं का पता लगाएंगे। पीयूष गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार संघों के साथ उच्च-प्रभावी बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए तय की गई हैं। यात्रा कार्यक्रम में फार्मा और लाइफ




साइंसेज, तथा प्रेसिजन इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रमुख स्विस उद्योग जगत के नेताओं के साथ केंद्रित क्षेत्रीय बैठकें शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री की यह यात्रा प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को गहरा करने, मजबूत व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने में भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ये दौरा यूरोप की दो सबसे नवीन अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।

# वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारतीय तेल और गैस क्षेत्र में होगी वृद्धि, रिसर्च में किया गया दावा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय तेल और गैस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों में आने वाले सालों में मजबूत वृद्धि की संभावना है। सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिसर्च में यह दावा किया गया है। रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार तेल व गैस बाजार में पिछले महीने आए उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026 और 2027 में इस क्षेत्र में मजबूत वृद्धि हो सकती है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026 में भारतीय तेल और गैस क्षेत्र की कंपनियों का एवरेज सेल 6 प्रतिशत, EBITDA 12.9 प्रतिशत और PAT(Profit After Ta&) 13.3 प्रतिशत होगा। वहीं वित्त वर्ष 2027 में औसत बिक्री 7.8 प्रतिशत, EBITDA यानी संचालन लाभ 9 प्रतिशत और कर पश्चात लाभ (PAT) 10.1 प्रतिशत रहेगा। सिस्टमैटिक्स के अनुसार इनमें रिलायंस लिमिटेड (ऋ्रढ्ढरु), गेल इंडिया लिमिटेड , महानगर गैस लिमिटेड (और गल्फ ऑफ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड टॉप में शामिल रहेंगे। रिसर्च के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के




कारण बाजार में काफी अस्थिरता रही, जबकि रिफाइनिंग मार्जिन में मजबूत उछाल आया। पिछले महीने ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 22.9 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट हुई और 3.8 प्रतिशत की मासिक गिरावट देखने को मिली। यह गिरावट साऊदी अरब और यूए जैसे ओपेक (पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन) देशों में आपूर्ति वृद्धि से प्रभावित थी। इसके अलावा वैश्विक तरल की मांग में तेल गिरावट देखी गई। इसके विपरित, कंपनियों के बेंचमार्क सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) में 85 प्रतिशत मासिक और 121 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। यह औसतन 6.4 डॉलर प्रति बैरल रहा। यह बड़ा सुधार कच्चे तेल की कम इनपुट लागत और गैसोलीन, गैसऑलय, जेट, कैरो और नेफ्था सेगमेंट में बेहतर उत्पाद से हुआ। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस की कीमतों में मिली जुली स्थिति देखने को मिली। जनवरी 2025 से अधिक आपूर्ति के कारण अमेरिका के हेनरी हब की कीमतों में 31.8 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं, एशियाई स्पॉट एलएनजी (जापान कोरिया मार्कर) की कीमतें घरेलू मांग के कारण 6.7 प्रतिशत की वार्षिक बढ़त हुई। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में तेल और गैस क्षेत्र की कुल आय में साल दर साल की मामूली गिरावट देखी गई । हालांकि गैस और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने अनुमान से अधिक राजस्व की रिपोर्ट की।

# भारत ने पिछले 11 वर्षों में कैशलेस क्रांति को अपनायाः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि भारत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसी विश्वस्तरीय डिजिटल पहलों के साथ कैशलेस क्रांति को अपना रहा है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्षों में भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक शानदार यात्रा का अनुभव किया। एक दूसरी पोस्ट में कहा गया, भारत कैशलेस क्रांति को अपना रहा है। प्रतिदिन 70,000 करोड़ रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन और एक दिन में 59.6 करोड़ लेनदेन के साथ डिजिटल पेमेंट्स अब मानक बन गए हैं।÷

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने आगे कहा कि आम नागरिक के जीवन को आसान बनाने से लेकर कारोबारी आत्मविश्वास को



बढ़ाने तक, यह रियल और विजिबल चेंज का एक दशक रहा है। भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि क्लाइमेट एक्शन और डिजिटल इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक भागीदार भी है।

यूपीआई ने इस वर्ष मई में 18.68 बिलियन ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड कर मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो अप्रैल में 17.89 बिलियन थे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई ट्रांजैक्शन पिछले वर्ष इसी महीने 14.03 बिलियन ट्रांजैक्शन की तुलना में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। पिछले महीने मूल्य के हिसाब से यूपीआई ट्रांजैक्शन बढ़कर 25.14 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो अप्रैल में 23.95 लाख करोड़ रुपए से 5 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले वर्ष मई में 20.45 लाख करोड़ रुपए से लगभग 23 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मई में एवरेज डेली ट्रांजैक्शन की मात्रा 602 मिलियन रही, जबकि एवरेज डेली ट्रांजैक्शन अमाउंट 81,106 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूपीआई ने भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपना प्रभुत्व मजबूत किया है और कुल ट्रांजैक्शन की मात्रा में इसकी हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 79.7 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 83.7 प्रतिशत हो गई है।

## मूंगफली तेल महंगा, सोयाबीन रिफाइंड में नरमी



**एजेंसी**

**इंदौर।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में भाव ऊपर नीचे हुए। प्रोडक्शन सेंटरों की तेजी के साथ मूंगफली तेल महंगा बिका। वहीं सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल सस्ता बिका। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली रही, इससे भाव ऊंचे रहे। मूंगफली तेल 1330 से 1350 रुपये प्रति 10 किलोग्राम खुला जो 1340 से 1360 रुपये पर रुका। हालांकि कारोबार के दौरान भाव ऊपर नीचे हुए। सोयाबीन रिफाइंड 1165 से 1175 रुपये पर खुलकर 1135 से 1140 रुपये बिका। पाम तेल 1230 से 1235 रुपये खुलकर 1205 से 1210 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से मिश्रित रंगत दर्ज की गई। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली से मजबूती रही।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, फीकी पड़ी सोने और चांदी की चमक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,960 रुपये से लेकर 98,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,790 रुपये से लेकर 89,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी आज मामूली कमजोरी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 200 रुपये सस्ती होकर 1,06,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 98,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,940 रुपये



प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## फोन पर ट्रंप ट्रम्प-शी की बातचीत के बाद लंदन में अमेरिका व चीन के बीच व्यापार वार्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल लंदन में बैठक कर रहे हैं, ताकि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यापार विवाद में नाजुक संघर्ष विराम को मजबूत करने का प्रयास किया जा सके। उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल एक अज्ञात स्थान पर अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक, ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से मुलाकात करेगा। यह वार्ता कम से कम एक दिन तक चलेगी। पिछले महीने जिनेवा में हुई वार्ता के बाद व्यापार युद्ध में कुछ समय के लिए राहत मिली थी। दोनों देशों ने 12 मई को घोषणा की थी कि वे 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ़ में से अधिकांश को 90 दिनों के लिए स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं, जो उन्होंने बढ़ते व्यापार युद्ध के दौरान एक-दूसरे पर लगाए थे,



जिससे मंदी की आशंकाएं पैदा हो गई थीं। उसके बाद से दोनों देशों के बीच उन्नत सेमीकंडक्टर्स जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मजबूती प्रदान करते हैं और रेयर अर्थ मैटेरियल्स जो इलेक्ट्रिक कार निर्माताओं और अन्य उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण हैं, के अलावे चीनी छात्रों के लिए वीजा के मुद्दे पर एक दूसरे के खिलाफ नाराजगी भरे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले चीनी नेता शी जिनपिंग से फोन पर लंबी बातचीत की और संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश शुरू हुई। ट्रम्प ने अगले दिन सोशल मीडिया पर बताया कि सोमवार को लंदन में व्यापार वार्ता होगी। ब्रिटिश सरकार का कहना है कि वह आयोजन स्थल और रसद उपलब्ध करा रही है, लेकिन वार्ता में शामिल नहीं है। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा, हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त व्यापार का समर्थन करते है और हमेशा से यह स्पष्ट रहा है कि व्यापार युद्ध किसी के हित में नहीं है, इसलिए हम इन वार्ताओं का स्वागत करते हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने ब्याज दर में की 0.5 प्रतिशत की कटौती

**एजेंसी**

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती का लाभ ग्राहकों को पहुंचाने के लिए रेपो दर लिंक्ड उधारी दर (आरएलएलआर) को 0.5 प्रतिशत कम कर दिया है। बीओबी ने बताया कि यह नई दर 07 जून 2025 से प्रभावी हो गई है। कटौती के बाद बैंक की संशोधित आरएलएलआर अब 8.15 प्रतिशत हो गई है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 06 जून को रेपो दर में 50 आधार अंक की कटौती की। साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीक़े से एक प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, हरे निशान में सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से पहले घंटे के कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव होता रहा। हालांकि लिवाली का जोर अधिक होने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बने रहे। पहले एक घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद सेंसेक्स 0.42 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोटक महिंद्रा, जियो फाइनेंशियल, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स के शेयर 2.94 प्रतिशत से लेकर 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी लाइफ, भारती एयरटेल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 0.83 प्रतिशत से लेकर 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,486 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,977 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 509 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 385.56 अंक की मजबूती के साथ 82,574.55 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,669 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ने पर इसने 82,434.77 अंक के स्तर तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 347.25 अंक की बढ़त के साथ 82,536.24 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 157.05 अंक उछल कर 25,160.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 25,077.15 अंक तक गिर गया। राहत की बात ये रही कि बिकवाली के साथ ही खरीदारी भी होती रही, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बना रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10ः15 बजे निफ्टी 109.65 अंक की तेजी के साथ 25,112.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,188.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,003.05 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया था।



## खुद घुस जाओ अंदर, ...

# अवनीत कौर

## के क्लीवेज पर फोकस करने पर पैपराजी पर भड़का सुयश राय का गुस्सा, कहा–तमीज़ कहां गई

**एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने स्टाइलिश और बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। कोई इवेंट हो या फंक्शन, अक्सर उनका बोल्ड लुक देखने को मिलता है। अब हाल ही में अवनीत एक अवॉर्ड फंक्शन में डीप नेक और थाई-हाई स्लिट बॉडीकॉन ड्रेस पहनकर पहुंची, जिसने हर किसी...**

एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने स्टाइलिश और बोल्ड लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। कोई इवेंट हो या फंक्शन, अक्सर उनका बोल्ड लुक देखने को मिलता है। अब हाल ही में अवनीत एक अवॉर्ड फंक्शन में डीप नेक और थाई–हाई स्लिट बॉडीकॉन ड्रेस पहनकर पहुंची, जिसने हर किसी का ध्यान खींचा। रेड कार्पेट पर उनकी अदाओं और लुक को देखकर जहां फैंस दीवाने हो गए, वहीं एक घटना ने इस मौके को विवाद में भी बदल दिया।



इस इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसमें अवनीत के लुक को कवर करते हुए कैमरा उनके चेस्ट एरिया पर जूम इन करता नजर आया। इस हरकत को देखकर कई यूज़र्स और सेलेब्स ने अपनी नाराजगी जताई। वहीं, टीवी एक्टर सुयश राय इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए बेहद नाराज़ नज़र आए।

## 2800 करोड़ की दौलत के मालिक हैं पति, शिल्पा शेट्टी के पास है सिर्फ इतना पैसा, जानें एक्ट्रेस की नेटवर्थ



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी आज 50 साल की हो चुकीं हैं. शिल्पा का जन्म 8 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में सुनंदा शेट्टी और सुरेंद्र शेट्टी के घर हुआ था. बॉलीवुड में 1993 में अपनी शुरुआत करने वाली शिल्पा, 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेस थीं. उन्होंने अपनी अदाकारी के साथ ही अपनी खूबसूरती और फिटनेस से भी फैंस का दिल जीता है.शिल्पा शेट्टी ने बतौर एक्ट्रेस काफी नाम और शोहरत कमाई हैं. वहीं वो सबसे अमीर एक्ट्रेसिस में से भी एक हैं. हालांकि संपत्ति के मामले में एक्ट्रेस अपने पति राज कुंद्रा के आगे बिल्कुल नहीं टिकती हैं. आइए आज आपको शिल्पा के बर्थडे के खास मौके पर उनकी नेटवर्थ के बारे में बताते हैं. जानते हैं कि आखिर पति के मुकाबले एक्ट्रेस के पास कितना पैसा है.

**'बाजीगर' से किया था डेब्यू**

शिल्पा शेट्टी ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 18 साल की उम्र में फिल्म 'बाजीगर' से की थी. इसमें उनके साथ काजोल, जॉनी लीवर, सिद्धार्थ रे और शाहरुख खान जैसे सितारों ने काम किया था. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई. इसके बाद एक्ट्रेस ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. उन्होंने अपने 32 साल के करियर में 'अपने', 'लाइफ इन ए मेट्रो', 'इंडियन', 'धड़कन', 'जानवर', 'हथकड़ी', 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' सहित कई शानदार फिल्मों में काम किया है.

**2009 में राज कुंद्रा से की थी शादी**

बॉलीवुड में अपने करियर के शुरुआती दिनों के दौरान शिल्पा शेट्टी का नाम सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ खूब जुड़ा था. दोनों ने अपने अफेयर से जमकर सुर्खियां बटोरी थीं. हालांकि जल्द ही दोनों का ब्रेकअप हो गया था. शिल्पा ने अक्षय पर चीट करने के आरोप लगाए थे. अक्षय से अलग होने के कई सालों के बाद शिल्पा ने 2009 में बिजनेसमैन राज कुंद्रा से शादी की थी. दोनों एक लग्जरी लाइफस्टाइल जीने के लिए जाने जाते हैं. मुंबई में कपल का समंदर के पास 'किनारा' नाम का एक आलीशान घर है. इसके अलावा उनकी लंदन में भी संपत्ति है. राज की टोटल नेटवर्थ 2800 करोड़ रुपये है.

**शिल्पा शेट्टी के पास है सिर्फ इतनी दौलत**

पति के मुकाबले दौलत के मामले में शिल्पा शेट्टी काफी पीछे हैं. वो फिल्मों के अलावा ब्रांड एंडोर्समेंट से भी कमाई करती हैं. एक फिल्म के लिए एक से दो करोड़ रुपये लेने वाली शिल्पा ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए 1 करोड़ रुपये तक चार्ज करती हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी टोटल नेटवर्थ 134 करोड़ रुपये है. शिल्पा का एक यूट्यूब चैनल भी है, जहां वो योगा सिखाती हैं और फिटनेस टिप्स देती हैं.

